लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -52, पृष्ठ -14+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, होली : यौवन के उन्माद का त्योहार व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 31.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, हल्के बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 16 | सूर्यास्त 18 : 19 | लखनऊ, रविवार, 17 मार्च 2024

किआरा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'...13

लोकसभा चुनाव घोषित, सात चरणों में मतदान

543 सीटों के लिए 19 अप्रैल से 1 जून तक होगा मतदान, 4 जून को मतगणना

चुनावों की घोषणा के साथ ही देशभर में लागू हुई आदर्श आचार संहिता

चार राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी मतदान की तिथियों की घोषणा

नई दिल्ली, ब्यूरो/एजेंसी

चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के चुनावों, चार राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा 13 राज्यों की 26 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में कराने तथा मतगणना चार जून को कराने का एलान किया है। इसके साथ ही देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की मौजूदगी में शनिवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लोकसभा की सभी 543 सीटों के साथ साथ सिक्किम (32 सीटें), अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें), ओडिशा (147 सीटें) एवं आंध्र प्रदेश (175 सीटें) की विधानसभा चुनावों एवं 13 राज्य विधानसभाओं की 26 रिक्त सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि 543 लोकसभा सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति और 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। कुमार ने भारत के आम चुनाव को दुनिया में लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व करार देते हुए कहा कि आयोग ने दो साल से इसकी तैयारी की और वह हिंसा, रक्तपात, धनबल एवं दुष्प्रचार को रोकने के लिए अब तक की सबसे प्रभावी व्यवस्था के साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों की शुरुआत 20 मार्च को पहली अधिसूचना के साथ होगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीटों पर, तीसरे चरण में सात मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर, चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों की 96 सीटों पर, पांचवें चरण में 20 मई को आठ राज्यों की 49 सीटों पर, छठवें चरण में 25 मई को सात राज्यों की 57 सीटों और सातवें चरण में एक जून को आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान होगा। 22 राज्यों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश की सीटों के लिए सभी सातों चरणों में मतदान कराया जाएगा। चार राज्यों - कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा एवं मणिपुर में दो चरणों में, छत्तीसगढ़ एवं असम में तीन चरणों में, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं झारखंड में चार चरणों में, महाराष्ट्र एवं जम्मू कश्मीर में पांच चरणों में मतदान कराया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी की मतगणना चार जून को होगी। कुमार ने बताया कि इस बार के आम चुनाव के लिए करीब 96.8 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें पुरुष मतदाता 49.7 करोड़, महिला मतदाता 47.1 करोड़ तथा ट्रांसजेंडर मतदाता 48 हजार हैं। 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। उन्होंने कहा कि 19.74 करोड़ मतदाता युवा वर्ग (20 से 29 वर्ष आयु) के हैं जबकि 1.82 करोड़ मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु के हैं और मतदान के लिए पहली बार पंजीकृत किए गए हैं जिनमें 85.9 लाख महिलाएं हैं।

नई दिल्ली में शनिवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू।

- 96.8 करोड़ कुल पंजीकृत मतदाता
- 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं
- 19.74 करोड़ वोटर 20 से 29 आयु व र्ग के
- 1.82 करोड़ वोटर 18 से 19 आयु वर्ग के
- 48 हजार ट्रांसजेंडर मतदाता

ईवीएम से सुरक्षित और निष्पक्ष मतदान संभव

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में मतदान के लिए प्रयोग की जा रही इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पूरी तरह से सुरक्षित और निष्पक्ष है तथा इसके साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। राजीव कुमार ने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में यह बात कही।

85 साल से ज्यादा उम्र के वोटर करेंगे घर बैठे वोटिंग

चुनाव आयोग ने इस बार 85 वर्ष से ऊपर के 82 लाख और 40 प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले 88.4 लाख मतदाताओं से घर से मतदान करने का विकल्प उपलब्ध कराने का फैसला किया है। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी के लिए 2100 पर्यवेक्षक तैनात किये हैं।



10.48 लाख मतदान केंद्र, 55 लाख ईवीएम

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि 2.18 लाख मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं। जबकि पांच से छह लाख ऐसे मतदाता भी वोट दे सकेंगे जो एक अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे। उन्होंने मतदाता पंजीकरण के लिए पहले से आवेदन कर रखा था। मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार 10.48 लाख मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिनमें करीब 55 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) उपलब्ध कराई जाएंगी।

उत्तर प्रदेश में किस चरण में, कहां मतदान

पहला चरण	19 अप्रैल 8 सीट	सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत।
दूसरा चरण	26 अप्रैल 8 सीट	अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा।
तीसरा चरण	7 मई 10 सीट	संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बदायूं, आंवला और बरेली।
चौथा चरण	13 मई 13 सीट	शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच।
पांचवां चरण	20 मई 14 सीट	मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा।
छठा चरण	25 मई 14 सीट	सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही।
सातवां चरण	1 जून 13 सीट	महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज।

उत्तराखंड में 20 मार्च को अधिसूचना, 19 अप्रैल को मतदान

उत्तराखंड की सभी पांच संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में 19 अप्रैल को एक साथ मतदान होगा। 20 मार्च को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 27 मार्च तक नामांकन की अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी और नाम वापसी 30 मार्च तक हो सकेगी। उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा (सु), नैनीताल, उधम सिंह नगर एवं हरिद्वार संसदीय क्षेत्र हैं।

एक नजर

ईडी को मिली 23 मार्च तक कविता की हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शनिवार को 23 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने हिरासत के अनुरोध संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर यह आदेश सुनाया। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अदालत के समक्ष पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी। हालांकि, अदालत ने केवल 23 मार्च तक की हिरासत प्रदान की।

शिवसेना (यूबीटी) नेता की 88.51 लाख की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोविड-19 अवधि के दौरान प्रवासियों के बीच खिचड़ी के वितरण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता सूरज चव्हाण की 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के मुंबई कार्यालय ने मुंबई में चव्हाण के स्वामित्व वाले एक आवासीय फ्लैट और महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में कृषि भूखंड के रूप में 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है।

तेलंगाना में 6.67 करोड़ की बेहिसाब नकदी जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना के करीमनगर शहर में पुलिस ने शनिवार को एक मल्टीप्लेक्स से 6.67 करोड़ रुपये की ''बेहिसाब'' नकदी जब्त कर ली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक विश्वसनीय जानकारी के आधार पर पुलिस की एक टीम ने तलाशी ली और मल्टीप्लेक्स के एक कमरे से 6.67 करोड़ रुपये की ''बेहिसाब'' नकदी बरामद की। इस मल्टीप्लेक्स का स्वामित्व कथित तौर पर करीमनगर लोकसभा सीट से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के उम्मीदवार बी विनोद कुमार के रिश्तेदारों के पास है। अधिकारी ने कहा कि धनराशि जब्त करने की जानकारी आयकर विभाग को दी गई है।

फैक्टरी के बॉयलर में विस्फोट, 40 घायल

रेवाड़ी। हरियाणा में रेवाड़ी जिले के धारूहेड़ा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार को ऑटो पार्ट्स विनिर्माण कंपनी के बॉयलर में विस्फोट होने से लगभग 40 श्रमिक झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि कई घायलों को रेवाड़ी के सिविल अस्पताल ले जाया गया और कुछ को गुरुग्राम, धारूहेड़ा और रेवाड़ी के अलग-अलग अस्पतालों में रेफर किया गया। इसने कहा कि गंभीर रूप से घायल एक श्रमिक को पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस), रोहतक रेफर किया गया है।

पांच आईएएस अफसरों का तबादला, एक का रद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नितिन का केडीए उपाध्यक्ष पर किया गया तबादला निरस्त

अमृत विचार : राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले फिर पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। जबकि आईएएस नितिन का उपाध्यक्ष, कानपुर नगर विकास प्राधिकरण के पद पर किया गया ट्रांसफर निरस्त कर दिया गया है। वे विकास प्राधिकरण पिलखुवा, बुलन्दशहर में बने रहेंगे।

शासन ने एआईजी स्टाम्प आईएएस रवीश गुप्ता को प्रबंध निदेशक पर्यटन निगम बनाया है। जबकि विशेष सचिव ऊर्जा राहुल सिंह को एआईजी स्टाम्प बनाया गया है। आईएएस अतुल सिंह को आरएफसी लखनऊ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वहीं, आईएएस अनिता यादव को आरएफसी आगरा का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। आईएएस विजय कुमार को विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक लखनऊ बनाया गया है।

केजरीवाल अदालत में पेश हुए, मिली जमानत

नई दिल्ली, ब्यूरो

- दिल्ली शराब घोटाले में 1 अप्रैल को अगली सुनवाई

अमृत विचारः दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को स्थानीय अदालत में पेश होना ही पड़ा। हालांकि उन्हें जमानत मिल गई है। अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर पेश न होने के विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। दिल्ली शराब घोटाला मामले में पूछताछ करने के लिए ईडी ने केजरीवाल को भी तलब किया था लेकिन वह 8 बार समन भेजने के बावजूद नहीं गए थे और आरोप लगाया था कि भाजपा के इशारे पर ईडी उन्हें गिरफ्तार करना चाहता है। ईडी ने केजरीवाल के विरुद्ध दो मामले दर्ज करवाए थे। जिनकी सुनवाई के बाद अदालत ने मुख्यमंत्री को तलब किया था लेकिन जमानत मिलने के बाद केजरीवाल को व्यक्तिगत पेशी से राहत मिल गई है।

चुनाव आयोग के अधीन हुई शासन प्रशासन की समग्र गतिविधियां

बदली प्राथमिकताएं

- चुनाव आयोग की निगरानी में अफसर और कर्मचारी
- मंत्रियों के आगे-पीछे नहीं दिखाई देंगे अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : निष्पक्ष और निर्भीक होकर अधिकाधिक मतदान कराना अब शासन समेत जिलों के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्राथमिकता होगी। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही शनिवार शाम से शासन की गतिविधियों पर केंद्र और राज्य चुनाव आयोग की सीधी निगरानी शुरू हो गई है। इसकी हनक भी दिखने लगी। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों और सभी राजनीतिक दलों व समर्थकों के होर्डिंग-बैनर आदि सड़कें-गलियों, चौराहों, संस्थानों आदि से साफ कराने का काम शुरू हो गया।

लोकसभा चुनाव के लिए तिथियों की घोषणा के साथ ही शनिवार शाम से स्वंतत्र, निष्पक्ष मतदान कराना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता हो गई। चुनाव संचालन के लिए मतदान प्रबंधों पर फोकस हो गया है। मंत्रीगण और वीवीआईपी आदि सरकारी सुविधाओं का न प्रयोग कर सकेंगे, न ही मतदाताओं को प्रभावित करने वाले कार्य ही करेंगे। शीर्ष अधिकारी भी अब इनके साथ सभाओं और रोड शो में नहीं दिखेंगे। उनका कार्य सिर्फ चुनाव और सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाएं देने तक सीमित होगा।

फ्लाइंग स्क्वायड सक्रिय, शिकायत के लिए पोर्टल

मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के साथ ही फ्लाइंग स्क्वायड सक्रिय हो गए हैं। वीडियो सर्विलांस और वीडियो अवलोकन टीम जनपदों में क्रियाशील हैं। सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतें फोटो/वीडियो टैग कर की जा सकती हैं। एनजीआरएस पोर्टल एवं टोल फ्री नंबर 1950 पर शिकायत की जा सकती है। टोल फ्री नंबर 1950 से मतदेय स्थल एवं नाम परिवर्धन के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

15.34 करोड़ वोटर लेंगे चुनाव में हिस्सा

प्रदेश में वर्तमान में कुल मतदाताओं की संख्या 15.34 करोड़ है, जिसमें 8.17 करोड़ पुरुष, 7.17 करोड़ महिला, 6,638 तृतीय लिंग और 12,51,827 दिव्यांग मतदाता हैं। प्रदेश में कुल पोलिंग स्टेशन लोकेशन की संख्या 92,587 एवं मतदेय स्थल की संख्या 1,62,041 (1,62,012 मूल व 29 सहायक मतदेय स्थल) है।

सड़कों-भवनों से होर्डिंग बैनर हटाने का आदेश

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अधिकारियों को आदेश जारी किया है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे के भीतर सरकारी सम्पत्तियों, 48 घंटे के भीतर सार्वजनिक स्थलों एवं 72 घंटे के भीतर निजी सम्पत्तियों से दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, झंडे इत्यादि हटाने की कार्यवाही पूरी करें।

उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। इसी के साथ पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सभी जनपदों को निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं।
– **नवदीप रिणवा**, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (उत्तर प्रदेश)

डूंगरपुर मामले में आजम सहित 4 दोषी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- कल सुनाई जाएगी सजा, कोर्ट में पेश हुए आजम खां

अमृत विचार : डूंगरपुर के एक मामले में शनिवार को अदालत ने सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, ठेकेदार बरकत अली और रिटायर्ड सीओ आले हसन को दोषी करार दिया है। इस मामले में सजा 18 मार्च को सुनाई जाएगी।

गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के आरोप में 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती के आरोप में पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। शनिवार को सीतापुर जेल से आजम खां कोर्ट पहुंचे। पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर खां बिजनौर जेल से रामपुर आए। कोर्ट ने आजम खां समेत चार लोगों को दोषी ठहराया। इनके अलावा जिबरान नासिर, फरहान नासिर और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि कोर्ट ने आजम खां सहित चार को दोषी करार दिया है। इस मामले में 18 मार्च को सजा सुनाई जाएगी।

सपा के छह और प्रत्याशी घोषित

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए सपा ने आजमगढ़ सीट पर धर्मेंद्र यादव सहित छह प्रत्याशियों की सूची जारी की है। गठबंधन में मिली 63 सीटों पर सपा क्रमवार प्रत्याशी घोषित कर रही है। प्रदेश कार्यालय द्वारा शनिवार को जारी सूची में गौतमबुद्ध नगर से महेंद्र नागर, मिश्रिख से मनोज राजवंशी, सुल्तानपुर से भीम निषाद, इटावा से जितेन्द्र दोहरे और जालौन में नारायणदास अहिरवार को प्रत्याशी बनाया गया है।

आपत्तियों के निस्तारण के बाद गेट का रिजल्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 23 मार्च को डाउनलोड कर सकेंगे स्कोर बोर्ड

सभी आपत्तियों के निस्तारण के बाद ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट (गेट-2024) का परिणाम शनिवार को जारी कर दिया गया। भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु द्वारा परिणाम का विवरण वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। परीक्षार्थी परिणाम रविवार को देख सकेंगे। बता दें कि परीक्षा 3, 4, 10 और 11 फरवरी-2024 को आयोजित हुई थी। 23 मार्च को स्कोर बोर्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

गेट अर्हता प्राप्त करने के बाद इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, वास्तुकला, विज्ञान और मानविकी में मास्टर कार्यक्रमों और सीधे डॉक्टरेट कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं।

जौनपुर के पीयूष ने पूरे देश में किया टॉप

जौनपुर जिले के पीयूष कुमार यादव ने गेट-2024 प्रवेश परीक्षा में पूरे देश में पहला रैंक हासिल किया है। जौनपुर नगर में सिपाह मोहल्ले के निवासी अधिवक्ता अरुण यादव के पुत्र पीयूष ने 9107 नंबर हासिल करते हुए ऑल इंडिया में पहला स्थान प्राप्त किया है। पीयूष ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौडवाल लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी के नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पौडवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें मोदी की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल होकर खुशी हो रही है। इस मौके पर उन्होंने 'सर्व मंगल मांगल्ये' भी गाया और आदि शक्ति को नमन किया। पौडवाल ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं उन लोगों और उनकी सरकार में शामिल हो रही हूं जिनका सनातन से बहुत गहरा संबंध है।

पहल | जिले से लेकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी, छात्र-छात्रा पहली बार मैदान पर दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

'आश्रम' तैयार करेंगे भविष्य के अर्जुन और लक्ष्मीबाई

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- 75 जिलों में 94 विद्यालयों के लिए पहली बार जारी हुआ वार्षिक खेल कैलेंडर
- समाज कल्याण विभाग ने दी प्रत्येक विद्यालय को 25,000 रुपये धनराशि

अमृत विचार : सिर्फ पढ़ाई ही नहीं आश्रम पद्धति विद्यालयों में अब छात्र-छात्राओं को खेलों में भी निपुण किया जाएगा। इन ''आश्रमों'' में भविष्य के ''अर्जुन'' और ''रानी लक्ष्मीबाई'' की नई पौध तैयार की जाएगी। जो न केवल देश में वरन विदेश में भी भारत का झंडा लहराएंगे। इसके लिए समाज कल्याण विभाग ने तैयारियां कर ली हैं। जल्द ही यहां पर विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण के लिए उपकरण भी आ जाएंगे। पहली बार आश्रम पद्धति विद्यालयों के लिए वार्षिक खेल कैलेंडर जारी किया गया है। सबकुछ कार्ययोजना के अनुसार हुआ तो यहां से देश और प्रांत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी मैदान पर अपना हुनर दिखाएंगे।

प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन समाज कल्याण विभाग कर रहा है। इन विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। पठन-पाठन के साथ अब इन विद्यालयों में वार्षिकोत्सव और विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जुलाई-अगस्त में विद्यालय-जिला स्तर पर, सितंबर-अक्टूबर में मंडल स्तर पर और नवंबर-दिसंबर में राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कराया जाएगा। विभाग की ओर से विद्यालयों को 25-25 हजार रुपये की धनराशि दी गई है। इस धनराशि से खेल उपकरण मंगाए जाएंगे।

इन खेलों से तैयार होगी खिलाड़ियों की नई पौध : खो-खो, कबड्डी, शतरंज, वालीबॉल, फुटबाल, दौड़, तैराकी, लूडो, कैरम, रस्साकशी, दौड़, बैडमिंटन, गोला फेंक और डिस्क थ्रो आदि कई खेल भविष्य के खिलाड़ियों की नींव रखेंगे।

बेहतर प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा मौका

राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। अभी तक सिर्फ पढ़ाई को ही कैरियर मान रहे छात्र-छात्राओं को खेल में भी कामयाबी का शिखर चूमने का अवसर मिलेगा। विभागीय अधिकारियों की योजना है कि 94 विद्यालयों से खेल के क्षेत्र में नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाया जाएगा ताकि विश्व स्तर पर वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। समाज कल्याण निदेशक ने खेलों का बढ़ावा देने वाली सामग्री की सूची विद्यालयों से मांगी है। कुछ विद्यालयों ने सूची भेजी भी है।



आश्रम पद्धति विद्यालय में वार्षिकोत्सव कराया जाएगा। खेलों का भी आयोजन किया जाएगा। वार्षिकोत्सव और खेल प्रतियोगिता का कैलेंडर पहली बार जारी किया गया है। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता कराने के लिए खेल निदेशक से बातकर उसे अंतिम रूप दे दिया गया है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।
-**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

एक नजर

आम जनता पार्टी ने दिया कांग्रेस को समर्थन

अमृत विचार, लखनऊ : आम जनता पार्टी (सोशलिस्ट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जंत्रीलाल चौहान उर्फ महंत बालक दास ने लोस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन घोषित किया। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम मेंसमर्थन देने वालों में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश चौहान, मुकेश चौहान राष्ट्रीय सचिव सुरेश चौहान, सैकड़ों साथी शामिल रहे। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय मौजूद थे।

गोमतीनगर-छपरा होली स्पेशल ट्रेन 21 से

अमृत विचार, लखनऊ : यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 05012 गोमतीनपुर-छपरा होली स्पेशल 21, 23, 25 व 27 मार्च को संचालन किया जाएगा। गोमतीनगर से दोपहर 2 बजे चलकर यह ट्रेन दूसरे दिन छपरा कचहरी मध्यरात्रि 12 :05 बजे पहुंच जायेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 05011 छपरा-गोमतीनगर होली स्पेशल 22, 24, 26 व 28 मार्च को छपरा से तड़के 5 :45 बजे रवाना होगी जो गोमतीनगर रेलवे स्टेशन शाम 4 बजे पहुंचेगी।

मूल्यांकन शुरू होते ही बीमार पड़ने लगे गुरु जी

डीआईओएस कार्यालय में पहुंच रहे मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थना पत्र, सचिव ने दिया कार्रवाई का आदेश

रविशंकर गुप्ता, अमृत विचार

लखनऊ: यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार को शुरू हो गया। राजधानी सहित प्रदेश भर में 259 केन्द्रों पर मूल्यांकन के लिए 1.5 लाख परीक्षक लगाए गए हैं। इसमें बड़ी संख्या में शिक्षक बीमारी का बहाना बनाकर मूल्यांकन कार्य से दूरी बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थनापत्र डीआईओएस कार्यालय पहुंचे हैं, लेकिन ज्यादातर प्रार्थनापत्रों में सीएमओ की रिपोर्ट नहीं है। इससे डीआईओएस अवकाश स्वीकृत करने से इनकार कर दिया। शिक्षक ड्यूटी न करने के लिए इधर-उधर से सिफारिश लगा रहे हैं।

लखनऊ के अलावा कानपुर,

▸▸ सीएमओ की रिपोर्ट के बिना स्वीकृत नहीं होंगे अवकाश

मुरादाबाद, बरेली, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, सीतापुर, कन्नौज, अमेठी, बलरामपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, गोंडा, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, श्रावस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, अंबेडकर नगर, हमीरपुर कई जनपद के डीआईओएस को भी मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थना पत्र मिले हैं। डीआईओएस का कहना है कि जिसमें सीएमओ की रिपोर्ट नहीं लगी है, वह प्रार्थनापत्र निरस्त किए जा रहे हैं। बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार को कड़ी निगरानी के बीच गोपनीय तरीके से शुरू हुआ है। इसमें शिक्षकों के अवकाश रद्द करने के निर्देश हैं। विशेष परिस्थिति में ही अवकाश तभी दिया जायेगा जब सीएमओ की र रिपोर्ट होगी।

31 तक चलेगा मूल्यांकन, 13 दिनों का है समय : उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 31 मार्च तक चलेगा। इस बीच तीन अवकाश भी पड़ रहे हैं। ऐसे में 13 दिनों में 3.1 करोड़ कॉपियों का मूल्यांकन होना है। ऐसे में अगर मूल्यांकन के समय में पर शिक्षक किसी भी तरह से अवकाश पर जाते हैं तो मूल्यांकन प्रभावित हो सकता है। प्रति शिक्षक को एक दिन में कम से कम 100 कांपी जांचनी अनिवार्य है।

पहले दिन 9,54,994 लाख कॉपियां हुई चेक: परिषद के सचिव ने बताया कि यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन पहले दिन 259 केन्द्रों पर हुआ। सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक 9,54,994 कॉपियों चेक हो गई है। सचिव ने कहा कि यदि नियमित मूल्यांकन समय से चलता रहा जो निर्धारित समय में कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

सचिव का आदेश

मूल्यांकन शुरू होने के एक सप्ताह पहले ही माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव का सभी डीआईओएस को आदेश जारी किया गया है कि मेडिकल अवकाश सीएमओ की रिपोर्ट के बिना न दिया जाये। शिक्षकों ने अपने प्रार्थनापत्र में सीएमओ की रिपोर्ट नहीं लगाई है। ऐसे में डीआईओएस ने अवकाश देने से इनकार किया है। इसके बाद भी डीआईओएस को हाई लेवल की सिफारिशें भी पहुंच रही हैं।

मूल्यांकन कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। हर जनपद में शिक्षक बीमारी बताकर अवकाश के लिए आवेदन कर रहे हैं ये ठीक नहीं है। निर्धारित समय में मूल्यांकन पूरा करना होगा। आगे समय नहीं बढ़ाया जायेगा। 3.1 करोड़ कॉपियां हैं ऐसे में शिक्षक निर्धारित मानक के अनुसार मूल्यांकन कार्य करें। डीआईओएस को आदेश दिया गया है कि मेडिकल अवकाश वह तभी दे सकते हैं जब सीएमओ की रिपोर्ट होगी।

– दिब्यकांत शुक्ला, सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद

आयुष विभाग में महानिदेशक पद पर आईएएस की होगी तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ आयुर्वेद, होम्योपैथिक व यूनानी निदेशालय समेत अन्य बोर्ड होंगे आधीन

अमृत विचार: आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व यूनानी चिकित्सा पद्धति व संबन्धित बोर्डो के कुशल संचालन के लिए आयुष विभाग में महानिदेशक का पद सृजित कर दिया गया है। इस पर आईएएस अधिकारी की तैनाती होगी। इस बाबत राज्य सरकार की ओर से शुक्रवार को कार्य क्षेत्र संबन्धित शक्तियों के साथ पत्र भी जारी कर दिया गया है। हालांकि इस पद पर राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट से हरी झंडी मिलने के बाद आईएएस नागेन्द्र प्रताप की तैनाती पहले ही की जा चुकी है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग की तरह आयुष विभाग में भी नवसृजित महानिदेशालय की बागडोर एक आईएएस अधिकारी के हाथ होगी। महानिदेशक के हाथ में तीनों की विभागों का वित्तीय अधिकारों के साथ ही समस्त प्रबन्धन की जिम्मेदारी दी गई है।

इन तीन विभागों के साथ ही उप्र आयुर्वेदिक, यूनानी एवं तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड और उप्र होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड का भी प्रबन्धन महानिदेशक के पास ही होगा। महानिदेशक को इन विभागों व बोर्डो में सेवारत अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यकारी, प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रण व संचालित होने वाली समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन का अधिकार होगा। महानिदेशक आयुष द्वारा शासन में तीनों ही विभागों की स्थिति प्रस्तुत करेंगे।

चुनाव के लिए तैनात होंगे केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों की तैनाती की जाएगी। आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी शनिवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की 80 सीटों पर सात चरणों में चुनाव की घोषणा के बाद प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस सिलसिले में सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्वाचन अधिकारियों को आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में प्रथम चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पहले चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। दूसरे चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 28 मार्च को जारी

प्रेस वार्ता में जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। अमृत विचार

▸▸ शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रदेश में किए गए पुख्ता इंतजाम

▸▸ आदर्श आचार संहिता का होगा सख्ती से पालन : नवदीप रिणवा

होगी। इस चरण में आठ लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। तृतीय चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 12 अप्रैल, चतुर्थ चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 18 अप्रैल, पांचवें चरण की अधिसूचना 26 अप्रैल, छठे चरण के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल व व सातवें चरण के लिए अधिसूचना सात मई को जारी होगी।

पहले चरण में राज्य की आठ संसदीय सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अनुसूचित जाति (एससी) के लिए सुरक्षित), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं दूसरे चरण के तहत आठ संसदीय क्षेत्रों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर (एससी), अलीगढ़ और मथुरा में 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक, तीसरे चरण में संभल, हाथरस (एससी), आगरा (एससी), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली पर सात मई को मतदान होगा। राज्य में चौथे चरण के तहत 13 मई को 13 लोकसभा सीटों शाहजहांपुर (एससी), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (एससी), मिश्रिख (एससी), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (एससी), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच (एससी) पर मतदान होगा। राजधानी लखनऊ में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। पांचवें चरण के तहत लखनऊ के अलावा जिन 13 अन्य लोकसभा सीटों पर मतदान होगा, उनमें मोहनलालगंज (एससी), रायबरेली, अमेठी, जालौन (एससी), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी (एससी), बाराबंकी (एससी), फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही जैसी 14 लोकसभा सीटों पर जनता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेगी। छठे चरण के तहत मतदान 25 मई को होगा।

सातवें और अंतिम चरण का मतदान एक जून को महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (सुरक्षित), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज (सुरक्षित) में होगा। वोटों की गिनती चार जून को होगी।

सुविधा एप से जनसभा की ले सकेंगे अनुमति: मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी व राजनीतिक दलों सुविधा एप के जरिए जनसभा के लिए अनुमति ले सकेंगे। वे इस ऐप के जरिए ऑनलाइन नामांकन भी कर सकेंगे।

योगी की अपील, महायज्ञ में मतदान रूपी आहुति दे सफल बनाएं

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 चरण में होने वाले इन चुनावों को सफल बनाने के लिए देश भर के मतदाताओं से अधिकाधिक मतदान की अपील की है। चुनाव आयोग द्वारा चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर देश भर के मतदाताओं से न सिर्फ लोकसभा चुनाव के महायज्ञ में ''मतदान'' रूपी आहुति देकर इसे सफल बनाने का आह्वाहन किया, बल्कि "फिर एक बार मोदी सरकार" का नारा देते हुए पीएम मोदी के एनडीए को 400 के पार पहुंचाने के संकल्प को सिद्ध करने में जनमानस के आशीर्वाद के प्रति भी विश्वास जताया।

चुनाव ड्यूटी से मुक्त रहेंगे स्वास्थ्य कर्मी

अमृत विचार, लखनऊ : अगले माह होने वाले लोकसभा चुनावों में स्वास्थ्य कर्मी चुनावी ड्यूटी नहीं करेंगे। स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी न लगा दी जाये, इस बाबत स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र को पत्र प्रेषित किया जा चुका है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ .ब्रजेश राठौर ने शनिवार को बताया कि चुनावों में मतदान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को पोलिंग बूथ की ड्यूटी से मुक्त रखा जायेगा, इसके लिए साल 2008 में भारत निर्वाचन आयोग का आदेश पारित हो चुका है। उक्त आदेश के अनुपालन में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है।

विधानसभा की चार सीटों पर भी होगा उपचुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही विधानसभा की चारों रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव भी घोषित हो गया है। इन चारों सीटों के लिए मतदान लोकसभा चुनाव के साथ ही होंगे।

लखनऊ पूर्व में 20 मई को मतदान होगा, जबकि ददरौल में 13 मई, गैसड़ी में 25 मई व दुद्धी में एक जून को मतदान होगा। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन की मृत्यु हो जाने के कारण से रिक्त है। यहां का उप चुनाव पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव के साथ होगा। शाहजहांपुर जनपद की ददरौल विधानसभा सीट भाजपा विधायक मानवेन्द्र सिंह की मृत्यु को हो जाने के कारण से रिक्त है। यहां पर चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के साथ यानी 13 मई को वोट डाले जाएंगे। बलरामपुर जिले की गैसड़ी विधानसभा सीट सपा के डा. शिव प्रताप यादव की मृत्यु के कारण रिक्त है। यहां का उपचुनाव छठे चरण के लोकसभा चुनाव के साथ 25 मई को होगा।

भाजपा विधायक के अयोग्य घोषित होने से दुद्धी में चुनाव

सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट भाजपा विधायक राम दुलार को न्यायालय से 25 वर्ष की सजा सुनाए जाने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। यह सीट 15 दिसंबर से रिक्त है। यहां का उपचुनाव सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के साथ एक जून को होगा।

प्रशांत मिश्रा ने संभाला यूपीएमआरसी के निदेशक (परिचालन) का कार्यभार

अमृत विचार, लखनऊ : प्रशांत मिश्रा ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में निदेशक (परिचालन) के रूप में अपना कार्यभार संभाला। प्रशांत मिश्रा यूपीएमआरसी से पहले नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) में मुख्य कार्यकारी निदेशक के रूप में सात वर्ष से भी अधिक कार्यरत रहे। प्रशांत मिश्रा ने भारत के लिए पहले एचएसआर मानकों को विकसित करने, परियोजना की स्थापना, ऑपरेशन एवं मैनेजमंट नीतियों की स्थापना के साथ प्रथम एचएसआर विद्युतीकरण अनुबंध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय रेल सेवा के 1992 बैच के इलेक्ट्रिकल इंजीनियर प्रशांत मिश्रा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में काम करने का 30 वर्षों से भी अधिक का अनुभव है।

आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन हो : मायावती

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि चुनावी खर्च कम करने और चुनावी माहौल को तनावपूर्ण होने से बचाने के लिए लोकसभा चुनाव तीन या चार चरणों में होने चाहिये थे। करीब ढाई महीने तक चुनाव होने की वजह से गरीबों, उपेक्षितों व कमजोर तबकों की बसपा को, धनवान पार्टियों से मुकाबला करना मुश्किल हो जाएगा। निश्पक्ष चुनावों के लिए बसपा ने निर्वाचन आयोग से आदर्श आचार संहिता का पूरी सख्ती से अनुपालन कराने का अनुरोध किया।

मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स ' पर कहा, हमारी पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा का स्वागत करती है लेकिन देश में लोकतंत्र की जमीनी मजबूती के लिए चुनाव का स्वतंत्र व निष्पंक्ष होना बहुत जरूरी है, जिसकी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने के लिए निर्वाचन आयोग (ईसी) से बहुत सारी उम्मीदें हैं।

चुनाव डयूटी में संविदा चालकों को रोज मिलेगा 400 रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही रोडवेज ने अपनी साधारण बसों का किराया तय कर दिया है। चार्टर बुकिंग यानी पूरी बस बुक कराने पर जीएसटी सहित 27 हजार 808 रुपये देने होंगे। इस किराये में ये बसें प्रतिदिन 400 किलोमीटर तक चल सकेंगी। इससे ज्यादा किलोमीटर चलने पर करीब 70 रुपये प्रति किलोमीटर अलग से देना होगा।

लोकसभा चुनाव के दौरान अर्द्ध सैनिक बल, राज्य पुलिस बल और होमगार्ड्स को चरणवार क्षेत्रों में पहुंचाया जाएगा। इन बसों को आमजन भी अपने जरूरत के मुताबिक बुक करा सकते हैं। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान 3000 से ज्यादा बसों की जरूरत निर्वाचन आयोग बताई है।

▸▸ रोडवेज की 3,000 बसें चुनाव डयूटी के लिए तैयार

▸▸ नियमित ड्राइवर को दिया जाएगा 225 रुपये

प्रदेश भर के सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को पत्र भेजकर तत्काल अमल को कहा गया है। दस फीसदी बसें सुरक्षा बलों के लिए रिजर्व रखी जाएंगी जिससे जरूरत पड़ने पर उन्हें तत्काल भेजा जा सकेगा। बसों तैनात नियमित ड्राइवरों को प्रतिदिन 225 रुपये और संविदा चालक को 400 रुपये मिलेंगे।

–मासूम अली सरवर, प्रबंध निदेशक,परिवहन निगम

ऐसे में चुनाव में जाने वाली बसें 13 बिंदुओं पर फिट होने के बाद ही रवाना की जाएंगी। इसकी निगरानी के लिए मुख्यालय पर चुनाव सेल बनाई गई है। संविदा चालकों को प्रतिदिन 400 रुपया और नियमित ड्राइवरों को 225 रुपया मिलेगा।

कमजोर न समझें अपने को व्यापारी, साझा करें समस्या

अमृत विचार, लखनऊ: पिछले कुछ दिनों में व्यापरियों द्वारा आत्महत्या की कई घटनाओं पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने चिंता जताई है। संगठन प्रमुख संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों को विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत से काम लेने और परिवार, संगठन और मित्रों के साथ अपनी समस्या साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यापारी अपने को कमजोर न समझे संगठन साथ है।

उन्होंने कहा कि जो व्यापारी इस प्रकार की विपरीत परिस्थितियों से गुजर रहे हों वह कृपया हेल्प लाइन नंबर- 8400124444 पर संपर्क करके, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय यादव काम्प्लेक्स, निकट लेखराज मेट्रो स्टेशन ,अयोध्या रोड ,लखनऊ पर सम्पर्क कर सकते हैं। संगठन कोई ना कोई समाधान अवश्य निकालेगा।

स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में कराया जाएगा मतदान: डीजीपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: डीजीपी प्रशांत कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन कराएंगे। ईवीएम की सुरक्षा को लेकर खास रणनीति तैयार की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। वहीं चुनाव में गड़बड़ी को रोकने के लिये अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इसके लिये प्रदेशभर के पुलिस महकमे के अफसर कर्मियों को निर्देश दिये हैं।

डीजीपी ने बताया कि मतदान से पूर्व से लेकर मतगणना होने तक ईवीएम सुरक्षा को लेकर स्ट्रेटजिक पुलिस प्रबन्धन, पीएसी व सीएपीएफ बलों की निगरानी रहेगी। आदर्श आचार संहिता से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं पर सभी जिला व कमिश्नरेट को आयोग की गाइड लाइन व निर्देशानुसार कार्य करने का निर्देश दिया है। चुनाव के अनुकूल माहौल बनाने के लिये अवैध शराब, अवैध असलह रखने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी। स्क्रीनिंग कमेटी के माध्यम से लाइसेन्सी शस्त्रों को जमा कराया जायेगा।

▸▸ ईवीएम की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने तैयार की खास रणनीति

▸▸ डीजीपी ने चुनावी तैयारियों को लेकर पुलिस को किया अलर्ट

संवेदनशील केंद्रों पर नजर

अति संवेदनशील और संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में सीआरपीएफ के साथ एरिया डॉमिनेशन की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही उपद्रवियों के विरुद्ध भी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही सभी स्तर पर सुरक्षा तंत्र को सक्रिय गया है।

रोड शो, प्रचार आदि के लिये अनुमति अनिवार्य होगी

डीजीपी ने कहा कि मतदाताओं को प्रलोभन आदि देने वालों पर कार्रवाई के लिये सूचना तंत्र सक्रिय किया गया है। आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के जिला स्तर पर पुलिस समेत अन्य विभागों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। निर्वाचन सम्बन्धी समस्त कार्यक्रमों, गोष्ठियों के आयोजन के लिये स्थानीय प्रशासनिक अनुमति अनिवार्य रहेगी। रोड शो, प्रचार अवधि, वाहनों, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग में चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ीं

विधि संवाददाता,लखनऊ

▸▸ देवताओं पर टिप्पणी के मामले में मुकदमा दर्ज करने के आदेश

अमृत विचार: लक्ष्मी जी और अन्य हिन्दू देवी- देवताओं पर कथित अभद्र टिप्पणी करने के मामले में सपा के पूर्व महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश वजीरगंज थाने को दिया है।

स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग वाली यह अर्जी अधिवक्ता रागिनी रस्तोगी ने अदालत में दाखिल किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 15 नवंबर 2023 को अखबार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान छपा था जिसका शीर्षक था कि 'चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है'। कहा गया कि इसके अलावा स्वामी प्रसाद मौर्य ने पूर्व में ट्विटर पर चार फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि पूरे विश्व के प्रत्येक धर्म, जाति ,नस्ल ,रंग व देश में पैदा होने वाले प्राणी के दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख व दो छिद्र वाली नाक के साथ एक सिर, पेट व पीठ होती है, चार हाथ,आठ हाथ, दस हाथ, बीस हाथ व हजार हाथ वाला बच्चा आज तक पैदा नहीं हुआ तो चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है।

आरोप लगाया गया है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान से भारत में हिंदू धर्म को मानने वाले करोडों जनता की भावनाएं इस बयान को पढ़कर आहत हुई हैं। आरोप है कि स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा पूर्व में कई बार हिंदू धर्म का अपमान करने वाला वक्तव्य देकर हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों की भावनाओं को आहत किया जाता रहा है। आरोप यह भी है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा पूर्व में भी कई बार हिंदुत्व एवं सनातन को मानने वालों की भावनाएं भड़काने का प्रयास किया जाता रहा है।

लोक सेवा आयोग की चार और भर्ती परीक्षाएं स्थगित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पहले स्थगित हुई पीसीएस परीक्षा, रद करनी पड़ी थी आरओ-एआरओ व पुलिस भर्ती परीक्षा

▸▸ अब स्टॉफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक की प्री परीक्षा और स्टॉफ नर्स एलोपैथी की मुख्य परीक्षा स्थगित

▸▸ सहायक नगर नियोजक परीक्षा और अपर निजी सचिव शार्ट हैंड टाइपिंग की परीक्षा भी स्थगित

अमृत विचार: राज्य में सरकारी नौकरी की राह देख रहे युवाओं को पेपर लीक गैंग लगातार झटका दे रहा है। पुलिस भर्ती और आरओ/ एआरओ परीक्षा रद होने के बाद उप्र लोकसेवा आयोग ने चार और भर्ती परीक्षाएं स्थगित करने का आदेश जारी किया है।

उप्र. लोकसेवा आयोग की तरफ से भर्ती परीक्षाओं को स्थगित करने का सिलसिला लगातार जारी है। सबसे पहले यूपीपीएससी ने 17 मार्च को आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 स्थगित कर दी थी। आयोग ने परीक्षा स्थगित करने के पीछे अपरिहार्य कारण बताया था, साथ ही यह परीक्षा संभावित रूप से जुलाई में आयोजित किए जाने की सूचना दी थी। अब आयोग की तरफ से 22 मार्च से लेकर 24 अप्रैल के बीच होने वाली चार परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। आयोग के उपसचिव वीरेंद्र मणि त्रिपाठी ने स्थगित परीक्षाओं के लिए जल्द ही नई तारीखों के एलान करने की बात कही है। उपसचिव की तरफ से जारी इस सूचना के बाद परीक्षा की तैयारी में शामिल होने वाली अभ्यर्थियों में मायूसी छा गई है।

उप सचिव की तरफ से जारी सूचना के मुताबिक 22 मार्च को होने वाली स्टाफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक प्रारंभिक परीक्षा स्थगित की गई है। साथ ही, 7 अप्रैल को होने वाली सहायक नगर नियोजक 2023 की परीक्षा भी स्थगित की गई है। 9 अप्रैल को होने वाली अपर निजी सचिव भर्ती 2023 की शार्ट हैंड टाइपिंग परीक्षा को भी स्थगित हुई है। इसके अलावा 24 अप्रैल को होने वाली स्टाफ नर्स एलोपैथी 2023 की मुख्य परीक्षा अगली सूचना तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे पहले 11 फरवरी को हुई आरओ/ एआरओ भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की वजह से निरस्त कर दिया गया था।

शिकार हो रहीं कई परीक्षाएं

आयोग की ओर से चारों परीक्षाएं स्थगित करने का कोई भी कारण नहीं गिनाया गया है, लेकिन अंदरखाने इसके पीछे लोकसभा चुनाव की बात भी संदेह पैदा करती है। अगर ऐसा था तो अधिसूचना जारी होने का इंतजार करना चाहिए था। ताकि मतदान की तिथि और परीक्षा की तिथियां एक ही दिन न पड़े। लेकिन ऐसा नहीं किया गया और संयोग से कोई भी तिथि मतदान के दिन से मेल भी नहीं खा रही है। सूत्रों का कहना है कि एसटीएफ की पूछताछ में पेपर लीक करने वाले गैंग से इन परीक्षाओं की सुचिता भी सवालों के घेरे में आ गई थी। शासन से चर्चा के बाद स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

रालोद की प्रदेश कार्यकारिणी में 22 सदस्य बढ़े

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में कुशल प्रबन्धन के लिए राष्ट्रीय लोकदल(रालोद) ने प्रांतीय टीम का विस्तार कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने दो प्रदेश उपाध्यक्ष समेत विभिन्न जिलों से कुल 22 पदाधिकारियों के नाम घोषित कर दिये हैं। प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने बताया कि प्रदेश पदाधिकारियों में अयोध्या के विश्वेश नाथ मिश्र व आगरा के नरेन्द्र सिंह बघेल को उपाध्यक्ष नामित किया गया है। महासचिव में मेरठ के पूर्व विधायक गोपाल काली, बिजनौर के ब्रजवीर सिंह, शामली के ऋषि राज रांझड़, गाजीपुर के राम शंकर यादव, मऊ के देव प्रकाश राय, मुजफ्फरनगर के जियाउर रहमान व फर्रुखाबाद के राजीव रंजन को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा 13 सचिव में लखनऊ के मंयक त्रिवेदी व अफसर अली के साथ ही सलीम खान, आशोक यादव, महावीर सिंह जाटव, अशोक बालियान, अरूण वीर सिंह परिहार, जटाशंकर सिंह, श्याम किशोर सिंह, फिरोज खान, रामदास दीक्षित, मानव चौधरी व संजय पाठक को नामित किया गया है।

मंडलायुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में शनिवार को विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें टेक होम राशन(टीएचआर) वितरण की स्थिति, हॉट-कुक्ड मील योजना की स्थिति, अति गंभीर कुपोषित (सैम),मध्यम गंभीर कुपोषित (मैम) बच्चों के पोषण प्रबंधन की स्थिति, आंगनबाड़ी भवन निर्माण व कायाकल्प की स्थिति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पीएलआई भुगतान की स्थिति, जनपदों में किए गए नवाचार की समीक्षा की गई।

सैम व मैम बच्चों के पोषण प्रबंधन की स्थिति पर विश्लेषण के दौरान मंडलायुक्त द्वारा अपर निदेशक स्वास्थ्य को निर्देश दिया गया कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा चिन्हित किए गए सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजने के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम को निर्देशित करें। बैठक में मंडल के अपर निदेशक स्वास्थ्य, अपर निदेशक बेसिक शिक्षा, पंचायतीराज विभाग के उपनिदेशक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपमुख्य परिवीक्षा अधिकारी के साथ ही यूनिसेफ की मंडल समन्वयक अनीता मौजूद रहीं।

समीक्षा बैठक के दौरान मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

▸▸ सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजा जाए

6वां रोजा

शिया
सहरी : 4.42 बजे
इफ्तार : 6.28 बजे

सुन्नी
सहरी : 4.49 बजे
इफ्तार : 6.17 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

शहर में आज

- 1090 चौराहे से एलएसजी रन का आयोजन - 7:00 बजे।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में काव्य पाठ व सम्मान समारोह - 1:30 बजे।
- होटल रायल कैफ़े (कलर्स) में होली उत्सव - 3:00 बजे।
- लखनऊ रेस कोर्स में घुड़दौड़ प्रतियोगिता - 4:00 बजे।
- कुड़िया घाट पर लोक चौपाल का आयोजन - 4:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी में नाटक फंदी का मंचन - 6:50 बजे

एक नजर

राजधानी में कड़ी निगरानी में शुरू हुआ मूल्यांकन

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार को 5 केन्द्रों पर शनिवार को शुरू हो गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार की मौजूदगी में केन्द्रों पर कॉपियों के बंडल खोल गये। क्रमवार कॉपियां परीक्षकों को आवंटित की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक ने राजकीय जुबिली कॉलेज, राजकीय हुसैनाबाद, राजकीय निशातगंज, राजकीय बालिका विद्यायल गोमती नगर और राजकीय बालिका विकास नगर इंटर कॉलेज में बने केंद्रों का निरीक्षण किया। डीआईओएस ने बताया कि पहले दिन दसवीं और बारहवीं की मिलाकर करीब 32 हजार कॉपियों का मूल्यांकन हो गया है।

काकोरी में दो व्यावसायिक निर्माण सील

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को काकोरी में दो व्यावसायिक निर्माण सील कर दिए। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन तीन देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुमबारी व अन्य द्वारा काकोरी के ग्राम सकरा में घुरघुरी तालाब से कठिंगरा मार्ग पर लगभग 2,000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बेसमेंट में 6 दुकानें व अपर ग्राउंड फ्लोर पर 6 दुकानों का निर्माण कराया गया था। विष्णु कुमार व अन्य द्वारा ग्राम सकरा में लगभग 4,000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भूतल पर 9 दुकानें व प्रथम तल पर 9 दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। दोनों अवैध निर्माणों के विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से दोनों स्थलों के व्यावसायिक निर्माण सील कर दिए।

कई इलाकों में रही बिजली की आवाजाही

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसगोमती के के चौधरी टोला, मेहंदी टोला, ततारपुर में सुबह से ही बिजली की आवाजाही लगी रही। लोग दिनभर उपकेंद्र पर फोन मिलाते रहें, लेकिन किसी ने भी फोन उठाने की जहमत नही दिखाई। मेहंदी टोला निवासी आसिफ ने बताया कि बिजली की सप्लाई नियमित न होने से पानी की समस्या रही। ततापुर के सीमा कुशवाहा ने बताया कि बिजली की आवाजाही से दिनचर्या प्रभावित है। शिकायत करो लेकिन कोई सुनता ही नही है। अलीगंज के अवर अभियंता ने बताया कि जिन इलाकों में अनुरक्षण कार्य हो रहा है। उन इलाकों में कार्य के बाद सप्लाई को सामान्य कर दिया जा रहा है।

एक आईडी पर जमा कर सकेंगे गृहकर, जलकर व सीवर टैक्स

जलकल विभाग को नगर निगम में मर्ज करने की तैयारी, नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में हुआ निर्णय

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : जलकल विभाग को नगर निगम में मर्ज करने की तैयारी है। इस पर अमल भी शुरू हो गया है। 1 अप्रैल से एक ही आईडी पर अब गृहकर और जलकर व सीवर टैक्स जमा किया जाएगा। नगर निगम और जलकल विभाग की बैलेंस सीट भी मर्ज हो जाएगी। इससे बाद नगर निगम जलकल विभाग के काम करेगा।

महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में शनिवार को नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार श्रीवास्तव सभागार में कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें शहर की पेयजल और सीवर की समस्या पर चर्चा के दौरान कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। 1 अप्रैल से जलकल विभाग के एक लाख से ऊपर के काम ई-टेंडरिंग से किये जाएंगे। पेयजल समस्या को देखते हुए जलकल विभाग तत्काल कठौता झील की मरम्मत कराएगा और 17 स्टील के टैंकर खरीदेगा। महापौर ने जर्जर टंकियों की मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए। कार्यकारिणी की बैठक में जलकल को नगर निगम में मर्ज करने का प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, समस्त अपर नगर आयुक्त, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य और नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

सीवर लाइन का सत्यापन करेगी कमेटी : जल निगम द्वारा शहर में डाली जा रही सीवर लाइन का सत्यापन करने के लिए महापौर ने कमेटी गठित की है। जोन के अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता सिविल, अधिशासी अभियंता जल निगम और अधिशासी अभियंता जलकल कमेटी में शामिल होंगे। कमेटी एक सप्ताह में भौतिक सत्यापन करके अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। महापौर ने जल निगम से अमृत योजना एक और दो के सभी प्रोजेक्ट की जानकारी मांगी है। इसके अलावा पहले और अभी डाली गयी सीवर और पाइप लाइन के नक्शे की एक कॉपी उपलब्ध कराने को कहा है।

नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार श्रीवास्तव सभागार में कार्यकारिणी की बैठक में मौजूद महापौर सुषमा खर्कवाल व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह। अमृत विचार

महापौर की नाराजगी जलकल महाप्रबंधक पर पड़ी भारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कार्यकारिणी बैठक से बाहर निकाला, किया कार्यमुक्त
- बैठक से ही प्रमुख सचिव को लगाया फोन, कहा- यह नहीं रहना चाहिए

अमृत विचार : महापौर की नाराजगी आखिरकार जलकल महाप्रबंधक पर भारी पड़ गयी। शनिवार को नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में महापौर ने एक बार फिर जलकल महाप्रबंधक को बैठक से बाहर निकाल दिया। कार्यकारिणी ने उन्हें कार्यमुक्त करने का निर्णय भी पास कर दिया।

आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए शहर की जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए शनिवार को नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार सभागार में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गयी। बैठक में हर बार की तरह जलकल महाप्रबंधक मनोज कुमार आर्या महापौर के निशाने पर रहे। महापौर ने पेयजल और सीवर संबंधी मांगे गये आंकड़े न लाने पर जलकल महाप्रबंधक को बैठक से बाहर निकाल दिया। बात यहीं तक सीमित नहीं रही। महापौर ने बैठक से ही प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात को फोन लगा दिया। स्पीकर पर उन्होंने सबके सामने कह दिया कि यह यहां रहना नहीं चाहिए। इसके बाद प्रमुख सचिव ने गुरुवार को बरेली ट्रांसफर किए गए जलकल महाप्रबंधक को तत्काल कार्यमुक्त कर दिया। जलकल महाप्रबंधक मनोज कुमार आर्या से महापौर सुषमा खर्कवाल की नाराजगी नई बात नहीं है। ज्वाइन करते ही पहली बैठक में जलकल महाप्रबंधक की महापौर से ठन गयी थी। महापौर ने इससे पहले भी जलकल महाप्रबंधक को बैठक से बाहर निकाल दिया था। उन पर पार्षदों की शिकायत पर कार्रवाई न करने के साथ अधिकारियों का फोन न उठाने का आरोप लगता रहा।

मस्कट और दम्मम के लिए उड़ान शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर की गई शुरुआत

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मस्कट और दम्मम के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस ने उड़ानों का संचालन शुरू किया है। मस्कट के लिए 77 और दम्मम के लिए 171 यात्री रवाना हुआ।

हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान ओमान और सऊदी अरब जाने वाले यात्रियों को निर्बाध कनेक्टिविटी देगी। मस्कट की 7:30 बजे की पहली उड़ान में 77 यात्री रवाना हुए और 15:30 बजे लखनऊ आने वाली उड़ान में 123 यात्री आए। दम्मम की पहली उड़ान 171 यात्रियों के साथ 19:50 बजे रवाना हुई और शनिवार को लगभग 103 यात्रियों के साथ 6:30 बजे लखनऊ आई। मस्कट और दम्मम लखनऊ से एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए ये नए रूट हैं। इन दो उड़ानों के जुड़ने से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की आवाजाही की संख्या 26 से बढ़कर 30 हो गई है।

लखनऊ हवाई अड्डे से मस्कट के लिए दैनिक उड़ान 7:30 बजे प्रस्थान करेगी और दम्मम के लिए उड़ान सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को 19:50 बजे प्रस्थान करेगी। लखनऊ हवाई अड्डे से औसतन लगभग 18,000 यात्री यात्रा करते हैं। हवाई अड्डा से प्रतिदिन लगभग 130 विमान आते-जाते हैं। 2024 के पहले दो महीनों में लखनऊ हवाई अड्डे से लगभग 11 लाख यात्रियों का आवागमन हुआ

लखनऊ हवाई अड्डा 28 डोमेस्टिक और 8 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन से जुड़ा

डोमेस्टिक : आगरा, अहमदाबाद, अमृतसर, बैंगलोर, मुंबई, कोलकाता, देहरादून, दिल्ली, गोरखपुर, गुवाहाटी, गोवा, हैदराबाद, इंदौर, चंडीगढ़, इलाहाबाद, रांची, जयपुर, चेन्नई, नागपुर, पटना, पुणे, रायपुर, वाराणसी, किशनगढ़, श्रवास्ती, चित्रकूट, आजमगढ़ और अलीगढ़।

इंटरनेशनल : अबू धाबी, दुबई, शारजाह, दम्मम, रियाद, जेद्दा, मस्कट, बैंकॉक।

अकबरनगर में संयुक्त टीम ने घर-घर किया सर्वे

अमृत विचार : अकबरनगर के पात्र विस्थापितों को आवास देने के लिए एलडीए, नगर निगम, राजस्व विभाग और डूडा की संयुक्त टीम ने शनिवार को सर्वे शुरू कर दिया। भारी पुलिस बल मौजूदगी में एलडीए के अभियंताओं और कर्मचारियों ने घर-घर जाकर विस्थापितों की पहचान की। सर्वे के दौरान विस्थापितों से नाम, पता, आधार कार्ड नंबर, फोन नंबर, मकान नंबर आदि जानकारी ली गई।

उच्च न्यायालय के आदेश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण अकबरनगर के अत्यंत गरीब विस्थापितों को लीज पर मुफ्त में मकान देने जा रहा है। इसके अलावा गरीब विस्थापितों को 15 वर्ष की आसान किश्तों में प्रधानमंत्री आवास दिये जाएंगे। उच्च न्यायालय ने अकबरनगर के निवासियों को 31 मार्च तक मकान खाली करने का आदेश दिया है। विस्थापितों को एलडीए द्वारा आवास दिये जाने के निर्देश भी दिए हैं। एलडीए अकबरनगर में कुकरैल नदी व बंधे पर अवैध तरीके से बने लगभग 1,200 मकान, दुकान, शोरूम ध्वस्त करेगा। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अकबरनगर के विस्थापितों को आवास देने के लिए क्षेत्र में विशेष पंजीकरण शिविर स्थापित किये गये हैं। शनिवार को बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने योजना व पंजीकरण के सम्बंध में जानकारी की। अकबरनगर प्रथम के 16 एवं अकबरनगर द्वितीय के 20 विस्थापितों ने वांछित दस्तावेजों के साथ 1,000 रुपये शुल्क जमा करके आवास के लिए पंजीकरण कराया।

10 लाख की आबादी आज झेलेगी बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मरम्मत कार्य के चलते बाधित रहेगी आपूर्ति

अमृत विचार : राजधानी में तकरीबन 10 लाख आबादी रविवार को भीषण बिजली संकट झेलेगी। यूपी पावर ट्रांसमिशन 220 जीआईएस कानपुर रोड और चिनहट ट्रांसमिशन में मरम्मत का काम किया जाना है। इससे नादरगंज, उतरेठिया, मानसरोवर, शिवपुरी सहित दो दर्जन से अधिक उपकेंद्रों की विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।

220 केवी जीआईएस कानपुर रोड ट्रांसमिशन उपकेंद्र सुबह नौ से शाम छह बजे तक बंद रहेगा। इसके चलते नादरगंज ओल्ड, नादरगंज न्यू, उतरेठिया, शक्ति चौराहा, बनी, आशियाना, सम्पूर्णानंद जेल, मानसरोवर, अम्बेडकर विश्वविद्यालय, इंद्रलोक व एयरपोर्ट की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। 220 केवी चिनहट ट्रांसमिशन उपकेंद्र सुबह छह से नौ बजे तक बंद रहेगा। ऐसे में शिवपुरी, यूपीएसआईडीसी, शॉलीमार कॉर्प, बीबीडी और जेपी नगर फीडर बंद रहेगा। फैजुल्लागंज उपकेंद्र के गाजीपुर, ब्रह्मदेव, गायत्रीनगर, जुड़वा मंदिर के आसपास बिजली गुल रहेगी।

इंजीनियरिंग कॉलेज उपकेंद्र के सिंकदरपुर, जानकीपुरम सेक्टर-आई उपकेंद्र के मड़ियांव और 60 फीट रोड व फरहान कॉलोनी, जानकीपुरम सेक्टर-पांच व छह, सीता विहार में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रहेगी। अपट्रॉन उपकेंद्र की एलडीए कॉलोनी और बिहारीपुर में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक सप्लाई बंद रहेगी। कुम्हरावां उपकेंद्र के पहाड़पुर में सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे बिजली बंद रहेगी।

वैद्य स्टील उपकेंद्र के मालवीय नगर और इंदिरा नगर सेक्टर-08 में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अमराई गांव उपकेंद्र के आस्था विहार, रामदुलारे नगर, गंगा सागर में सुबह 10 से शाम छह बजे तक बिजली बंद रहेगी। गोमतीनगर के विवेकखंड-तीन, विश्वासखंड-तीन, विजयखंड-एक में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रहेगी

बिजली उपभोक्ता सेवा में गोमती नगर फिसड्डी

अमृत विचार : पॉवर कारपोरेशन ने उपभोक्ता सेवा से जुडे कार्यों की देखते हुए डिवीजनों की रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें फरवरी 2024 तक जारी प्रोगेसिव रिर्पोट में लेसा सेस-2 डिवीजन अव्वल रहा। गोमती विस्तार डिवीजन कामकाज और उपभोक्ताओं की शिकायतों को निस्तारित करने में पीछे रहा। लेसा अधिकारियों के अनुसार बिजली उपभोक्ता सेवा में डिवीजनों और डिस्काम स्तर पर रैंकिंग की गई है। जिसमें उपभोक्ताओं को सुविधाएं देने के साथ राजस्व का आकलन किया जाता है। विद्युत उपभोक्ताओं को सेवा देने में अच्छा और खराब कार्य करने वाले डिवीजनों की रैंकिंग यूपीपीसीएल ने जारी की है। इस रैंकिंग में सेस-2 का पावर कारपोरेशन स्तर पर दूसरा और डिस्काम स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। गोमतीनगर डिवीजन की रैंकिंग में 385 और 103वां स्थान मिला है। सेस-1 को नादरगंज कारपोरेशन में पांचवां और डिस्काम स्तर पर दूसरा स्थान मिला है। अपट्रान डिवीजन कारपोरेशन में सातवां और डिस्काम स्तर पर चौथे स्थान पर रहा। इसके अलावा सेस-4 मे 26 वें और 10वें, बीकेटी 46वें और 15वें जबकि सेस-3 में 71वें और 23वें स्थान पर चिनहट 73 वें और 25 वें, ठाकुरगंज 78वें और 27वें, वृदांवन 79 और 25, सीतापुर रोड़ 93 और 31 कानपुर रोड 103 और डिस्काम स्तर पर 36वें नंबर पर रहा।

प्लाईवुड फर्म पर जीएसटी टीम का देर रात छापा, जमा कराए दो करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विशेष अनुसंधान शाखा संभाग ए टीम की बड़ी कार्यवाही
- संडीला स्थित प्लाईवुड की मशहूर निर्माता फर्म की जांच में बड़ी कर चोरी आई सामने

अमृत विचार : प्लाईवुड की एक मशहूर फर्म पर जीएसटी की टीम ने शुक्रवार देर रात छापा मारा। बड़ी कर चोरी पकड़ी गई। दो करोड़ रुपये सरकार के खाते में जमा कराए गए। कागज पर खरीद-फरोख्त दिखा सरकार को चूना लगाया जा रहा था। जांच विशेष अनुसंधान शाखा और कर निर्धारण सचल दल की टीम ने की।

अपर आयुक्त राज्य कर एवं अपर आयुक्त राज्य कर विशेष अनुसंधान शाखा जोन प्रथम लखनऊ के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। ज्वाइंट कमिश्नर अरुण शंकर रॉय ने जीएसटी के 18 अफसरों का दल तैयार कर अचानक संडीला (हरदोई) स्थित प्लाईवुड फर्म पर छापा मारा। अभिलेखों और इलेक्ट्रानिक डिवाइस को कब्जे में लेकर मौके पर उनकी डाटा एनालिसिस शुरू की गई। प्रपत्रों में जिन फर्म द्वारा खरीद दर्शायी जा रही थी उनसे खरीद हुई ही नहीं थी। कागजों पर पूरा खेल चल रहा था। पूरी चेन खंगालने और जांच के बाद कुछ ऐसी फर्म सामने आईं जिनसे बिक्री जारी थी। हद तो तब हो गई जब इन फर्मों द्वारा आईटीसी क्लेम की जा रही है। दिलचस्प यह रहा कि उनमें से तमाम खरीद वास्तविक न होकर प्रपत्रों पर दर्शायी गई। इसी प्रकार डाटा एनालिसिस में यह भी तथ्य प्रकाश में आए कि फर्म द्वारा पात्रता न होते भी (नानइलिजिबिल) आईटीसी क्लेम सरकार से लिया गया। उसका उपभोग किया गया। फर्म के निर्माण स्थल एवं सेल्स आफिस पर यह छापेमारी की गयी थी। देर रात तक चली कार्यवाही के बाद फर्म द्वारा 2 करोड़ रुपये जमा कराया गया। बोगस एवं नॉनएलिजिबिल आईटीसी की समस्त धनराशि निर्माता फर्म से वसूल किया जाएगा। टीम का नेतृत्व विशेष अनुसंधान शाखा के संयुक्त आयुक्त अरुण शंकर राय लखनऊ द्वारा किया गया। दल में उपायुक्त विजयपाल सिंह, चेतराम वर्मा, अश्वनी मिश्रा, कुंवर रोविंस, अखिलेश दुबे के अलावा सहायक आयुक्त पवन कुमार, राजीव मिश्रा समेत कई कई राज्यकर अधिकारी मौजूद रहे।

> लंबे समय से कर चोरी के कागजों में चल रहे एक बडे खेल का खुलासा जीएसटी टीम ने किया है। बड़ी धनराशि जमा करा ली गई है। पूरी रात इलेक्ट्रानिक और कागजी अभिलेख खंगाले गए। आज दिनभर कार्यवाही जारी रही। फर्म द्वारा आईटीसी का क्लेम तक वसूला गया है। बिना पात्रता के क्लेम लेकर उसका उपभोग किया गया है। सारी धनराशि वसूली जाएगी।
>
> **-अरुण शंकर राय, संयुक्त आयुक्त**

निशातगंज से कुकरैल नदी के ऊपर बनेगा फोर लेन ब्रिज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हनुमान सेतु मंदिर से समता मूलक चौराहे तक सुगम होगा यातायात
- अधिसूचना से पहले विकास कार्यों के लिए किया भूमि पूजन

अमृत विचार : शहर में जाम की समस्या और यातायात के दबाव से निशातगंज से कुकरैल नदी के ऊपर बनने वाला फोर लेन ब्रिज राहत देगा। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होने से पहले भाजपा नेताओं ने विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन किया।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पार्षद सुशील तिवारी पम्मी की उपस्थिति में लालकुआं वार्ड, मकबूलगंज में कल्याण मंडप कार्य शुरू किया गया। विधायक पंकज सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा ने हनुमान सेतु मंदिर पार्किंग स्थल पर ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के तहत तीन पुलों के निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया। हनुमान सेतु मंदिर से समता मूलक चौराहे तक सीधे रोड कनेक्टिविटी के लिए, सुगम यातायात के लिए निशातगंज से कुकरैल नदी के ऊपर फोर लेन ब्रिज का निर्माण कार्य, निशातगंज से कुकरेल नदी के मध्य निशातगंज बंधे का चौड़ीकरण कार्य, हनुमान सेतु पर दो अन्य पुलों का निर्माण, निशातगंज में ईपीसी मोड पर पुल का निर्माण कार्य और पक्का पुल से डालीगंज एवं गोमती नदी के ब्रिज तक टू लेन आरओबी कम फ्लाईओवर के निर्माण कार्य शामिल हैं। मनकामेश्वर उपवन घाट में पक्का पुल से डालीगंज एवं गोमती नदी की ब्रिज तक टू लेन आर ओबी कम फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का भूमि पूजन उत्तर विधानसभा विधायक डॉ. नीरज बोरा ने किया।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि सात स्थानों पर सामुदायिक केंद्रो के निर्माण के अंतर्गत जानकीपुरम सेक्टर एफ में वरिष्ठ नागरिक सामुदायिक केंद्र का विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने, कुर्सी रोड पर शंकर पूर्व वार्ड प्रथम में कल्याण मंडप का डॉ. राघवेंद्र शुक्ला ने, ऐशबाग इंडस्ट्रियल एरिया और नांदखेड़ा में सामुदायिक केंद्र का महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और अंजनी श्रीवास्तव ने, सुदर्शन पुरी में कल्याण मंडप का और विवेक खंड में सामुदायिक केंद्र का एमएलसी मुकेश शर्मा ने भूमि पूजन किया।

गोमती नगर विनीत खंड, जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 6 में, वसंत कुंज योजना सेक्टर डी के निकट जॉगर्स पार्क में और घंटाघर के पीछे नजूल की भूमि पर लाइब्रेरी निर्माण कार्य के लिए भी भूमि पूजन किया गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी और जनसंपर्क अधिकारी राघवेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

विराट खंड में 43 लाख का भूखंड सवा करोड़ में बिका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ई-नीलामी के माध्यम से एलडीए ने बेचीं 200 करोड़ की 57 सम्पत्तियां
- उपाध्यक्ष ने सफल आवंटियों को सौंपे प्रमाणपत्र

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ई-नीलामी में 200 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की व्यावसायिक एवं आवासीय सम्पत्तियां बेची हैं। ई-नीलामी में आरक्षित दर से लगभग तीन गुना अधिक कीमत तक बोली लगी। गोमती नगर के विराट खंड स्थित 43 लाख कीमत के एक आवासीय भूखंड की सवा करोड़ रुपये से अधिक बोली लगी।

विराज खंड में 66 लाख रुपये का आवासीय भूखण्ड 1.43 करोड़ में बिका। गोमती नगर विस्तार में कम्यूनिटी फैसिलिटी का एक भूखण्ड 15.19 करोड़ और दूसरा भूखण्ड 7.77 करोड़ रुपये में बिका। इसी तरह सीबीडी योजना का एक व्यावसायिक भूखंड 61.67 करोड़, फाइन डाइन का एक भूखण्ड 10.75 करोड़ और विभूतिखण्ड का एक व्यावसायिक भूखण्ड 19.69 करोड़ रुपये में बिका। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने ई-नीलामी में बोली लगाने वाले सफल आवंटियों को शनिवार को कार्यालय में आमंत्रित करके प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने सफल आवंटियों को जल्द से जल्द आवंटन पत्र जारी करने के निर्देश दिए। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण ने ई-नीलामी के माध्यम से इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 1,500 करोड़ रुपये की सम्पत्तियां बेची हैं। उन्होंने बताया कि 13 मार्च 2024 को करायी गयी ई-नीलामी में कुल 57 सम्पत्तियां 200 करोड़ रुपये से अधिक कीमत में बिकी हैं।

फिर खोला गया ई-नीलामी पोर्टल : अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि ई-नीलामी में बोली लगाने वाले लोगों के पास फिर पंजीकरण का मौका है। ई-नीलामी पोर्टल 16 मार्च से फिर खोल दिया गया है। सम्पत्ति खरीदने के इच्छुक लोग 19 मार्च से 18 अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। 22 अप्रैल को ई-नीलामी की जाएगी।

ई-नीलामी के सफल आवंटी को एलडीए कार्यालय में प्रमाण पत्र देते उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

छोटे आवासीय भूखंड भी होंगे शामिल

व्यावसायिक सम्पत्ति के प्रभारी अधिशासी अभियंता मनोज सागर ने बताया कि ई-नीलामी में हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-एच में नये सृजित किये गये 60-60 वर्गमीटर के आवासीय भूखण्ड भी बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। इसके अलावा गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, शारदा नगर, सीजी सिटी, कानपुर रोड व ट्रांसपोर्ट नगर समेत अन्य योजनाओं में स्थित व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, होटल, फाइन डाइन, आवासीय व मिश्रित भू-उपयोग आदि के भूखण्ड भी ई-नीलामी से लिये जा सकेंगे।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

एक नजर

18 से शुरू होगी कैंपस ड्राइव

अमृत विचार, लखनऊ : 18 मार्च से कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। ट्रेनिंग काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेंट के अधिकारी एमए खां का कहना है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कैंपस ड्राइव का आयोजन होगा। प्लेसमेंट चयन 18 से 21 मार्च तक चलेगा। इसमें अहमदाबाद, गुजरात की कंपनियों के सक्षम अधिकारी सम्मिलित होंगे।

छात्रों को मिली विषय चयन करने की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को विषय चयन करने की सुविधा मिली है। कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया है कि विज्ञान संकाय के षष्टम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को ये सुविधा दी गई है। इसके सहारे चयनित मेजर विषय में से किसी भी एक विषय को चयनित करने की सुविधा दी गई है।

विवि के गेट बंद होने के विरोध में प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से गेट नंबर 2 और 4 को बंद कर दिए गए हैं। इसके विरोध में शनिवार को गेट के बाहर काफी संख्या में छात्र संगठन के छात्र जमा हुए। धरना प्रदर्शन कर छात्रों ने कहा कि विवि प्रशासन द्वारा मनमानी की जा रही है। गेट बंद करना छात्रों के लिए उपयुक्त नही है। प्रदर्शन करने वालों में विभिन्न संकायों के छात्र मौजूद रहे।

लविवि के ज्ञानेश को मिला रजत पदक

रजत पदक के साथ ज्ञानेश

अमृत विचार, लखनऊ : चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता चल रही है। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्ञानेश कुमार सिंघल ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता है। लविवि की कराटे टीम के 21 सदस्य शामिल हैं। 16 से शुरू हुई प्रतियोगिता 19 मार्च तक चलेगी। ज्ञानेश सिंघल का चयन खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल के लिए हो गया है।

देश को विकसित बनाने के लिए राह दिखाएंगे 11 विश्वविद्यालय

इनोवेशन और शोध के लिए शासन ने दिए सवा सौ करोड़ रुपये

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार: विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने के लिए शासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा। लखनऊ समेत प्रदेश के 11 विश्वविद्यालयों को सम्मिलित सवा सौ करोड़ की धनराशि दी गई है। इस धनराशि से विशेषज्ञ और छात्र मिलकर शोध और नवाचार करेंगे।

- लखनऊ, बरेली, कानपुर राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय भी शामिल

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकारें विकसित भारत की तस्वीर को साकार करना चाहती है। इसके लिए शासन ने अध्ययन के क्षेत्र में शोध और बदलाव का सहारा लिया है। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय सहित 11 विवि को जिम्मेदारी दी गई है। इन विवि के विशेषज्ञ शोधार्थियों के साथ मिलकर शोध और नवाचार लाएंगे।

संत परंपरा से सांस्कृति विरासत पर रहेगा फोकस

उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विवि के प्रवक्ता डॉ. गिरीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि शोध और नवाचार के रूप में भारतीय संत परंपरा को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके तहत संस्कृति से जुड़ी पुरानी पद्धतियों को छात्रों के समक्ष लाया जाएगा। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि की डॉ. पूनम चौधरी ने कहा कि उप्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक विरासत को आगे लाना आवश्यक है। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विवि बरेली की डॉ. छवि शर्मा का मानना है कि नई तकनीकी ही गांव के विकास को आगे बढ़ा सकती है।

किताबों के सहारे नवाचारों का होगा प्रसार

जो शोध किये जाएंगे, उसके आधार पर किताबें प्रकाशित होंगी। इसके सहारे छात्रों को कुछ नया करने और सीखने में मदद मिलेगी। प्रदेश के 11 विश्वविद्यालयों में प्रकाशित पुस्तकें हस्तांतरित किये जाने के निर्देश मिले हैं।

शोध के सहारे इनका भी ढूंढ़ा जाएगा हल

शोध में मशीनों का आधुनिकीकरण, प्लास्टिक मेटेरियल का निस्तारण, स्वास्थ्य, बच्चों से जुड़ी बीमारियों को प्रमुख रूप से शामिल किया गया है। शोध में निकले परिणाम से संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। ताकि इनका प्रयोग कर होने वाली दिक्कतों को कम किया जा सके।

इन विवि को किया गया है सम्मलित

संयुक्त सचिव प्रेम कुमार पाण्डेय की ओर से जारी किये गए आदेश में प्रदेश के 11 विवि सम्मिलित किये गए हैं। इसमें लखनऊ विवि, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विवि बरेली, चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ, डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि आगरा, सिद्धार्थ विवि कपिल वस्तु सिद्धार्थनगर, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर, दीनदयाल उपाध्याय विवि गोरखपुर, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि लखनऊ, उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विवि प्रयागराज और छत्रपति साहूजी महाराज विवि कानपुर सम्मिलित हैं।

लविवि के 12 छात्रों को मिला रोजगार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के 12 छात्र-छात्राओं का बेवन सॉल्यूशन एवं एचसीएल कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ। कंपनी अधिकारियों ने तमाम सूचनाएं साझा की।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि बेवन सॉल्यूशन कंपनी के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए की 2 छात्राओं रितिका सिंघल और अंकिता मजूमदर एवं बीटेक की छात्रा अपर्णा का चयन टैलेंट स्काउट यूएस स्टॉफिंग एंड रिक्रूटमेंट पद पर हुआ है। एचसीएल टेक कंपनी में बीकॉम की 3 छात्राओं रिया जयवाल, अनुराधा शुक्ला, खुशी शर्मा, बीसीए के 2 छात्रा क्षितिज रस्तोगी, रिफात हुसैन, बीए के 2 छात्र आर्यन अवस्थी, काजल मिश्रा, बीएससी के छात्र प्रखर सिंह यादव और बीवीए के छात्र जीशान रेहमान का चयन टेक्निकल सपोर्ट एनालिस्ट पद पर हुआ है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

मतदाताओं को दिलाई गई शपथ

अमृत विचार, लखनऊ: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) योजना के अंतर्गत मतदाता साक्षरता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। मतदाता साक्षरता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित कार्यशाला में प्रो. सैयद हैदर अली ने मतदाता शपथ ग्रहण करवाई। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी तथा स्वीप समन्वयक डॉ. जफरून नकी ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद लिए गए गांव में चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन भी हुआ।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

लखनऊ विवि में करें ऑनलाइन पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

क्लिक के सहारे ऑनलाइन व्यवस्था को शुरू करते विवि के कुलपति।

- कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने क्लिक कर नई व्यवस्था शुरू की
- बीकॉम, एमकॉम की कक्षाएं शामिल, बाद में और बढ़ेंगी

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में ऑन लाइन क्लासेस की व्यवस्था शुरू हो गई है। शनिवार को विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने क्लिक कर इसकी शुरुआत की। ऑनलाइन कक्षाओं में बीकॉम, एमकॉम सहित अन्य सेमेस्टर शामिल किए गए हैं।

नई व्यवस्था दूर दराज रहने वाले और व्यक्तिगत कार्यों में संलिप्त छात्र-छात्राओं के लिए है। ऐसे छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था लागू की गई है। कुलपति ने कहा कि देश में उच्च शिक्षा सर्वसुलभ हो, इस स्वप्न को वास्तविकता में बदलने के लिए नई व्यवस्था शुरू की गई है। ऑनलाइन शिक्षा में बीकॉम, एमकॉम की कक्षाएं शामिल रहेंगी। प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इन उपाधियों की मान्यताएं विवि की रेगुलर प्रवेश प्रक्रिया के समकक्ष रहेंगी। बीकॉम विषय से जुड़ने वाले छात्र तीन वर्षों में अपने छह सेमेस्टर पूरे करेंगे। प्रत्येक सेमेस्टर में छह विषय सम्मिलित किये गए हैं। इसी तरह एमकॉम में दो वर्षों की पढ़ाई के दौरान चार सेमेस्टर उत्तीर्ण किये जाने आवश्यक हैं।

आयोग से अनुमोदित

विवि नैक ए प्लस-प्लस तथा कैटेगरी एक में शामिल है। ऑनलाइन शिक्षा दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा की गई है। अनुमोदन के बाद विवि ने लागू किया है।

पीडीएफ पर लेक्चर सुविधा

लविवि में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की दी जा रही सुविधाएं पीडीएफ पर भी उपलब्ध रहेंगी। विद्यार्थियों को सभी व्याख्यान वीडियो ऑनलाइन व्यवस्था भी उपलब्ध कराएगा। समस्याओं और प्रश्नों का समाधान शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन देने की व्यवस्था की गई है।

आईआईएम के दीक्षांत में 785 छात्रों को मिली डिग्री

आईआईएम यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में डिग्री के साथ छात्र-छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अभिषेक मित्तल, बिस्मिता साहू, सुशोबित मलिक, ऐश्वर्य कुमार, रश्मि मित्तल को चेयरमैन गोल्ड मेडल
- मुनीष खन्ना, दीक्षा डायरेक्टर मेडल व सोहिनी बेस्ट आल राउंडर हरिशंकर सिंघानिया मेडल से सम्मानित

अमृत विचार : भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के 38वें दीक्षांत समारोह में शनिवार को 785 छात्रों को डिग्री व मेडल प्रदान किए गए। अभिषेक मित्तल, बिस्मिता साहू, सुशोबित मलिक, ऐश्वर्य कुमार और रश्मि मित्तल को प्रतिष्ठित चेयरमैन गोल्ड मेडल दिया गया। डायरेक्टर मेडल मुनीष खन्ना और दीक्षा खटवानी को मिला और बेस्ट आल राउंडर का प्रतिष्ठित हरिशंकर सिंघानिया मेडल सोहिनी साहू को दिया गया।

दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लि. की चेयरपर्सन व एमडी मल्लिका श्रीनिवासन रहीं। उन्होंने कहा कि भारत एक विविध और गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र प्रस्तुत करता है। अध्यक्षता कर रहे आईआईएम लखनऊ में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष नटराजन चन्द्रशेखरन ने कहा कि वर्तमान भू-राजनीति के उभरते परिदृश्य को देखते हैं। स्पष्ट है कि भारत वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट भूमिका निभा रहा है। आईआईएम लखनऊ की निदेशक प्रो. अर्चना शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के 38वें बैच के 56 छात्र

कृषि-व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के 19वें बैच के छात्र, प्रबंधन में डॉक्टरेट कार्यक्रम के 18 छात्र, प्रबंधन में कार्यकारी फेलो कार्यक्रम के 6 छात्र, सतत प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के 8वें बैच के 41 छात्र, 106 छात्र कार्यकारी अधिकारियों के लिए प्रबंधन में अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के 16वें बैच से, और कार्यकारी अधिकारियों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के 18वें बैच से 54 छात्र हैं।

स्थापना दिवस पर छात्रों को मिले मेडल और सर्टिफिकेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

संस्थापक दिवस पर संबोधित करते उप मुख्यमंत्री

- केकेसी में हुआ आयोजन, सूचनाएं हुईं साझा
- वार्षिक पत्रिका, ज्योति किरण एवं जर्नल, कॉमर्स टुडे, विचार, लॉ रिव्यू, साइंस रिवीलिएशन, टॉर्च बेयर्स का विमोचन

अमृत विचार : केकेसी में शनिवार को स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल रहे। उन्होंने मेडल विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1917 में स्थापित यह संस्था आधुनिकता के साथ समकक्ष महाविद्यालयों में अपना विशेष स्थान बनाए है। उन्होंने विगत वर्षों में प्राप्त शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियो, शोध, प्रोजेक्ट्स, प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप से जुड़ी उपलब्धियां की सराहना की। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका, ज्योति किरण एवं जर्नल, कॉमर्स टुडे, विचार, लॉ रिव्यू, साइंस रिवीलिएशन, टॉर्च बेयर्स का विमोचन भी किया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष गोपाल नारायण मिश्र, सहायक मंत्री प्रबंधक सन्मय शुक्ला, सदस्य माधव लखवानी सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

700 से ज्यादा इंटर्नशिप की चर्चा

विश्वविद्यालय एवं प्रादेशिक स्तर पर उपलब्धियां प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों की चर्चा की गई। साथ ही साथ महाविद्यालय के प्लेसमेंट एवं ट्रेनिंग सेल द्वारा वर्ष भर में 700 से ज्यादा इंटर्नशिप तथा 300 से ज्यादा जॉब ऑफर्स भी साझा हुए। प्राचार्य प्रोफेसर विनोद चन्द्रा ने कहा कि आगामी सत्र में कई बड़े व्यावसायिक संगठनों के साथ प्लेसमेंट एवं ट्रेनिंग में एमओयू साइन होने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी सत्र में एक इनक्यूबेशन सेंटर एवं एक्सपोर्ट इंपोर्ट प्रशिक्षण केंद्र, राजकीय सहयोग से स्थापित किया जाएगा।

सार-संक्षेप

दो दिवसीय ह्यूण्डई कार शॉपिंग कार्निवाल की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : ह्यूण्डई डीलर्स एसएएस यूण्डई, बीआर यूण्डई, जेएसवी ह्यूण्डई व पीआर यूण्डई का दो दिवसीय यूण्डई कार शॉपिंग कार्निवाल की शुरुआत बलरामपुर गार्डेन में हुई। इस अवसर पर ह्यूण्डई मोटर इण्डिया लिमिटेड के रीजनल सेल्स हेड गौरव चौहान, एसएएस यूण्डई के मैनेजिंग डायरेक्टर गुनजीत कालरा, बीआर यूण्डई के मैनेजिंग डायरेक्टर रजनीश अग्रवाल, जेएसवी ह्यूण्डई के मैनेजिंग डायरेक्टर जतिन वर्मा व पीआर ह्यूण्डई के मैनेजिंग डायरेक्टर हर्षित बजाज उपस्थित रहे। यूण्डई कार शॉपिंग कार्निवाल में ग्राहकों को नई और यूज़्ड कारों की विशाल श्रृंखला देखने को मिली। गौरव चौहान ने बताया कि यहां पर ग्राहकों को आकर्षक ऑफर्स भी दिये जा रहे हैं। प्रत्येक कार की बुकिंग पर एक ग्राम सोने का सिक्का, सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष ऑफर्स, प्रत्येक कार की बुकिंग पर मुफ्त उपहार, कोई भी पुरानी कार लाएं और नई यूण्डई कार घर ले जाएं। यूण्डई कार शॉपिंग कार्निवाल में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई। ग्राहक इस आयोजन में मेले जैसा आनन्द प्राप्त कर रहे हैं।

विषम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया है। इसमें एमडी, एमपीए, एमएससी, एमपीएस, बीए ऑनर्स, एमए, एमएड, बीबीए, बीपीएड परीक्षाओं के परिणाम शामिल है। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि परीक्षाफल विवि की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

बच्चों में शुरुआत से ही जीवन मूल्यों का विकास करें : भारती

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल कानपुर रोड कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन शनिवार को विद्यालय के ऑडिटोरियम में हुआ। सीएमएस संस्थापिका डॉ. भारती गांधी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। डॉ. गांधी ने कहा कि बच्चों में प्रारम्भ से ही जीवन मूल्यों का विकास करें। परमात्मा के दिव्य गुणों जैसे सदाचार, ईमानदारी, अहिंसा, न्याय, सहयोग आदि जीवन मूल्यों को बच्चों में प्रारम्भ से ही रोपित करें। डॉ. गांधी ने आगे कहा कि इस धरा पर बच्चों का अवतरण स्वार्थ सिद्धि के लिए नहीं, अपितु परमार्थ के लिए हुआ है।

शिक्षक ने प्रशिक्षण में दिखाए शिक्षण के हुनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ, अमृत विचार : स्नोई आउल ने तितली (प्रारंभिक बचपन प्रशिक्षण संस्थान) के सहयोग से प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा पर आधारित 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से उद्योग की मांगों और कौशल आवश्यकता के बीच अंतर को पाटने के लिए प्रमुख अवधारणाओं को अंतर्दृष्टि प्रदान करने और समझने के लिए डिज़ाइन किया गया था। स्नातक समारोह में अवसर स्कूल प्रबंधक सुधीर एस हलवासिया, प्रधान निदेशक बी सिंह, स्नोई आउल की संस्थापक श्वेता खन्ना और तितली के निदेशक प्रांजल मोदी एवं केतकी मोदी मुख्य अतिथि रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था। प्रारंभिक बचपन के संरक्षकों के लिए उनकी अवधारणाओं और कौशल को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संक्षिप्त दृष्टिकोण ने प्राथमिक शिक्षकों को प्रोत्साहित करने और मार्गदर्शन करने के लिए कार्यक्रम ज्ञानवर्धक सत्र और गतिविधियों का एक सेट बनाया।

बीएसए को पता नहीं, अधीक्षक ने लगा दी शिक्षकों की ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं 20 मार्च से होनी हैं। इसी बीच सामुदायिक स्वास्थ्य के केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक ने 150 शिक्षकों की ड्यूटी स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगा दी है।

मोहनलालगंज ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक ने आदेश जारी किया है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के एम्बेसडर शिक्षक का प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहनलालगंज में 19 से 22 मार्च तक 3 बैच में होना है। 20 मार्च से स्कूलों में वार्षिक परीक्षा होनी है। बीएसए ने कहा कि परीक्षा के बीच प्रशिक्षण संभव नहीं है। सीएमओ को सूचित करते शिक्षकों को प्रशिक्षण कार्य पर भेजने से इनकार कर दिया गया है।

शिक्षकों की ड्यूटी कहीं लगती है तो उसकी सूचना बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से आती है। चिकित्सा अधीक्षक कैसे ड्यूटी लगा सकते हैं। शिक्षकों का बिल्कुल मजाक बना दिया है। शिक्षक अगर ट्रेनिंग करेंगे तो परीक्षा कौन कराएगा।

-विनय कुमार सिंह प्रान्तीय अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन

चिकित्सा अधीक्षक मोहनलालगंज की ओर से शिक्षकों की ट्रेनिंग लगाने का मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में सीएमओ को सूचना भेज दी गई है कि परीक्षा के दौरान शिक्षकों को ट्रेनिंग पर नहीं भेजा सकता है। नहीं तो स्कूलों में परीक्षा प्रभावित होगी। सीएमओ से ये भी कहा गया है कि ट्रेनिंग का समय आगे बढ़ाया जाये।

-राम प्रवेश बेसिक शिक्षा अधिकारी

वर्दी में नजर आएंगे लखनऊ विश्वविद्यालय के कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुलसचिव ने जारी किये आदेश कैश लेस इलाज भी मिलेगा

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के कर्मचारी अब वर्दी में नजर आएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड लागू कर दिया है। व्यवस्था इसी माह के अंत तक लागू हो जाएगी। कर्मचारियों को कैश लेस सुविधा भी दी जाएगी।

विवि के कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि ड्रेस कोड विवि की साख को देश-विदेश में अच्छी करने के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है। व्यवस्था इसी माह के अंत तक लागू कर दी जाएगी।

ड्रेस कोड के सहारे कर्मचारियों की गणना भी होगी। तैयार की जाने वाली वर्दी को लेकर अतिरिक्त सुविधाएं सुनिश्चित की जा चुकी है। कुछ नई व्यवस्थाओं को विस्तार दिया गया है। इसमें कर्मचारियों को कैश लेस चिकित्सा सुविधा भी मिलेगी। व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए उपकुलसचिव सामान्य प्रशासन और उपकुलसचिव शिक्षणोत्तर को जिम्मेदारी दी गई हैं।

30 अप्रैल तक होगी प्रोन्नति

डीपीसी और प्रोन्नति के कार्यों को तेजी से अमल में लाया जा रहा है। कुलसचिव का कहना है कि प्रोन्नति को लेकर 30 अप्रैल की तिथि सुनिश्चित की गई है। इसी तिथि में विनियमितीकरण के कार्य भी पूरे कराए जाएंगे। स्थायीकरण और एपीसी का कार्य भी इसी माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

आरटीई: निजी विद्यालय नहीं दे रहे एडमिशन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- जिलाधिकारी ने दी कार्रवाई की चेतावनी, कहा- अप्रैल नहीं, इसी माह लेना शुरू करें सभी विद्यालय प्रवेश
- नहीं तो दर्ज होगी एफआईआर अधिनियम का उल्लघंन पड़ेगा भारी

अमृत विचार: शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत शैक्षिक सत्र 2024-25 के क्रम में एडमिशन प्रक्रिया चल रही है। पहले चरण की लॉटरी में चयनित बच्चों को निजी विद्यालय अपने यहां निशुल्क प्रवेश देने में हीलाहवाली कर रहे हैं। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मनमानी करने वाले स्कूल प्रबंधकों को कार्रवाई की चेतावनी दी है।

जिलाधिकारी ने शनिवार को आदेश जारी करते हुए कहा है जिस बच्चे का जैसे ही चयन होगा उसका एडमिशन तत्काल करना होगा। किसी भी अभिभावक को परेशान हुई तो इसके लिए स्कूल प्रबंधन जिम्मेदार होंगे। बता दें कि आरटीई पहले चरण की प्रक्रिया में जिन चयनित बच्चे स्कूल में जब प्रवेश लिए पहुंच रहे हैं तो उन्हें स्कूल प्रबंधकों की ओर से ये कहकर लौटाया जा रहा है कि अभी प्रवेश नहीं होगा अप्रैल माह में आईयेगा।

विद्यालय दो दिनों में भेजें आवेदन, मिलेगी फीस

दूसरी ओर आरटीई के तहत बच्चों के नाम पर निजी स्कूलों को मिलने वाली फीस भी जारी की जा रही है। बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि बजट आ गया है। ऐसे में जिन विद्यालयों ने अभी तक फीस के लिए आवेदन नहीं किया है, वह अगले दो दिनों में आवेदन पत्र भेदें। जिससे कि समय से फीस का भुगतान किया जा सके।

> जिन बच्चों का नाम लाटरी प्रक्रिया से चयनित हुआ है उनका प्रवेश निजी विद्यालय प्रबंधकों को तत्काल लेना होगा। यदि कोई विद्यालय मनमानी करता है तो उसके विरुद्ध आरटीई अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही मुकदमा भी दर्ज होगा और मान्यता भी जा सकती है।
>
> -राम प्रवेश, बेसिक शिक्षा अधिकारी

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि मै विनोद कुमार पुत्र राम सरन, निवासी–रहरामऊ, नियामतपुर, जिला बाराबंकी यह कि मेरे 2 पुत्र तथा 2 पुत्री है जिसमे दीपक कुमार मेरा सबसे बड़ा बेटा है। मेरे पुत्र दीपक कुमार का चाल चलन ठीक न होने के कारण उसे अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। उसके द्वारा भविष्य में किये गए किसी भी कृत्य/कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी / जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना
मैं अभिषेक कुमार तिवारी पुत्र सत्य प्रकाश तिवारी आज से अपना नाम बदल कर अभिषेक तिवारी रख रहा हूँ। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। – **अभिषेक कुमार तिवारी पुत्र सत्य प्रकाश तिवारी 538 का /565 त्रिवेणी नगर–2 अलहुदा विद्यालय के पास निराला नगर लखनऊ उ0प्र0 –226020**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने पुत्र शहनवाज खां और उसकी पत्नी के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल–अचल सम्पत्ति से पुत्र शहनवाज खां एवं उसकी पत्नी नायदा को बेदखल करती हूं। **–मुरादी निशां पत्नी रजाउद्दीन, ग्राम–सलेमपुर डिहुवा, हथगाम, फतेहपुर**

दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवां मल्लावाँ हरदोई
में आवश्यकता है
स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र –01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान –01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान –01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में–01 पद व परास्नातक हिन्दी –01 पद
योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।
आवेदन – divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें
प्रबन्धक
श्री राकेश कुमार वर्मा
मो–9919486606

शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी
आवश्यकता है
प्रवक्ता पद हेतु
भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद
वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार
नोट–इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।
प्रबन्धक
प्रबीन कुमार सिंह
मो–9793367812

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **गुडिया कनौजिया पुत्री ईश्वरदीन कनौजिया, निवासी– ग्राम पंचायत काजीपुर, थाना– नवाबगंज** का हाईस्कूल अनु.2458329, इंटरमीडिएट अनु.1904780 व छह सेमेस्टर का पालिटेक्निक अनु.2122093436037 यात्रा करते समय ट्रेन में गुम हो गया है।

सूचना
सूचित हो, कि मैं FOUZIYA पत्नी शेर अफगन निवासनी ग्राम बडनपूर पो. अलियावाद जि. बाराबंकी की हूँ। मैंने अपने नाम की Spelling FOUJIYA से बदलकर FOUZIYA रख लिया है, आज से मेरे नाम की spelling FOUZIYA ही लिखी जाए और इसी नाम से जाना व पहचाना जाए.

सूचना
सूचित हो कि मैं **कविता पत्नी गुलशन कुमार, निवासिनी– म0नं0 414, वायु विहार, हरजेन्दर नगर, कानपुर नगर 208007**,मेरी हाई स्कूल व इण्टर की मार्कशीट में मेरा नाम कविता रानी अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड में नाम कविता अंकित है। अतः मुझे कविता रानी के स्थान पर कविता के ही नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हाईस्कूल के अंक पत्र,प्रमाण पत्र में बिनय कुमार (Binay kumar) पुत्र राम लखन सिंह (Ram lakhan Singh) लिखा हुआ है जब कि अन्य अभिलेखों में विनय कुमार वर्मा (Vinay kumar verma) पुत्र राम लखन वर्मा है। मुझे विनय कुमार वर्मा के नाम से ही जाना जाता है। अतः अब मुझे विनय कुमार वर्मा के नाम से ही जाना जाए। **विनय कुमार वर्मा पुत्र राम लखन वर्मा निवासी ग्राम चितवनिया, पोस्ट बैंती, थाना–शिवगढ़, जनपद रायबरेली**

होटल कार्य हेतु
मेदांता अस्पताल लखनऊ के अपोजिट साइड रेड एक्वायर कालोनी में 11 कमरे अच्छी कंडीशन में होटल कार्य हेतु, किराए पर खाली है, जिसमें एयरकंडीशन रूम, मेज टेबल, आलमीरा, कुर्सी, 10×12 व 10×14 के कमरे हैं, कंटीन भी है, किराए के इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मोबाइल नम्बर– 9455261143

सूचना
सर्वसाधारण को विदित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र, वर्ष 2007, अनुक्रमांक 1917304 कहीं खो गया है। अगर किसी को मिला हो तो इस पते पर भेजनें का कष्ट करें। **–शशांक शेखर अवस्थी पुत्र चन्द्र शेखर अवस्थी निवासी धन्नीपुरवा, नेवादा, थाना राम गांव, जनपद– बहराइच**

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

सिविल के डॉ. जीपी को एडी मंडल की जिम्मेदारी

अमृत विचार, लखनऊ : सिविल अस्पताल में हाल ही में ज्वाइन करने वाले मुख्य परामर्शदाता व अर्थोपैडिक सर्जन डॉ. जीपी गुप्ता को अब एडी मंडल की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह सिविल अस्पताल में डॉ. के रूप में सेवा देने के साथ ही एडी मंडल का पद भी संभालेंगे।बता दें कि सात साल तक बलरामपुर अस्पताल में डॉक्टर के रूप में सेवाएं देने के बाद वहीं पर डेढ़ साल तक सीएमएस का पद संभाला। कोविड काल के तौरान 300 बेड के कोविड अस्पताल की भी पूरी जिम्मेदारी उठाई। इसके बाद उनका ट्रांसफर लोकबंधु अस्पताल कर दिया गया। जहां से सिविल अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर नियुक्त किये गए हैं। शनिवार को शासन की ओर से पत्र जारी कर उन्हें नए पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

टिकट खरीदते समय फुटकर की नहीं होगी परेशानी

अमृत विचार, लखनऊ : रेलवे स्टेशनों पर काउंटर से जनरल या आरक्षित श्रेणी टिकट लेते समय अब फुटकर पैसे का झंझट खत्म होगा। पूर्वोत्तर रेलवे इसके लिए अपने स्टेशनों पर 500 फेयर रिपीटर्स लगायेगा। जिसमें टिकट बुकिंग डिटेल के साथ यात्री क्यूआर कोड स्कैन कर किराये का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। पहले ये सुविधा अधिक यात्रियों वाले स्टेशनों पर शुरू की जाएगी।

आठ माह की बच्ची के पेट में था 2.2 किलो का ट्यूमर

बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने सर्जरी कर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आठ माह की बच्ची का पेट फूल रहा था।बच्ची दर्द से कराह रही थी। खाना पचाने में भी दिक्कत हो रही है। कई डॉक्टरो को दिखाने पर भी फायदा न होने पर बाराबंकी के रहने वाले परिजनों में बलरामपुर अस्पताल में दिखाया। जांच में ट्यूमर की पुष्टि होने पर डॉक्टरो ने करीब तीन घंटे तक चले ऑपरेशन में सफलता पाई है। डॉक्टरो का कहना है कि सात किलो वजन वाली इस बच्ची के पेट से 2.2 किलो का ट्यूमर निकला है। बलरामपुर में ऐसी सर्जरी पहली बार हुई है। निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने पूरी टीम को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया है।

बाराबंकी कुर्सी के शिवाला पुरवां बेहटा के रहने वाले सुनील यादव ने बताया बेटी जूही (आठ माह) का पेट फूला था। पहले नजदीकी अस्पताल में इलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ। बीती 12 मार्च को बच्ची को लेकर बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में आए।

यहां पर पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अखिलेश को दिखाया। डॉक्टर ने जांच पड़ताल किया। बच्ची का सीटी व अल्ट्रासाउंड जांच कराई। ऑपरेशन से पहले रूटीन खून से जुड़ी जांच कराई। जांच में हीमोग्लोविन 6.5 ग्राम मिला। उसे तीन यूनिट ब्लड चढ़ाया गया। बीती 15 मार्च को बच्ची का ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों की टीम ने लिवर-किडनी के बीच पनपे ट्यूमर को हटाने में कामयाबी हासिल किया। बच्ची को पीआईसीयू में शिफ्ट किया गया है। उसकी हालत अब खतरे से बाहर है।

▸▸ तीन घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों को मिली सफलता

टीम के सदस्य

डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. एस चंदेल, डॉ. भट्ट, डॉ. जूही पाल, विनीता गुप्ता, सुनील, राजू समेत अन्य स्टॉफ।

दुलर्भ बीमारी से ग्रस्त थी बच्ची

डॉ. अखिलेश ने बताया बच्ची एक दुर्लभ रोग सेग्रस्त थी। बताया गर्भावस्था दौरान ही बच्चे संग दूसरे बच्चे का विकास नहीं हो पाता है।वह अंग बच्चे में पनप जाते हैं। इसे टेरोटोमा कहते हैं। उन्होंने बताया दस लाख में 100 केस में ऐसे ट्यूमर के मामले सामने आते हैं। जबकि टेरोटोमा का प्रतिशत 0.3 से 3 प्रतिशत तक हैं।

महिला मरीज की मौत के बाद परिजन का हंगामा

लखनऊ/काकोरी : दुबग्गा थानाक्षेत्र अंतर्गत पलिया गांव में प्राइवेट क्लीनिक में दवा लेने गई माधुरी देवी (40) को अस्पताल में भर्ती कर लिया। हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने इलाज करने से मना कर दिया। इसके बाद घबराए परिजन महिला को लेकर दूसरे अस्पताल लेकर जाने लगे। जहां बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। महिला के पति ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा के मुताबिक, सैदपुर महेरी गांव निवासी माधुरी देवी शनिवार की सुबह पलिया गांव के एक प्राइवेट क्लीनिक में दवा लेने गई थी। पति विष्णु कुमार ने बताया कि अस्पताल के डॉक्टरों ने उनकी पत्नी को भर्ती कर ग्लूकोज चढ़ा दिया। फिर दवा खिला दी। दवा का सेवन करने से पत्नी माधुरी की तबियत और ज्यादा बिगड़ गई। इसके बाद डॉक्टर ने उसे शहर के अन्य अस्पताल में रेफर कर दिया। आनन-फानन परिजन महिला को दुबग्गा के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। महिला मरीज की मौत के बाद परिजन हंगामा करने लगे। हंगामे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत करा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

हरदोई के सुमित का था कटा हुआ हाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के शताब्दी फेस- टू परिसर में शुक्रवार को कुत्ता जिस कटे हाथ को मुंह में दबाकर घूम रहा था। वह हाथ हरदोई के रहने वाले सुमित कुमार का था। आरी मशीन से हाथ कटने पर परिजन उसे ट्रॉमा सेंटर लाए थे। हाथ न जुड़ने की स्थिति में उसके निस्तारण में लापरवाही हुई थी।

केजीएमयू के शताब्दी फेस -टू परिसर में शुक्रवार की दोपहर एक कुत्ते के मुंह में इंसान का कटा हुआ हाथ देखकर हड़कंप मच गया था। कुत्ता कटे हाथ को नोच रहा था। लोगों ने कुत्ते को भगा कर घटना की जानकारी संस्थान प्रशासन को दी थी। घटना की फोटो भी वायरल हुई थी।

मामले में संस्थान प्रशासन ने जांच शुरू कराई। शनिवार को इस मामले में केजीएमयू प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि कटा हुआ हाथ हरदोई निवासी सुमित कुमार का है। गुरुवार को आरी मशीन से उसका हाथ कट गया था। कटे हाथ के साथ मरीज को लेकर परिजन केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर आए थे। जहां पर प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने मरीज की जांच कर बताया कि यह हाथ जोड़ा नहीं जा सकता। इसके बाद मरीज को अन्य इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर के प्रथम तल स्थित सर्जरी विभाग में भर्ती कर लिया गया।

स्ट्रेचर से बांध दिया था कटा हाथ : जांच के दौरान परिजन ने बताया कि उन्होंने कटा हुआ हाथ स्ट्रेचर से बांध रखा था। ट्रॉमा सर्जरी विभाग में भर्ती होने के बाद जब वह वापस कैजुअल्टी में आए तब उन्हें ना तो अपना स्ट्रेचर मिला और ना ही लाया गया अंग। उसके बाद वह अपने मरीज के इलाज में व्यस्त हो गए। कटे हुए अंग के गायब होने की सूचना उन्होंने किसी को नहीं दी।

फॉलोअप

कुत्ते की वायरल हुई फोटो।

▸▸ केजीएमयू में कटे हाथ को कुत्ते द्वारा मुंह में दबाकर घूमने का मामला

हाथ पर मरीज का नाम लिखा होने से हुई पहचान

केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को जब कटा हुआ अंग मिला और उस पर सुमित कुमार लिखा दिखाई पड़ा, तब मरीज की जानकारी की गई। तीमारदारों से जानकारी के बाद उन्हें कटा हुआ हाथ पुलिस की तरफ से लिखित प्रमाण के साथ दे दिया गया है। इसके निस्तारण की विधि भी उन सभी को स्पष्ट कर दी गयी है। मरीज के परिजन पुलिस की मौजूदगी में यह प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।

लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि इस मामले में अभी जांच प्रचलित है। कटे अंग को इस तरह से फेंकने में जिस भी कर्मचारी की लापरवाही मिलेगी। उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

घायल का वीडियो बनाने के बजाय मदद करना सीखें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हादसे में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर्स में इलाज मिलने से उसकी जान बचाई जा सकती है, लेकिन लोग उसकी मदद के बजाय वीडियो बनाना ज्यादा जरूरी समझते हैं।

लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) का ट्रॉमा सर्जरी विभाग की ओर से जिला अस्पताल, प्राथमिक और समुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ को प्रशिक्षण देने की तैयारी की जा रही है। इनमें आम नागरिकों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। यह जानकारी ट्रॉमा सर्जरी विभाग के प्रो.डॉ. वैभव जायसवाल ने दी। वह शनिवार को शताब्दी स्थित सभागार में विभाग के 7वें स्थापना दिवस समारोह पर जानकारी साझा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि तीन दिन के इस प्रशिक्षण में डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टॉफ को ट्रॉमा केयर की ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रो.वैभव ने बताया कि ट्रॉमा सर्जरी विभाग देश में पहली बार केजीएमयू में शुरू हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद कमांड अस्पताल के कमांडेंट देबनाथ ने कहा भागम भाग की जिंदगी में तनाव होना हादसे का बड़ा कारण है। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर प्रो.सनत कुमार खन्ना, संस्थान की प्रतिकुलपति प्रो. अपजीत कौर, प्रो.मंजुल जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

केजीएमयू में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक। अमृत विचार

थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों से मिले निदेशक इलाज का लिया फीडबैक

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने शनिवार को थैलेसीमिया डे केयर सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भर्ती बच्चों को गिफ्ट बांटे। बच्चों के साथ ही तीमारदारों से भी इलाज का फीडबैक लिया। दावा है कि मरीज व तीमारदार संतुष्ट दिखे। संस्थान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वित्त पोषित थैलेसीमिया डे केयर सेंटर जुलाई 2023 से संचालित है. यह प्रदेश का पहला केन्द्र है। यहां थैलेसीमिया मरीजों के लिए ओपीडी, आयरन चिलेशन एवं अन्य दवाओं के साथ बिना प्रतिस्थापित के निशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। सेंटर में 160 थैलेसीमिया मरीजों को पंजीकृत किया जा चुका है। रोगी हर 15 से 30 दिनों में ब्लड ट्रांस्फ्यूजन कराते है। अब तक सेंटर र में 916 युनिट ब्लड ट्रांस्फ्यूजन हो चुका है। इस मौके निदेशक ने रक्तकोष का भी भ्रमण कर रक्तदान शिविर का उदघाटन किया गया। ब्लड बैंक प्रभारी एवं थैलेसीमिया डे केयर सेंटर के नोडल डॉ. वीके शर्मा मौजूद रहे।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

बलरामपुर अस्पताल की सिटी स्कैन मशीन खराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल की शनिवार को सिटी स्कैन मशीन खराब हो गई। इससे कई मरीजों को बिना जांच के ही लौटना पड़ा। अस्पताल प्रशासन ने मशीन खराब होने की सूचना सम्बंधित एजेंसी को दी। लेकिन शाम तक भी मशीन को दुरुस्त नहीं किया जा सका।

दरअसल, बलरामपुर अस्पताल में रोजाना चार हजार के करीब ओपीडी होती है। जिसमें से रोजाना 100 के करीब सिटी स्कैन लिखे जाते हैं। जिसमें चेस्ट रोग विभाग से अधिक मरीजों को सिटी स्कैन की आवश्यकता होती है। अस्पताल में एक मात्र मशीन होने के कारण मरीजों को जांच कराने के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। कर्मचारियों ने बताया कि साइरस कंपनी को मशीन में दिक्कत होने की जानकारी दे दी गई है। वहीं कई बार फोन करने रिमाइंडर भी दिया गया। बावजूद इसके कंपनी से कोई इंजीनियर अब तक मशीन बनाने नहीं पहुंचे हैं।

कल प्रमुख सचिव की होनी है जांच

प्रमुख सचिव सोमवार को मेडिकल जांच के लिए बलरामपुर अस्पताल आएंगे। इससे पहले ही शनिवार को मशीन खराब होने से अधिकारियों में चर्चा का विषय बन गई है। यदि रविवार को भी मशीन ठीक नहीं हुई तो प्रमुख सचिव के साथ ही अन्य मरीजों को भी लौटना पड़ेगा।

साइरस कंपनी को जानकारी दे दी गई है, मशीन के किसी पार्ट के खराब होने की बात सामने आई है, जल्द से जल्द उसे ठीक कराने के प्रयास किये जा रहे हैं।
-डॉ. पवन कुमार अरुण, निदेशक बलरामपुर अस्पताल

होली पर 13 शहरों के बीच नॉन स्टॉप बसें

अमृत विचार, लखनऊ : होली पर्व के लिए रोडवेज प्रशासन ने बस संचालन का खाका खींच लिया है। इसके लिए 967 बसों में 305 बसों को चिह्नित किया गया है। होली स्पेशल के रूप में यह बसें 13 शहरों के बीच नॉन स्टॉप सेवाओं के रूप में चलेंगी। 22 मार्च से इनका संचालन शुरू हो जाएगा। एक अप्रैल तक निर्बाध संचालन जारी रहेगा।यात्रियों को बसों की सुविधा आलमबाग, चारबाग, कैसरबाग और अवध स्टेशन से मिलेगी। एकमुश्त सवारी होने पर बसों को सीधा रवाना किया जाएगा। इनके यात्रियों को बीच रास्ते सवारी उतारने और चढ़ाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। उन्हें फिजूल का समय बर्बाद नहीं करना पड़ेगा। बस अड्डों पर यात्रियों के बैठने से लेकर खान-पान की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने दी।

लखनऊ से इन शहरों के बीच चलेंगी होली स्पेशल : कानपुर मार्ग पर 17, गोरखपुर मार्ग पर 46 दिल्ली मार्ग पर 43 बहराइच मार्ग पर 26, गोंडा-बलरामपुर 24, आजमगढ़ मार्ग पर 37, देहरादून मार्ग पर 09 हरिद्वार 10 बनारस 10 प्रयागराज 33, आगरा-मथुरा 20, रायबरेली बसें संचालित की जाएगी। एसी बसें भी संचालित की जाएंगी। यात्रियों के लिए एसी बसों में तत्काल या एडवांस बुकिंग खोल दी गई है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Open 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

सार-संक्षेप

राज्यरानी सहित कई ट्रेनों के संचालन में सुधार

अमृत विचार, लखनऊ : रेलवे ने शनिवार से राज्यरानी एक्सप्रेस सहित तीन जोड़ी ट्रेनों को बहाल कर दिया है। ट्रेन नंबर 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ जं. राज्यरानी एक्सप्रेस 22 से 24 तक निरस्त ट्रेन बहाल कर दी गई हैं। यह ट्रेन मेरठ सिटी से दो घंटे लेट रवाना होगी। ट्रेन नंबर 22453 लखनऊ जं-मेरठ सिटी राज्यरानी एक्सप्रेस 23 मार्च तक पहले रद्द की गई थी, जिसे अब बहाल कर दिया गया। लखनऊ जं. से ट्रेन तय समय पर चलेगी। ट्रेन नंबर 15044 काठगोदाम-लखनऊ जं. एक्सप्रेस 23 मार्च तक रद्द थी। इसे भी बहाल कर दिया गया है। काठगोदाम से यह ट्रेन एक घंटे देरी से रवाना होगी। वापसी में ट्रेन नंबर 15043 लखनऊ जं- काठगोदाम एक्सप्रेस 22 मार्च तक रद्द थी जो अब बहाल होकर तय समय से चलेगी। ट्रेन नंबर 15012 चंडीगढ़-लखनऊ जं. एक्सप्रेस 23 मार्च और ट्रेन नंबर 15011 लखनऊ जंडीगढ़ एक्सप्रेस 22 मार्च तक निरस्त की गई थी। इन दोनों ट्रेनों को अब बहाल कर चंडीगढ़ और लखनऊ जं से तय समय से चलाया जाएगा।

पिज्जा-बर्गर बच्चों में बढ़ा रहे फैटी लिवर की समस्या

अमृत विचार, लखनऊ : पिज्जा-बर्गर, चाउमीन और कोल्डड्रिंक जैसी बाहर की चीजें खाने से बच्चों में लिवर फैटी और मोटापे की समस्या बढ़ रही है। हर 10 में से एक व दो बच्चे फैटी लिवर व मोटापे से पीड़ित हैं। यह बातें शनिवार को पीजीआई के पीडियाट्रिक गेस्टोइंट्रोलॉजी विभाग के स्थापना दिवस पर आयोजित सेमिनार में विभाग की डॉ. अर्घ्य समानता ने दी। संस्थान में इस विभाग को संचालित हुए 16 साल पूरे हो गए हैं। लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश ने बताया कि खून को साफ करने के लिए थेराप्यूटिक प्लाज्मा एक्सजेंस तकनीक का उपयोग किया जाता है। इस तकनीक के कुछ बच्चों में बेहतर परिणाम मिले हैं।

यूरिन से संबंधित बीमारियों का खतरा अधिक

अमृत विचार, लखनऊ : अनियंत्रित डायबिटीज और मोटापा की वजह से कई बीमारियां होती हैं। इसका असर हार्ट, किडनी, लिवर पर तो पड़ता ही है। साथ ही यूरिन संबंधित कई बीमारियों का कारण भी डायबिटीज और मोटापा है। यह जानकारी हैदराबाद के डॉ.मल्लिकार्जुन ने दी है। वह शनिवार को केजीएमयू स्थित अटल बिहारी बाजपेई साइंटिफिक कंवेंशन सेंटर में आयोजित उत्तर प्रदेश यूरोलॉजिकल एसोसिएशन के 11वें वार्षिक सम्मेलन में जानकारी साझा कर रहे थे।

गोमती नगर से पटना के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस कल से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गोमतीनगर से पटना के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस 18 मार्च से दौड़ेगी। शुक्रवार को छोड़कर शेष छह दिन दौड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का रेलवे ने किराया तय कर दिया है। साथ ही रेलवे ने इसकी बुकिंग भी शुरू कर दी। ट्रेन नंबर 22346 वंदे भारत एक्सप्रेस का लखनऊ से पटना का एसी चेयरकार का किराया 1465 रुपये होगा। इसमें 308 रुपये कैटरिंग चार्ज भी शामिल है। इसी तरह एक्जक्यूटिव क्लास का किराया 2700 रुपये होगा। इस किराए में 369 रुपये भी शामिल है। इस ट्रेन से लखनऊ से वाराणसी का चेयरकार का किराया 865 रुपये और एक्जक्यूटिव क्लास का किराया 1680 रुपये होगा। गोमतीनगर-पटना वंदे भारत का अयोध्या धाम जाने का किराया लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस से कम होगा।

लखनऊ से देहरादून वंदे भारत 26 से

अमृत विचार : यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 22545/22546 लखनऊ जं.-देहरादून-लखनऊ जं. वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित संचलन 26 मार्च किया जाएगा। इस ट्रेन को सप्ताह में छह दिन संचालित किया जाएगा। सोमवार को इसका संचालन नहीं होगा।

आरोग्य मंदिर पर मानसिक मरीजों की होगी स्क्रीनिंग

अमृत विचार, लखनऊ : कोविड के बाद लोगों में मानसिक स्वास्थ्य की समस्या उभर कर सामने आई है। लिहाजा अब हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आरोग्य मंदिर) पर परीक्षण कर लोगों को उपचार के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आरएन सिंह ने दी। वह शनिवार को इंदिरा नगर स्थित राज्य स्तरीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, प्रशिक्षक डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. अंदलीब रिजवी सहित 27 प्रतिभागी सीएचओ मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
NH-24 BANTHRA, SHAHJAHANPUR
VARANU ARJUN COLLEGE OF PHARMACY VACP SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

VACANCY OF TEACHING & NON TEACHING STAFF

Teaching Staff	Non Teaching Staff
• Associate Professor (M.Pharm+8 Years Experience)	• Lab Technician (B.Pharm)
• Assistant Professor (M.Pharm+5 Years Experience)	• Accountant (M.Com)
• Specialization (Pharmacy Practice, Biotechnology & Clinical Pharmacology)	• Computer Operator (BCA/MCA)
• Lecturer (B.Pharm+3 years Experience)	• Lab Attendant (D.Pharm)

Contact
Director/Principal
Dr. Pradeep Singh
9412852652

एक नजर

चोरों ने घर से तीन लाख की ज्वेलरी और 48 हजार नकदी पार की

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा इलाके में चोरों ने घर से नकदी और लाखों की ज्वेलरी पार कर दी। थाना अंतर्गत साहपुर भमरौली निवासी त्रिभुवन ने बताया 11 मार्च की रात चोर घर से सामान समेट ले गये। अगले दिन उठा तो अलमारी खुली व ताले टूटे मिले, फर्श पर सामान भी बिखरा पड़ा था। पीड़ित ने थाने में दी तहरीर में सोने का हार, पायल, बिछिया समेत तीन लाख के गहने और 48 हजार रुपये नकदी व मोबाइल चोरी होने की सूचना दी है। पीड़ित ने सामान बरामदगी की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर दुबग्गा ने बताया अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। बताया जल्द ही आरोपियों की पहचान कर वारदात का खुलासा कर दिया जायेगा।

डीलरशिप के नाम पर ऐंठे 19 लाख रुपये

अमृत विचार, काकोरी : इलेक्ट्रिक वाहनों की डीलरशिप देने के नाम पर एक युवक से जालसाज ने 19 लाख रुपए ऐंठ लिए। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक सोनभद्र के शक्तिनगर निवासी आनन्द कुमार नया कारोबार शुरु करना चाह रहे थे। इस सिलसिले में उनकी मुलाकात मिस्टी मैक्स ईवी कम्पनी के सीईओ डॉ. हेमंत कुमार से हुई। बातचीत में कंपनी के सीईओ ने उन्हें इलेक्ट्रिक वाहन कम्पनी की डीलरशिप देने का झांसा दिया। इस पर पीड़ित ने हामीभर 1.21 लाख रुपए कंपनी के खाते में जमा किए। फिर 30 गाड़ियों भेजने का झांसा देते हुए पीड़ित से 19 लाख रुपये जमा करा लिए, लेकिन समय पर डिलेवरी नहीं मिली। संपर्क करने पर आरोपी तरह-तरह के बहाने बनाने लगा। शक होने पर पीड़ित ने सोनभद्र के शक्तिनगर थाने में शिकायत की थी।

बेकाबू ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचला, मौत

पारा थाना क्षेत्र में सरोसा-भरोसा मोड़ पर हुआ हादसा, साथी घायल

संवाददाता, काकोरी

अमृत विचार: पारा थाना क्षेत्र में मोहान रोड पर एक बाइक पर सवार दो युवकों को ट्रेलर ने कुचल दिया। हादसे में एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

पारा इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि उन्नाव जिला के थाना हसनगंज अंतर्गत हरौनी गांव निवासी पिंटू रावत (30) साथी मनोज रावत (32) के साथ शुक्रवार को बाइक लखनऊ में रहने वाली बहन के घर जा रहे थे। रास्ते में मोहान रोड पर सरोसा भरोसा मोड़ पर पीछे से आये तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक समेत उछल कर सामने जा गिरे। हादसे में ट्रेलर से कुचलने से मनोज का बायां पैर धड़ से अलग हो गया। साथी पिंटू गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मनोज ने दम तोड़ दिया। पिंटू की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों का कहना है बाइक सवार युवक शराब के नशे में थे। हादसे के बाद भागने का प्रयास कर रहे ट्रेलर चालक को राहगीरों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन को सौंप दिया।

दीवार के मलबे में दबने से पिता की मौत, बेटा गंभीर

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल इलाके में घर के पानी की निकासी के लिये नाली खोदते समय पिता-पुत्र पर दीवार ढह गई। मलबे में दबकर पिता की मौत हो गयी और बेटा गंभीर घायल हो गया। थाना अंतर्गत मंझी गांव निवासी बैठू (55) अपने पुत्र अनिल (26) के साथ शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे घर के पानी के निकासी के लिये कच्ची दीवार के बगल में नाली खोद रहे थे। दीवार के किनारे से पहले से ही नाली निकली होने से नम होकर कमजोर हो गई थी। इसके चलते किनारे की मिट्टी हटते ही दीवार दोनों के ऊपर ढह गयी। दोनों को मलबे में दबा देख परिजन ने चीख पुकार मचा दी। मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने आनन-फानन मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने पिता को मृत घोषित कर दिया। अनिल की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर तहसीलदार ने मौके पर जांच की, पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

नाली खोदते समय दोनों के ऊपर गिरी दीवार

युवक और महिला का फंदे से लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

चिनहट और आशियाना थाना क्षेत्र का मामला

अमृत विचार: चिनहट में बच्चों को स्कूल छोड़ कर आये पिता और आशियाना इलाके में घर में अकेली महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन ने आत्महत्या का कारण पता होने से इनकार किया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

चिनहट के कठौता निवासी शिव प्रताप (35) ने शनिवार को बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद फंदा लगा कर जान दे दी। पुलिस ने बताया शिव प्रताप शनिवार सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ कर घर आए। पत्नी आरती को चाय बनाकर लाने को कहा। पत्नी चाय लेकर पहुंची तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। कई अवाजें देने के बाद भी जवाब नहीं मिला। पत्नी ने खिड़की से झांककर देखा तो शिव प्रताप को फंदे से लटका देखा। चीख-पुकार सुन पहुंचे परिजन आनन फानन में फंदे से उतार अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में चार बच्चे हैं।

उधर, आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एम-1 निवासी प्रांजलि (26) पत्नी रवि ने शुक्रवार देर शाम कमरे में पंखे से साड़ी फंदा लगाकर जान दे दी। रवि निजी सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड है। पति ने बताया कि रेल विहार कॉलोनी से शाम को ड्यूटी खत्म कर घर पहुंचा। अंदर पत्नी को फंदे से लटका देख उतार लोकबंधु अस्पताल ले गया। जहां मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। कानपुर नगर सजेती निवासी मां भागवती ने बताया कि पुत्री के संतान नहीं है, जिससे गुमशुम रहती थी। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया मायके पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

रेस्टोरेंट संचालक ने छात्र से मारपीट कर चलाई गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

जन्मदिन मनाने गया था छात्र हुक्के के रेट को लेकर हुआ विवाद

अमृत विचार : बीबीडी थानाक्षेत्र अंतर्गत गोयल फेज-वन स्थित कैफे में जन्मदिन की पार्टी मनाने पहुंचे यूनिवर्सिटी के छात्र से रेस्टोरेंट संचालक ने मारपीट की। मारपीट के दौरान रेस्टोरेंट संचालक ने साथियों के संग छात्र पर गोली से चला दी।

मूलरूप से बिहार के विशनपुर निवासी अतुल राज बीबीडी यूनिवर्सिटी में बीटेक का छात्र है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 6 मार्च को वह अपने दोस्तों के संग गोयल फेज-वन स्थित कैफे में रात दस बजे पॉर्टी मनाने पहुंचा था। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि देवरिया जनपद निवासी कैफे संचालक भानू सिंह से हुक्के के रेट को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। इसके बाद रेस्टोरेंट संचालक ने साथी हर्षित, प्रदुमन दूबे, रजत, दीपक गोस्वामी व चार अन्य के साथ मिलकर छात्र से हाथापाई करने लगा। बीच-बचाव के दौरान आरोपियों ने पीड़ित के दोस्तों से भी मारपीट की। इस दौरान आरोपी रेस्टोरेंट संचालक ने छात्र पर तमंचे से गोली चला दी। हालांकि छात्र बच कर भाग निकला। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना एक सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, मलिहाबाद: माल थाना क्षेत्र में किशोरी को बहला फुसला कर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। पीड़ित मां ने गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि सोलह वर्षीय पुत्री को सीतापुर के अटरिया थाना क्षेत्र के उमरा गांव निवासी अजय गुप्ता बहला फुसला कर ले गया है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने बसहरी पुल के पास अजय को गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया। किशोरी को मेडिकल करा कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया मुकदमे में धारा 376 व पाक्सो एक्ट बढ़ाकर जेल भेज दिया।

युवती के परिजन ने घर में घुसकर की मारपीट

संवाददाता, मलिहाबाद

युवक के कोर्ट मैरिज करने से नाराज थे युवती के परिजन

हमले में पांच लोग घायल, पुलिस ने आठ आरोपियों को किया गिरफ्तार

अमृत विचार: रहीमाबाद इलाके में कोर्ट मैरेज करने से नाराज युवती के परिजनों ने युवक के घर में घुस परिजन पर हमला कर दिया। मारपीट में युवक के पिता, मां सहित पांच लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

कैथुलिया निवासी रजनीश की बेटी पिंकी का गांव निवासी राम अवतार के बेटे राहुल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब 15 दिन पहले दोनों ने कोर्ट मैरिज की थी। इससे नाराज पिंकी के पिता रजनीश, बेटा राजेश, करन सहित अन्य ने शुक्रवार को राहुल के घर में घुस परिजन पर हमला कर दिया। हमले में राम अवतार, मां मुन्नी देवी, बहन मनीषा, भाई मोहित, दादी उर्मिला घायल हो गईं। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया। जहां राम अवतार की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना प्रभारी अनुभव सिंह ने बताया रवि सागर, रामकुमार, विनोद कुमार, सर्वेश कुमार, सूरजभान, सर्वेश कुमार, गया प्रसाद व कौशलेंद्र को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मामूली विवाद में दो लोगों पर हमला

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना निवासी मोहित कुमार साथी दीपेंद्र सिंह के साथ लाइटिंग का काम करते हैं। मोहित गुरुवार रात बंगला बाजार मंडी जा रहा था। इस बीच बगल में चल रही युवती के नजदीक से आटो निकला, इससे वह डर गई। मोहित ने ऑटो वाले को समझाने का प्रयास किया। इस पर ऑटो सवार युवक ने साथियों को बुला मोहित और दीपेंद्र पर सरिया व धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने मनोज की तहरीर पर देवी खेड़ा निवासी शेखर रावत, बिन्नी, रोहित व सात अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

इंदिरा नहर में मिला युवक का का शव

अमृत विचार, गोसाईगंज: क्षेत्र के पहाड़ नगर टीकारिया गांव में इंदिरा नहर में युवक का शव मिला। पुलिस ने शव बाहर निकाल शिनाख्त कराकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक की पहचान सौरभ वर्मा (35) के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक ब्रिजेश त्रिपाठी ने बताया नगराम के हसनपुर निवासी सौरभ मानसिक बीमार था। शुक्रवार शाम क़रीब छह बजे घर से निकाला था। इसके बाद से लापता था। सोशल मीडिया में वायरल फोटो देखने के बाद परिजनों ने शिनाख्त की। पिता मान सिंह वर्मा ने आरोप से इनकार किया है।

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राजनीतिक दलों की होर्डिंग्स हटवाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

आदर्श आचार संहिता लागू होते ही पुलिस बल ने हटवाईं विभिन्न दलों की होर्डिंग्स

संवाददाता निगोहां, अमृतविचार : आदर्श आचार संहिता लागू होते ही शनिवार शाम पुलिस एक्शन में दिखी देर शाम एसीपी मोहनलालगंज राधारमण सिंह व प्राभारी निरीक्षक निगोहां अनुज तिवारी भारीभरकम पुलिस बल के साथ निगोहां कस्बा मदापुर मोड़ व हाइवे किनारे चौराहों से लेकर गांव गांव पहुचकर विभिन्न दलों की होडिंगो बैनर पोस्टरों को हटवाते रहे। वहीं कुछ राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने स्वमं अपने अपने होंडिंग व बैनर पोस्टर उतार लिया।

रेलिंग तोड़ कर गोमती में गिरी तेज रफ्तार कार

अमृत विचार, लखनऊ : हसनगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत झूलेलाल पार्क के पास शनिवार दोपहर एक व्यापारी की तेज रफ्तार कार रेलिंग तोड़कर गोमती नदी में गिर गई। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह के मुताबिक, चौक के लाजपतनगर निवासी व्यापारी विवेक रस्तोगी का बेटा तन्मय शनिवार दोपहर घर से कार लेकर निकला था। वह चौक से होते हुए झूलेलाल पार्क पहुंचा। जहां वह कार चलाना सीखने लगा। अचानक तनमय ने बैक गियर लगाते हुए एक्सीलेटर दबा दिया। जिससे कार तेज रफ्तार में पीछे की तरफ भागी। तनमय इससे घबरा गया। गाड़ी को काबू करने में वह असफल रहा, जिससे कार पार्क किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए गोमती नदी में जा गिरी। बताया कि नदी में कार गिरने के बाद मौजूद लोग शोर मचाने लगे। वहां बैठे स्थानीय गोताखोरों ने कार में फंसे व्यापारी नेता के बेटे को फौरन बाहर निकला।

अवैध संबंध के विरोध पर सिपाही ने पत्नी को पीटकर घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

चिनहट थाने में महिला ने सिपाही पति के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : चिनहट थाने में एक महिला ने अपने सिपाही पति के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि महिला आरक्षी के साथ उसके पति के अवैध सम्बन्ध है। उसका विरोध करने पर पति ने उसे प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया।

प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, निजामपुर मल्हौर निवासी एक महिला ने अपने सिपाही पति सुदर्शन पाठक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसके पति के एक महिला आरक्षी से अवैध सम्बन्ध हैं। जब उसे इस बात की भनक लगी तो वह विरोध करने लगी, तब अपनी उससे तरह-तरह की यातनाएं देने लगा। जिससे गर्भावस्था में पिटाई के दौरान उसका गर्भपात भी हो गया। हालत बिगड़ने पर पति ने उसे मायके छोड़ दिया। परिजनों ने समझौता कराना चाहा तब सिपाही 22 लाख रुपये की मांग करने लगा। उसने सम्बन्धित थाने में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद पीड़िता ने एडीजी जोन से मदद की गुहार लगाई। जिनके निर्देश पर चिनहट पुलिस ने सिपाही सुदर्शन पाठक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

सार-संक्षेप

फायरिंग का वीडियो वायरल, छह पर रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज इलाके में दो दिन पहले आइस्क्रीम दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद के बाद फायरिंग मामले में एक पक्ष के छह और लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। फायरिंग का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने पीड़ित हरिनगर निवासी चंद्रभान सिंह की तहरीर पर नाम बढ़ाए हैं। बता दें कि 14 मार्च की रात चंद्रभान का बेटा ऋषभ क्यू 2 मार्ट से आइस्क्रीम लेकर अपनी गाड़ी में बैठ कर खा रहा था। इसी दौरान मार्ट संचालक कम्बर का ऋषभ से विवाद हो गया था। इस बीच कम्बर के भाई ने जान से मारने की नीयत से ऋषभ पर लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर कर दिया था। इसके अलावा कई अन्य लोगों ने भी उसे घर कर पीटने का प्रयास किया था। पुलिस ने मामले में कम्बर व उसके भाई पर रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने कम्बर के पक्ष के ऐहसान, हसनैन व चार अन्य पर भी रिपोर्ट दर्ज की है।

15 लीटर कच्ची शराब और 50 किलो लहन किया गया नष्ट

अमृत विचार, लखनऊ : अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर पूर्णत: अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत मलिहाबाद तहसील अंतर्गत थाना रहीमाबाद क्षेत्र ग्राम औलिया खेड़ा में आबकारी टीम एवं रहीमाबाद थाने की पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से दबिश दी गई। दबिश के दौरान गांव के संदिग्ध स्थानों, आम के बागों, झाड़ियां आदि में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान लगभग 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 50 किलो महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दो अभियोग पंजीकृत किए गए।

ज्वैलर्स की आंखों में मिर्च झोंक लूट का प्रयास

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा इलाके में ज्वेलर्स की आंखों में मिर्च झोंककर लूट का प्रयास करने का मामला सामने आया है। तालकटोरा के ई ब्लॉक में प्रवेश ज्वेलर्स की दुकान है। शनिवार को अधेड़ उनकी दुकान पर पहुंच गहने खरीदने का दिखावा करने लगा। प्रवेश उसे गहने दिखा रहा था। इसी बीच एकाएक अधेड़ ने प्रवेश की आंखों में मिर्च का पाउडर झोंक दिया। जलन से बिलबिलाये ज्वेलर्स आंख मलने लगे। इसी बीच आरोपी गहनों का एक बाक्स उठा कर भागने लगा। इसका आभास होते ही प्रवेश ने शोर मचा कर घटना बयां कर दी। शोर सुन पहुंचे आसपास के दुकानदारों ने आरोपी को दबोच कर पिटाई करते हुये पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तो उसकी पहचान कस्बा निवासी नवनीत मिश्र के रूप में होना बताया जा रहा है। पुलिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

सार्वजनिक स्थानों पर लगी होर्डिंग्स उतारीं

अमृत विचार, मलिहाबाद : शनिवार को जैसे ही चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता की घोषणा की। एसडीएम सौरभ सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त वीरेन्द्र विक्रम ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लगी राजनीतिक होर्डिंगों को उतारने के साथ लोगों से अपील की कि कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न किया जाये। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर तहसीलदार वन्दना कुशवाहा, प्रभारी निरीक्षक मलिहाबाद सुरेश सिंह सहित तहसीलकर्मी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

भाजपा का हटाया बैनर, चंद मिनटों में दोबारा लगाया

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही बख्शी का तालाब नगर पंचायत द्वारा सड़कों के किनारे लगे होल्डिंग व बैनर हटाने का अभियान शुरु कर दिया गया। कस्बे में बीजेपी लोकसभा 34 प्रत्याशी कौशल किशोर के केंद्रीय चुनावी कार्यालय के बाहर लगी होल्डिंग को भी कर्मचारियों ने हटा दिया।जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कर्मचारी होल्डिंग लेकर कार्यालय के पास पहुंचे और उसे पुन: पुराने स्थान पर लगा दिया।

सपा जिला उपाध्यक्ष बने सुनील सिंह भदौरिया

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर सुनील सिंह भदौरिया निवासी मामपुर बाना नगर पंचायत बख्शी का तालाब को लखनऊ जनपद का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह,विधानसभा अध्यक्ष अजय रावत,शेर बहादुर सिंह शेरा रामकिशोर यादव,कमलेश यादव,अकील खान गणेश रावत,अरुण सिंह प्रधान,महेश रावत,अरुण रावत समेत तमाम कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व को आभार जताया।

ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली ने रोडवेज बस में मारी टक्कर

अमृत विचार, बीकेटी : इंटौजा थानाक्षेत्र लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार रात गलत दिशा से आ रही आलू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली दिल्ली जा रही परिवहन निगम की बस से टकरा गई। हादसे में ट्रैक्टर दो हिस्सों में बट गया और उसका अगला हिस्सा बस मे फंसकर 50 मीटर तक घिसटता चला गया। पुलिस ने घायल ट्रैक्टर चालक को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव के मुताबिक, क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी अरुण शनिवार रात गलत दिशा में ट्रैक्टर ट्राली में आलू लादकर मिश्रा कोल्ड स्टोरेज जा रहे थे। इटौंजा फ्लाईओवर से उतरते समय ट्राली गार्डन ढाबे के सामने दिल्ली जा रही परिवहन निगम की बस से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर का अगला हिस्सा अलग होकर बस में फंस कर 50 मीटर घिसटता चला गया। हादसे में अरुण हेड इंजरी के चलते गंभीर रूप से घायल हो गए।

व्यापारी पर तमंचा तान नकदी और ज्वैलरी लूटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अमृत विचार : विभूतिखंड थानाक्षेत्र अंतर्गत तीन बदमाशों ने गाड़ी ओवरटेक कर व्यापारी पर तमंचा तान उसके गले से चेन और नकदी छीन ली। विरोध करने पर बदमाशों ने पीड़ित की गाड़ी का शीशा फोड़ दिया था। बदमाशों की तलाश में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

गोमतीनगर थानाक्षेत्र के विनम्रखंड निवासी नलिनीकान्त उर्फ बब्लू सिंह बुधवार को अपनी दुकान से घर लौट रहे थे। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि रात करीब साढ़े ग्यारह बजे बदमाशों ने गाड़ी ओवरटेक पर उन्हें रोक लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने पीड़ित पर तमंचा तान दिया और पीड़ित से हाथापाई कर उसके गले से सोने की चेन और कार में रखी 17 हजार की नकदी छीनकर भाग निकले। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना देते हुए सम्बन्धित थाने में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

फरार अपराधियों की संपत्ति कुर्क

अमृत विचार, बीकेटी : लम्बे समय से फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर बीकेटी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई है। पुलिस ने आरोपियों पर सीआरपीसी की धारा 82 के तहत उनकी चल सम्पत्ति की कुर्की करने की घोषणा करते हुए घर में एक नोटिस चस्पा किया है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह के मुताबिक, क्षेत्र के भौली गांव निवासी राघवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ छेद्दू, पकंज सिंह और पवन सिंह के खिलाफ वर्ष 2023 में वजीरगंज पुलिस ने संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद सभी फरार हो गए। कोर्ट ने आरोपियों को आत्मसमर्पण करने की भी चेतावनी दी। बावजूद इसके आरोपियों ने कोर्ट में आत्मसमपर्ण नहीं किया। लिहाजा, आदेशों की अवलेहना करने पर कोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार किया। कोर्ट के निर्देश पुलिस ने आरोपियों पर सीआरपीसी की धारा 82 के तहत उनकी चल सम्पत्ति की कुर्की करने की घोषणा करते हुए घर में एक नोटिस चस्पा किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कोर्ट में आत्मसमर्पण न करने की दशा में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

इंस्पेक्टर के बेटे ने युवती को भेजे अश्लील मैसेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

गाजीपुर थाने में युवती ने दर्ज कराई एफआईआर

अमृत विचार : गाजीपुर थाने में एक युवती ने सीआरपीएफ में तैनात इंस्पेक्टर के जिम ट्रेनर बेटे के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। युवती का आरोप है कि जिम ट्रेनर ने कई बार अकेले में मिलने के लिए दबाव बनाने लगा। इंकार करने पर आरोपी ने उसे झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने लगा।

प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती (25) ने गोमतीनगर के ग्वारी निवासी करन वर्मा के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि गुरुवार रात करीब नौ बजे आरोपी ने उसके मोबाइल पर कॉल कर कई बार अकेले में मिलने के लिए बुलाया। इस पर पीड़िता ने जिम ट्रेनर से मिलने से मना कर दिया। जिसके बाद आरोपी युवती के उसके वाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेज सीआरपीएफ में तैनात पिता के ओहदे की धमकी दे उसे झूठे मामले में फंसाने की बात कहने लगा। युवती का कहना है कि उसके मोबाइल आरोपी की आडियो क्लिप भी रिकॉर्ड हो गई है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

सोशल मीडिया पर वायरल की छात्रा की आपत्ति जनक फोटो

आशियाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा ने जानकीपुरम निवासी रोहन चौधरी के खिलाफ आईटीएक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। छात्रा का कहना है कि शोहदे ने उसे बदनाम करने की नीयत से सोशल मीडिया पर उसकी आपत्तिजनक फोटो वायरल कर दी। इससे वह मानसिक रूप से आहत है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

आयोजन 404 प्रकरणों में 83 निस्तारित, जिलाधिकारी ने मोहनलालगंज तहसील में की सुनवाई

समाधान दिवस में आने वाले प्रकरणों का समय से करें निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने शनिवार को मोहनलाल गंज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर जनशिकायतें सुनी। कुल 127 प्रकरण आए और 33 तत्काल निस्तारित किए गए। इस दौरान उन्होने कहा कि शिकायतों को समय से निस्तारित करें। शिकायतों का निस्तारण होने के बाद शिकायतकर्ता से बात कर उसे सूचित करें। संपूर्ण समाधान दिवस पर पांचों तहसील में 404 प्रकरण आए और 83 निस्तारित किए गए।

तहसील सदर में 49 में 10 तहसील मलिहाबाद में 49 में 12, तहसील बीकेटी में 96 में 13 और तहसील सरोजनीनगर में 83 में 15 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। जिले में पुलिस 73, राजस्व एवं पुलिस संयुक्त 04, राजस्व 209, विकास 21, शिक्षा 01, समाज कल्याण 18, चिकित्सा 01 तथा अन्य शिकायतें आईं। इस दौरान सीडीओ अजय जैन, एसडीएम मोहनलालगंज बृजेश वर्मा, तहसीलदार मोहनलालगंज शशांक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

मोहनलालगंज तहसील में सुनवाई करते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

आलू की फसल को डकार गए प्रधान

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब तहसील अंतर्गत देवरी गांव में सरकारी नवीन परती की भूमि गाटा संख्या 450 पर गांव के ही किसान अमृत लाल द्वारा जबरन कब्जा कर खेती की जा रही है।शनिवार को तहसील समाधान में सुनवाई कर रहे उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी को भाकियू नेता अमर सिंह यादव ने शिकायती पत्र देकर बताया कि इस बार उक्त भूमि पर किसान द्वारा आलू की फसल बोई गई थी।जिसकी उन्होंने शिकायत की थी जिसको लेकर क्षेत्रीय लेखपाल व आरआई ने उक्त भूमि पर लगी आलू की फसल को कुर्क कर ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया था।आरोप है कि ग्राम प्रधान व राजस्व कर्मियों ने मिलीभगत कर उक्त आलू की फसल को नीलाम न कराकर पुन: अमृत लाल के सुपुर्द कर दिया और आलू खोदकर पैसे का बंदरबांट कर लिया गया है।उन्होंने बताया कि फसल की अनुमानित उपज करीब डेढ़ लाख रुपए है, जिसकी वसूली कर सरकारी कोष में जमा की जाए।

ईओ की खराब भाषा शैली को लेकर सभासदों ने की जिलाधिकारी से शिकायत

मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को मोहनलालगंज नगर पंचायत में तैनात ईओ की खराब कार्यशैली के चलते दिन प्रतिदिन सभासदों में आक्रोश बढ रहा है। शनिवार को नाराज सभासद हिमांशु तिवारी, हिमांशु सिंह, अखिलेश समेत अन्य ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर डीएम सूर्यपाल गंगवार से लिखित शिकायत करते हुये ईओ पर विकासकार्यो में पारदर्शिता न बरतने, नगर पंचायत के वार्डो में बनने वाली इंटरलाकिंग व सीसी मार्गो में लगने वाले शिलापटों में सभासदों का नाम न लिखवाने का आरोप लगाया। नगर पंचायत में आयोजित होने वाली बोर्ड बैठक में सभासदों के सवालों का जवाब व विकासकार्यो के बारे में भी नहीं बताया जाता है।

अभ्यास सत्र में मायर्स ने लगाए गगनचुंबी छक्के

एलएसजी के खिलाड़ियों ने इकाना स्टेडियम में बहाया पसीना,क्रुणाल , हुड्डा, यश, डिकॉक, अस्टिन भी पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) टीम ने शनिवार को इकाना स्टेडियम पर अभ्यास शुरू किया। पिछले सत्र में रनों को अंबार लगाने वाले वेस्टइंडीज के धाकड़ सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स ने अभ्यास के दौरान गगन चुंबी छक्के लगाए। वह स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक दिखे। पहली बार टीम में शामिल यूपी के तेज गेंदबाज शिवम मावी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसफ ने अपनी तेजी से बल्लेबाजों को परेशान किया। अभ्यास सत्र में खिलाड़यों ने तीन घंटे पसीना बहाया।

टीम के नए चीफ कोच जस्टिंग लैंगर (ऑस्ट्रेलिया) और सहायक कोच लांस क्लूजनर (दक्षिण अफ्रीका) अभ्यास सत्र में सभी खिलाड़ियों पर नजरें बनाए रखी। प्रशिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों से बातचीत कर मुकाबलों की रणनीति पर चर्चा भी की।

फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने खिलाड़ियों को वार्म अप कराया। बल्लेबाजी में अर्शीन कुलकर्णी, काइल मायर्स, आयुष बडोनी, कृष्णप्पा गौतम, प्रेरक मांकड़ ने मैदान के चारों ओर चौके छक्के लगाए। इसी के साथ शमर जोसेफ, शिवम मावी, युधवीर सिंह, मोहसिन खान, अरशद खान आदि ने गेंदबाजी में हुनर दिखाया। लखनऊ सुपरजायंट्स की ट्रेनिंग सत्र में अभी कई खिलाड़ी शामिल नहीं हो सके हैं। बेंगलुरू स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में फिटनेस हासिल करने में जुटे कप्तान केएल राहुल के 20 मार्च को टीम से जुड़ने की संभावना है। क्रुणाल पंड्या, दीपक हुड्डा, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक और अस्टिन टर्नर शाम को लखनऊ पहुंच गए। वेस्टइंडीज के एक और धाकड़ बल्लेबाज निकोलस पूरन व युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के भी एक-दो दिन में लखनऊ आ जाएंगे।

जयपुरिया कनपुरिया जायंट्स बनी सुपर जाइंट्स कप की विजेता

अमृत विचार : लखनऊ सुपर जायंट्स प्रबंधन की ओर से आयोजित सुपर जायंट्स कप गली क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब कानपुर की जयपुरिया कनपुरिया जाइंट्स टीम ने जीत लिया। शनिवार को इकाना स्टेडियम के बी ग्राउंड में आयोजित इस टूर्नामेंट में जयपुरिया कनपुरिया जाइंट्स ने लखनऊ की फियरलेस फाल्कंस टीम को 27 रन से हराया। एलएसजी के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट व डिप्टी सीईओ सत्यम त्रिवेदी ने विजेता व उप विजेता टीमों और खिलाड़ियों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। एलएसजी के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट व डिप्टी सीईओ सत्यम त्रिवेदी ने विजेता टीम को सुपर जाइंट्स कप के साथ ही 40 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। उप विजेता टीम को 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही सर्वाधिक रन बनाने वाले और सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी को 5 हजार रुपये का चेक दिया गया।

पहले दो मुकाबलों की टिकट दरें जारी

राजधानी में लखनऊ सुपरजायंट्स के पहले दो मुकाबलों के लिए टिकट दरें जारी कर दी गई है। जनरल स्टैंड के टिकट बुक माई शो पर शनिवार से मिलने शुरू हो गए। अन्य टिकटों की बिक्री अगले एक-दो दिन में शुरू हो जाएगी। लखनऊ में लखनऊ सुपरजायंट्स का पहला मैच 30 मार्च को पंजाब किंग्स से और दूसरा 7 अप्रैल को गुजरात टाइंटस के खिलाफ होगा।

प्रति टिकट दर	रुपये में
जनरल स्टैंड	399, 599, 750, 1100
नार्थ प्रेसीडेंशिल गैलरी	1500
साउथ प्रेसीडेंशियल गैलरी	2500 (स्नैक्स)
नॉर्थ प्लेटिनम लॉन	5000
साउथ प्लेटिनम लॉन	7000
इकाना लाउंज (नॉर्थ)	7500
यूपीसीए लाउंज (नॉर्थ)	8000
नॉर्थ कारपोरेट बाक्स	8500
साउथ कारपोरेट बाक्स	10,000

इकाना स्टेडियम में अभ्यास करते एलएसजी के खिलाड़ी। अमृत विचार

एलएसजी की मैराथन आज

लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से 17 मार्च को 1090 चौराहा से मैराथन दौड़ "एलएसजी 10 के" आयोजित की जाएगी। इस दौड़ में विजेताओं को 10 लाख रुपये तक के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। ओपन कैटेगरी में पुरुष व महिला विजेता को 100000 रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही प्रथम रनरअप व द्वितीय रनरअप को भी क्रमश: 75000 व 50000 रुपये का नगद पुरस्कार मिलेगा। इसी तरह विभिन्न आयुवर्ग के अनुसार विजेता, प्रथम रनरअप व द्वितीय रनरअप को नकद पुरस्कार मिलेगा। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम इस मैराथन में उपस्थित होगी और दौड़ को हरी झंडी दिखाएगी। विजेताओं को एलएसजी खिलाड़ियों से मिलने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही हर प्रतिभागी को एलएसजी फैन टी-शर्ट, फिनिशर पदक, एलएसजी ड्रॉस्ट्रिंग बैग, प्लांटेबल बिब, लंच पैकेट व ई-प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

अपनी बस से आसान होगा पदक का सफर

संवाददाता, लखनऊ अमृत विचार: पदक लाने में अब खेल विभाग की बस खिलाड़ियों की सारथी बनेगी। सीआरएस फंड से जल्द ही विभाग को 32 सीटर बस मिलेगी। होली के बाद बस खेल विभाग को हैंडओवर कर दी जाएगी। इसी बस से खिलाड़यों को अभ्यास पर मैदान और प्रतियोगिताओं के लिए ले जाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि केडी सिंह बाबू स्टेडियम में तैराकी, वॉलीबाल, हॉकी और एथलेटिक्स के छात्रावास हैं। तैराकी में बालक और बालिकाएं दोनों प्रशिक्षण ले रहे हैं। अन्य खेलों में सिर्फ बालिकाओं का छात्रावास है। बस आने से हॉकी छात्रावास की खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए सुबह-शाम गोमती नगर विजयंत खंड भेजा जा सकेगा। वहां पर टर्फ पर बालिकाएं अभ्यास कर सकेंगी। बाबू स्टेडियम का पूल बंद होने पर यहां के छात्रावास के खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए स्पोर्ट्स कॉलेज या साई सेंटर भेजा जा सकेगा। खास बात यह कि बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर या आसपास कहीं प्रतियोगिता होने पर छात्रावास की टीम को बस से भेजा जा सकेगी। अपनी बस होने से खिलाड़ी समय से आयोजन स्थल पहुंच सकेंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में बस आ जाएगी। सीआरएस फंड के माध्यम से बस लाई जा रही है। हमारी टीमें अधिक टूर्नामेंट खेल सकेंगी।

एक नजर

घुड़दौड़ प्रतियोगिता आज

अमृत विचार, लखनऊ : देव फिनवेस्ट कप के लिए घुड़दौड़ प्रतियोगिता रविवार को आयोजित की जाएगी। लखनऊ रेस कोर्स में इस बार रेस शाम को होगी। रेस में विजय ज्वाय, डार्क टाइगर और कर्नल हार्टी जैसे घोड़े जीत के लिए जोरआजमाइश करेंगे।

प्रदर्शनी शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर होली गंजिग कार्निवाल शुरू हुआ। पहले दिन भीड़ कम रही। हस्तशिल्प, बेकरी, गृह सज्जा, सिरेमिक प्लांट के वस्तुएं देखने को मिली। कार्निवाल 20 मार्च तक चलेगा।

धूमधाम से मना तीर्थंकर चन्द्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर स्थित जैन मंदिर में जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर चन्द्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक धूम से मनाया गया। आज ही के दिन आठवें तीर्थंकर को निर्वाण प्राप्त हुआ था। अभिषेक और पूजन के बाद महिलाओं ने उन्हें निर्वाण लड्डू बनाकर अर्पित किये। गोमतीनगर महिला मंडल की सदस्य अनीता, चंदना, अर्चना, जूली, आरुषि, मनीषा, आशा, रश्मि जैन आदि ने भाग लिया। मुख्य शांति धारा राकेश एवं प्रदीप जैन ने की।

नृत्यों के बाद रैम्प पर कैटवाक करते दिखे मॉडल

अमृत विचार,लखनऊ। नेशनल इंटर कॉलेज में चल रहे खादी प्रदर्शनी मेले में शनिवार को बीआरटी डांस अकादमी ने लिपिका के निर्देशन में शास्त्रीय एवं लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया। नृत्यांजलि फाउंडेशन ने लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के लिए खादी फैशन शो का आयोजन किया। कोरियोग्राफर मधु सिंह ने सभी मॉडल्स को खादी के बने वस्त्रों के साथ रैंप पर वॉक करवाया। मॉडल्स ने खादी के वस्त्रों से बने दर्शनीय वस्त्रों के साथ रैम्प पर वाक किया। नृत्यांजलि फाउंडेशन की अध्यक्षा रागिनी श्रीवास्तव ने मॉडल्स को सम्मानित किया।

प्री होली का किया आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : सामाजिक संस्था एपिक इवेंट्स ने गोमतीनगर के एक होटल में प्री होली का आयोजन किया। रंग दे गुलाल मोहे-सीजन-6 नाम से कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की सीईओ हेमा खत्री ने महिलाओं के साथ गणेश स्तुति से की। महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। आयोजन में 150 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं।

स्वयंसेवकों के बीच समग्र विकास पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : स्वयंसेवकों के बीच समग्र विकास, सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 7 दिनों की समृद्ध गतिविधियों के बाद 7 दिवसीय विशेष शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अलका मिश्रा, प्रोफेसर संगीता साहू, डीन छात्र कल्याण, प्रोफेसर राजीव पांडे, डीन रिसर्च सेल, और प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा, डीन एकेडमिक्स, और डॉ. ओपी शुक्ला, विभागाध्यक्ष, रक्षा अध्ययन, डॉ. नीरज चौबे, वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्र भूषण सिंह और डॉ. मंजू सिंह उपस्थित रहे।

मुख्य अभियंता ने किया विभिन्न उपकेंद्रों का दौरा

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती ने शनिवार को कई उपकेंद्रों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि बीकेटी, जीवीआरए, अहिबरनपुर सहित कई उपकेंद्र पहुंचकर हो रहे कार्यों का ब्योरा लिया। बिजली बिलों की वसूली के साथ क्षेत्र में हो रहे अनुरक्षण कार्य को तेजी से निपटाने के लिए कहा।

रग्बी की उपविजेता टीम की गई सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : भुवनेश्वर में खेली गई राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की महिला टीम उपविजेता बनकर लौटी है। शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम सभागार में टीम की खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अटल राय और उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र दिए। डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में रग्बी खेल के विकास के लिए उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ पूरी मदद करेगा।

विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

आर्मी कमांडर इलेवन की टीम जीती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ, अमृत विचार : सेना मुख्यालय मध्य कमान लखनऊ की दो टीमों के मध्य शनिवार को क्रिक्रेट मैच खेला गया। स्पोर्ट्स गैलेक्सी जयपुरिया क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मैच में आर्मी कमांडर इलेवन ने चीफ ऑफ स्टॉफ इलेवन को 23 रनों से हरा दिया। आर्मी कमांडर के 125 रनों के जवाब में चीफ ऑफ स्टॉफ इलेवन की टीम 102 रन ही बना सकी। मुख्य अतिथि ले.ज. एनएस राजा सुब्रमणि ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। बिग्रेडियर आरएस ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, लेफ्टिनेंट कर्नल दिलीप कुमार को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, कर्नल गुरतेज को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक घोषित किया गया। मैन ऑफ द मैच लेफ्टिनेंट कर्नल सिद्धार्थ चौरसिया रहे।

दर्शकों को जगा गया नाटक एक इरादा

अमृत विचार, लखनऊः नाट्य संस्था रंगयात्रा और उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में शनिवार को नाटक एक इरादा : अभिप्राय का मंचन किया गया।

ज्ञानेश्वर मिश्र ज्ञानी निर्देशित नाटक को एक महीने रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला में तैयार किया गया था। इस नाटक में स्वच्छता से सम्बंधित अनेक पहलुओं पर संजीदगी से बात हुई। इस समस्या का समाधान भी नाटक में बताया गया।

नाटक में आशीष सिंह, मुकुल चौहान, गुरुदत्त पाण्डेय, विशाल श्रीवास्तव, वैभव कश्यप, करिश्मा गौतम, मोनिका अग्रवाल, अंजली वर्मा और अंशिका सक्सेना ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।

बीएससी नर्सिंग के 34 छात्र परीक्षा से वंचित

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार। आईआईएम रोड स्थित केएल शास्त्री नर्सिंग स्मारक कॉलेज में बीएससी नर्सिंग के तृतीय वर्ष व अंतिम वर्ष के 34 छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र न मिलने की वजह से शुक्रवार को संपन्न वार्षिक परीक्षा से वंचित रह गए हैं। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने 50 हजार रुपये की मांगे थे, जिन छात्रों ने रुपये नहीं जमा किये थे, उनके प्रवेश पत्र नहीं दिये गये हैं। यह शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर छात्रों ने की है।

प्रदर्शन कर रहे 11 तृतीय वर्ष के 23 चतुर्थ वर्ष नर्सिंग छात्र-छात्राओं का कहना है कि वो सभी 4 साल से पढ़ाई कर रहें हैं। कॉलेज प्रशासन द्वारा मांगे जाने वाले सभी शुल्क समय पर जमा किये जाते रहे हैं। कुछ दिन पूर्व 50 -50 रुपये अतिरिक्त मांगे गए थे, हम लोगों ने आर्थिक स्थित खराब होने की वजह से असमर्थता जताई थी। जिसके बाद उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया गया है। फोन पर संपर्क न होने की वजह से कॉलेज प्रधानाचार्य सीरिन जोमेट से कॉलेज प्रशासन का पक्ष नहीं मिल सका है।

▸▸ छात्रों का आरोप, प्रिंसिपल ने मांगे 50 हजार रुपये

> मेडिकल फैकल्टी में शिकायत नहीं मिली है। अगर शिकायत आएगी तो कॉलेज प्रशासन ने जानकारी ली जायेगी। छात्रों के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो, प्रयास किये जायेंगे।
>
> -डॉ.आलोक कुमार, उप्र. सचिव स्टेट मेडिकल फैकल्टी,लखनऊ

सार-संक्षेप

आईएमए भवन में हुई कार्यशाला

अमृत विचार,लखनऊ : आईएमए भवन रिवरबैंक कालोनी में शनिवार को रिचमंड फैलोशिप समिति लखनऊ शाखा के 19 में वार्षिक उत्सव और उत्तर प्रदेश में मानसिक रोगियों के पुनर्वास की चुनौतियां विषय पर कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वेणुगोपाल झावर ने कहा कि मानसिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञों की बहुत कमी है संसाधन भी बहुत सीमित है ऐसे में रोगियों का पुनर्वास बहुत बड़ी चुनौती है। जो स्वयंसेवी संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही है अपने खुद के संसाधन से संचालित हो रही है। सुरक्षा निदेशालय के पूर्व निदेशक डॉक्टर मनीष झा, डॉ ए के अग्रवाल , सचिव डॉक्टर शशि राय मनोरोगी कल्याण संस्थान के अध्यक्ष रमेश अग्रवाल डॉक्टर प्रभात सी ने विचार व्यक्त किए।

क्रिकेट में डिप्लोमा प्रथम वर्ष की टीम जीती

अमृत विचार, लखनऊ : यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में एक्स्ट्रा करिकलर एक्टिविटीज सिनर्जी 2024 के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डीन एफओईटी प्रो. एके सिंह एवं इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने किया। क्रिकेट में डिप्लोमा द्वितीय वर्ष के छात्रों ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। प्रथम वर्ष की टीम ने द्वितीय वर्ष की टीम को जीत के लिए 63 रन का लक्ष्य दिया। द्वितीय वर्ष की टीम पर आउट हो गई। बास्केट बॉल में बीफार्मा तृतीय वर्ष के छात्र विजयी रहे।

रेलवे अधिकारी की बदौलत घायल गोवंश को मिला उपचार

अमृत विचार, लखनऊ : मंडल पूर्वोत्तर रेलवे में तैनात वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर राहुल पाण्डेय निरीक्षण कार्यों के लिए लखनऊ से गोंडा जा रहे थे। रास्ते में घाघरा घाट के आगे एक ऑनलाइन मॉनिटरिंग की साइट है। वहां उन्हें रेलवे ट्रैक के पास घायल अवस्था में गोवंश दिखाई दिया। राहुल पाण्डेय का गोंडा जाना आवश्यक था। ऐसे में उन्होंने घायल जानवर फोटो ले ली और सोशल मीडिया के माध्यम से बहराइच के पशु चिकित्सा डॉ. आलोक कुमार से सम्पर्क किया। डॉ. आलोक ने इस बात को काफी गंभीरता पूर्वक लिया और बताई गई लोकेशन पर सभी मेडिकल समान और स्टाफ के साथ पहुंच गए। बेहद गंभीर अवस्था में पड़े घायल गोवंश का उन्होंने इलाज किया। इलाज के साथ ही सभी फोटो और रिपोर्ट रेलवे अधिकारी राहुल पाण्डेय को भेजी। इस तरह से एक घायल गोवंश का उपचार संभव हो सका।

पारम्परिक व पश्चिमी वाद्ययंत्रों पर हुआ गुरुबानी कीर्तन

अमृत विचार, लखनऊ : ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में वार्षिक बसंत समागम श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया। सिमरन साधना परिवार की ओर से यह समागम बलवंत सिंह मक्कड़ की स्मृति में आयोजित किया गया। सिमरन साधना परिवार से जुड़े छात्रों ने पारम्परिक वाद्ययंत्रों के साथ-साथ पश्चिमी वाद्ययंत्रों पर गुरुबानी कीर्तन का गायन किया। लवप्रीत कौर ने नाम सिमरन और गुरकीरत कौर ने राखो सरनाई गुरु रामदास, दिवांशी दुआ ने बसंत राग, अनूप सिंह ने नाम बिना कहां को तरया और पूरे समूह ने इश्क मौला शबद सुनाकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। पूरी संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब पर पुष्पांजलि अर्पित की। गुरकीरत कौर, लवप्रीत कौर और दिवांशी दुआ ने की बोर्ड, रत्नांगी पंडित ने वायलिन, हरमीत सिंह, प्रभजोत सिंह और अनूप सिंह ने तबले पर संगत की, जबकि हारमोनियम पर सिमरन कौर, गुरप्रीत सिंह गांधी, सुखप्रीत कौर और स्मिति चंद ने शानदार साथ दिया। सिमरन साधना परिवार के संस्थापक तरनजीत सिंह मक्कड़ और रमनजोत कौर मक्कड़ ने सतपाल सिंह मीत के सहयोग से समागम को संचालित किया। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने बच्चों को प्रेरणादायक शब्दों से प्रेरित किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कलयुग में राम का नाम विश्वास का बड़ा साधन है : देवमुरारी

अमृत विचार, लखनऊ : ऐशबाग रामलीला मैदान में हो रही कथा में कथा वाचक आचार्य देवमुरारी बापू ने राम नाम की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि राम का नाम कलयुग में व्यक्ति के अंदर विश्वास और शक्ति प्राप्त करने का बहुत बड़ा साधन है। राम नाम के सहारे ही भाव कूप में डूबने से बचते हैं और व्यक्ति मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। उन्होंने कहा कि विश्वास के साथ राम नाम का जाप किया जाए तो आज भी सारे मनोरथ पूर्ण किए जा सकते हैं। देवमुरारी बापू ने कहा कि जिसको कथा सुनाई जा रही है वह कथा पर विश्वास न करता हो तो उसे यह कथा अमृत कभी नहीं सुनना चाहिए, चाहे वो कितना धनवान या बड़ा व्यक्ति हो।

सख्ती देख रजिस्टर लेकर हाजिर हुए गुरुजी

अमृत विचार, लखनऊ : यू डायस पोर्टल पर राजधानी के 228 सरकारी विद्यालयों के बच्चों की संख्या कम दिखने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी की सख्ती का असर शनिवार को देखने को मिला। शिक्षक बच्चों के उपस्थिति रजिस्ट्रर लेकर विभाग पहुंचे और पोर्टल पर संख्या कम दिखने का कारण बताया। अमृत विचार ने "यू-डायस पोर्टल पर घटी छात्रों की संख्या" शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया। बीएसए राम प्रवेश ने खंड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि शिक्षकों से समन्वय स्थापित कर समय पर यू-डायस पोर्टल पर बच्चों के ब्योरा की फीडिंग करायें।

काम करने से महिलाओं में आता है आत्मविश्वास

अमृत विचार, लखनऊ, : काम करने से महिलाओं में आत्मविश्वास आता है। आप कुछ भी करिए लेकिन काम जरूर करिए। महिलाओं को आगे बढ़ाने में सबसे पहले परिवार, उसके बाद ससुराल और बाद में समाज की भूमिका बहुत बड़ी हो जाती है। यह बातें शनिवार को गोमती नगर स्थित आईसीएमएआई कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय वूमन डे कार्यक्रम में निकल कर आईं। सीमा की महिला विंग सेल्फ और आईसीएमएआई की तरफ की यह कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि आलोक रंजन ने बताया कि समाज में बहुत बदलाव आया है। हौसला और जज्बात हों तो आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं। यूपी कॉपोरेटिव बैंक लिमिटेड के एडिशनल कमिश्नर धीरज चंद्रा ने बताया बैंक में बहुत सारी योजनाएं चल रही हैं। इससे महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक तौर पर मजबूत कर सकते हैं। इसमें ओडीओपी समेत सभी प्रमुख योजनाओं को प्रमोट किया जा रहा है। बैंक की तरफ से उनकी अलग- अलग योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। सेल्वी शारदा ने बताया कि उनका पत्रकारिता के सेक्टर में आने का इरादा नहीं था। शुरू में एक लेख के लिए एक निजी अखबार से 500 रुपए मिलते थे। उस समय वह पैसा बहुत होता था। उससे घर वालों को गिफ्ट देती थीं।

आईलैंड प्लेटफार्म से चलेंगी लखनऊ से चलने वाली ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: चारबाग रेलवे स्टेशन पर दो आईलैंड प्लेटफार्म तैयार किए जा रहे हैं। यह प्लेटफार्म जंक्शन के कैब वे के रास्ते से सटे पुराने मालगोदाम की जगह पर तैयार किया जा रहा है। इसे तैयार करने में तकरीबन आठ माह का समय लग जाएगा। लखनऊ से चलने वाली ट्रेनों को इन आईलैंड प्लेटफॉर्मों पर शिफ्ट किया जा सकेगा, इससे यात्रियों को ट्रेन पकड़ने में आसानी होगी।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन का अपग्रेडे किए जाने का कार्य तेजी से चल रहा है। सेकेंड एंट्री की ओर निर्माण कार्य किया जा रहा है। सेकेंड एंट्री के बीच भव्य गेट बनाया जाएगा। चारबाग मुख्य भवन से कैब वे की ओर जाने पर मौजूद पुराना मालगोदाम ढहाकर आईलैंड प्लेटफार्म बनाया जा रहा है। लखनऊ से चलने वाली ट्रेनों को यहीं से चलाया जा सकेगा। इससे यात्रियों और स्टेशन प्रशासन दोनों को राहत हो जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार दिल्ली जाने वाली एसी एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें आईलैंड प्लेटफार्म शिफ्ट की जा सकती हैं।

अभी चारबाग रेलवे स्टेशन पर 9 प्लेटफॉर्म हैं। इसमें 8, 9 नंबर प्लेटफॉर्म खम्मनपीर मजार के निकट स्थित हैं। ऐसे में 2 प्लेटफॉर्म बनने से प्लेटफॉर्मों की संख्या 11 हो जाएगी। प्लेटफार्म बन जाने से ट्रेनों का संचालन बेहतर हो सकेगा। पुराने मालगोदामों की जगह बनाए जा रहे आईलैंड प्लेटफॉर्मों पर आने-जाने के लिए यात्रियों को सुविधा रहेगी। वे कैबवे का रास्ता पकड़कर आसानी से प्लेटफार्म 10 और 11 पर आ सकेंगे। इसके बाद लखनऊ जंक्शन के रास्ते बाहर निकल सकेंगे। ऐसे में चारबाग स्टेशन की मुख्य बिल्डिंग पर ट्रेनों और यात्रियों का ट्रैफिक लोड कम हो जाएगा।

● चारबाग में मालगोदाम की जगह पर किया जा रहा निर्माण

> मालगोदामों की जगह दो आईलैंड प्लेटफॉर्म तैयार किए जा रहे हैं। यहां से ट्रेनों का बेहतर संचालन हो सकेगा। यात्री चारबाग के रास्ते आकर ट्रेन पकड़ सकेंगे, लखनऊ जंक्शन के कैबवे के रास्ते बाहर निकल सकेंगे।
>
> -रेखा शर्मा, सीनियर डीसीएम, उत्तर रेलवे

101 विभूतियों को मिला एपीजे अब्दुल कलाम अवार्ड-2024

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट काम करने वाली 101 विभूतियों को सम्मानित किया गया। राज्य मंत्री विश्वनाथ ने भारत रत्न एपीजे अब्दुल कलाम अवार्ड-2024 सम्मान दिया।

गृह उद्योगों में काम करने वाली गरीब महिलाओं को साड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रख्यात फिल्म एवं रंगमंच अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी, अभिनेत्री फरहाना फातिमा, अंबरीश बॉबी, आकाश पाण्डेय, ट्रांसजेंडर मॉडल प्रियंका सिंह रघुवंशी, चाट किंग हरदयाल मौर्या, हेल्प यू ट्रस्ट के संस्थापक हर्षवर्धन सिंह, गोरखपुर की कवियत्री डॉ. सरिता सिंह, वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाली सपना गोयल, कवि संजीव जायसवाल, कॉस्मेटिक इनोवेटर डॉ. तेजस्विनी सिंह, दबीर सिद्दीकी, जगत सिंह कार्की, दीपिका मिश्रा, नीशू त्यागी, पुलिस अधिकारी मोहम्मद अली साहिल, दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष विनय शुक्ला, नशा मुक्ति नागेंद्र सिंह चौहान आदि को सम्मानित किया गया।

मनहर के तीसरे अंक का लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊः प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास के प्रशंसकों के परिवार विश्वासम् ने गोमतीनगर के एक होटल में राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया। नीति निर्धारण समिति के 17 सदस्य ऑफलाइन और छह सदस्य ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़े। संरक्षक, संस्थापक दिव्या गौरव त्रिपाठी ने बताया कि समागम में एक वर्ष की नीतियों पर चर्चा हुई। प्रख्यात ओजकवि रतन तिवारी, समाजसेवी उमाशंकर त्रिपाठी, केमिकल इंजीनियर शिव तिवारी एवं हिंदी की प्राध्यापिका डॉ. संगीता सिंह ने पत्रिका मनहर के तीसरे अंक का लोकार्पण किया।

साहित्य महोत्सव में विदेशी छात्रों की प्रस्तुति ने मनमोहा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय के सहयोग से अपना पहला साहित्य महोत्सव मनाया। लखनऊ - एक नया दौर शीर्षक से जुड़े दो दिवसीय साहित्य महोत्सव में मानवीय अनुभव की जटिलताओं पर बल दिया।

पहले दिन शुरुआत जोनाथन सहाय द्वारा प्री-फेस्टिवल प्रदर्शन के साथ हुई। डॉ. डेविड ने एनईपी की सराहना की और साहित्य और संस्कृति के लिए इसकी प्रासंगिकता को दर्शाया।

प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने प्रसिद्ध हिंदी निबंध गेहूं बनाम गुलाब का उल्लेख किया।अगला सत्र की शुरुआत सलीम आरिफ ने लखनऊ की खूबसूरत और समृद्ध संस्कृति से परिचय कराने के साथ की। सत्र के प्रमुख वक्ता प्रो. नदीम हसनैन, मेहरू जाफर, मारूफ कलमेन और यतींद्र मिश्रा थे।

कार्यक्रम का शीर्षक रंगमंच और सिनेमा और लखनऊ की आवाज़ें था। डॉ. अब्बास रजा नैयर द्वारा संचालित डॉ. हरिओम द्वारा कविता से संगीत तक का व्याख्यान का आयोजन हुआ। डॉ. नैयर ने डॉ. हरिओम ने कार्यक्रम की शुरुआत मॉडरेटर और स्पीकर के बीच एक दिलचस्प काव्य आदान-प्रदान के साथ हुई। यह एक इंटरैक्टिव सत्र था, जिसमें छात्रों को स्पीकर से सवाल पूछने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अपनी एक कविता सिकंदर हूँ, मगर हरा हुआ हूँ के पाठ के साथ सत्र का समापन किया। स्मृति समारोह के दौरान, प्रो. रानू उनियाल ने स्व पद्मश्री प्रो. राज बिसारिया से जुड़ी अपनी यादें साझा कीं।

▸▸ लखनऊ- एक नया दौर दो दिवसीय साहित्य महोत्सव शुरू

कौशल किशोर की किताब का विमोचन आज

अमृत विचार, लखनऊ : जन संस्कृति मंच और इप्टा की ओर से कौशल किशोर की किताब भगत सिंह और पाश : अंधियारे का उजाला का विमोचन व परिचर्चा का आयोजन रविवार 17 मार्च को शाम 4 बजे से कैसरबाग स्थित इप्टा कार्यालय में होगा। वन्दना मिश्रा की अध्यक्षता में होने वाले इस आयोजन में डॉ. रमेश दीक्षित, प्रो. सूरज बहादुर थापा, शैलेश पंडित तथा असगर मेहंदी पुस्तक पर विचार रखेंगे।

शिशु का आहार प्रभावित हो तो मां को रोजा नहीं रखना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● शिया हेल्पलाइन ने दिए रोजेदारों के सवालों के जवाब

अमृत विचार। 5 रमजान को कार्यालय आयतुल्लाह अल उजमा सैय्यद अली शीराजी की हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा पूछे गए धार्मिक सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी और अन्य उलेमा के पैनल ने दिए। रोजेदारों की सुविधा के लिए यह हेल्पलाइन जारी की गई है। इसमें रोजा, नमाज आयर अन्य धार्मिक समस्याओं के बारे में मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर सम्पर्क किया जा सकता है। महिलाओं की हेल्पलाइन का नम्बर 6386897124 है।

हेल्पलाइन के सामने सवाल आया कि जो लोग बीमारी के कारण रोज़ा नहीं रखते, क्या वह खाने पीने के लिए अज़ाद हैं, जब दिल चाहे तब खा-पी सकते हैं ? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि अगर कोई व्यक्ति बीमारी के कारण रोजा नहीं रखता है तो वह जितनी जरूरत हो उतना खा-पी सकता है। जरूरत से ज्यादा खाना रमज़ान के महीने की पवित्रता के कारण हराम हो जाएगा।

एक रोजेदार ने पूछा कि क्या रमज़ान में सुबह की नमाज़ के बाद मंजन किया जा सकता है? इसके जवाब में कहा गया कि अगर हलक तक नहीं पहुंचे तो कोई दिक्कत नहीं है। एक सवाल आया कि अगर किसी महिला का बच्चा छोटा है और वह मां के दूध पर ही निर्भर है. मां रोजे से है, ऐसे में बच्चे की खुराक पर असर पड़ रहा हो तो क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि अगर शिशु का आहार प्रभावित हो रहा हो तो महिला को रोज़ा नहीं रखना चाहिए। हेल्पलाइन के सामने एक सवाल यह आया कि अगर सोने पर जकात फर्ज है तो आभूषणों पर भी जकात फर्ज होगी? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि सोने पर जकात फर्ज है, लेकिन महिलाओं के गहनों पर जकात नहीं दी जाएगी। एक व्यक्ति ने पूछा कि करबला से लाए गए कफन को एक साल तक रखने पर क्या खुम्स वाजिब होगा? जवाब मिला कि हां इस पर खुम्स वाजिब होगा।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर गति शक्ति उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें अकेला पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा संख्या	जीएसयू-एलकेओ-सिग-उत्तर-07		
कार्य का नाम	"लखनऊ के उतरेटिया स्टेशन पर प्लेटफॉर्म के विस्तार और उसके परिणामस्वरूप इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव के संबंध में एस एंड टी काम कर रहा है"		
अनुमानित लागत	₹96,63,723.06	निविदा प्रपत्र की कीमत	शून्य
धरोहर राशि	₹1,93,300/-	कार्य पूरा करने की अवधि	180 दिन
निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	09.04.2024 को 15:00 बजे		
वेबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है।	www.ireps.gov.in उप चीफ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता/गति शक्ति कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ		

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती हैं। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना की धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: जीएसयू-एलकेओ-सिग-उत्तर-07 दिनांक: 16.03.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 863/2024

महत्वपूर्ण निर्णय

'लोकसेवक के आदेश की अवहेलना मामलों में विवेचना का अधिकार नहीं'

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए कहा है कि लोकसेवक द्वारा पारित आदेश की अवहेलना के अपराध से सम्बंधित आईपीसी की धारा 188 में विवेचना का अधिकार पुलिस को नहीं है। न्यायालय ने प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए कहा है कि उक्त धारा के तहत सम्बंधित अधिकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद दाखिल कर सकता है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव के सम्बंध में अवैध भुगतान की आईपीसी की धारा 171 एच में प्रत्याशी के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। उक्त धारा प्रत्याशी से भिन्न व्यक्ति पर ही लगाई जा सकती है। यह निर्णय न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने अयोध्या निवासी मो. राशिद खान की याचिका पर पारित किया है। याची की ओर से अधिवक्ता चंदन श्रीवास्तव ने दलील दी कि स्थानीय निकाय चुनाव, 2017 में याची अयोध्या के सरदार भगत सिंह वार्ड से प्रत्याशी था, चुनाव के दौरान बिजली के एक पोल पर उसका पोस्टर लगा होने के आरोप में स्थानीय चौकी इंचार्ज द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई तथा विवेचना के उपरांत याची के विरुद्ध आईपीसी की धारा 171 एच और 188 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया। तत्पश्चात आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए, निचली अदालत ने याची को तलब कर लिया। दलील दी गई कि सीआरपीसी की धारा 195(1) प्रावधान करती है कि 188 के तहत परिवाद पर ही संज्ञान लिया जा सकता है जबकि धारा 171 एच असंज्ञेय प्रकृति की है जिसे किसी चुनाव के प्रत्याशी पर नहीं लगाया जा सकता। न्यायालय ने याची के विरुद्ध दाखिल आरोप पत्र व निचली अदालत के तलबी आदेश को निरस्त करते हुए, अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि प्रावधानों के तहत उक्त धारा 188 के तहत अपराध के मामले में कोर्ट आरोप पत्र पर संज्ञान नहीं ले सकती जबकि धारा 171 एच प्रत्याशी से भिन्न व्यक्ति पर ही लगाई जा सकती है।

युवा मतदाता तय करेंगे लखनऊ का सांसद

लखनऊ और मोहनलालगंज में मतदान 5वें चरण में 20 मई को होगा

- दोनों संसदीय सीट पर 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग
- इसमें सबसे अधिक युवा (18 से 29 वर्ष) मतदाताओं की संख्या लगभग 7 लाख 2 हजार 860 है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। भाजपा और सपा ने लखनऊ और मोहनलालगंज क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। चुनावी महासमर में कूदे दोनों पार्टियों के नेताओं की किस्मत की चाबी अब युवाओं के हाथ में होगी। युवाओं का रुझान जिस ओर अधिक होगा, उसके लोकसभा पहुंचने की संभावना बढ़ जाएगी।

लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय सीट के लिए 5वें चरण में 20 मई को मतदान होगा। दोनों संसदीय सीट पर 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता हैं। 20 मई को कुल 1545 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दोनों संसदीय सीट पर 18 से 29 वर्ष के युवा मतदाताओं की संख्या 7 लाख 2 हजार 860 है। युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए राजनीतिक दलों ने कई कार्यक्रम आयोजित किए। साथ ही, चुनाव प्रचार के दौरान फोकस युवाओं पर होगा। ऐसे में कहा जा सकता है कि युवा वर्ग का जिस राजनीतिक दल के प्रत्याशी की ओर झुकाव होगा, उनके लोकसभा पहुंचने की राह आसान हो जाएगी।

18-19 वर्ष के मतदाता

विधानसभा	पुरुष	महिला	कुल
मलिहाबाद	2321	1856	4177
बक्शी का तालाब	3874	3392	7266
सरोजनीनगर	3460	2790	6250
लखनऊ पश्चिम	3522	3122	6644
लखनऊ उत्तर	3298	3106	6404
लखनऊ पूर्व	2394	2054	4448
लखनऊ मध्य	1894	1708	3602
लखनऊ कैंट	2241	206	4302
मोहनलालगंज	2379	1766	4145

मोहनलालगंज संसदीय सीट से सांसद

वर्ष	नाम	दल
1962	गंगा देवी	कांग्रेस
1967	गंगा देवी	कांग्रेस
1971	गंगा देवी	कांग्रेस
1977	रामलाल कुरील	जनता पार्टी
1980	कैलाश पति	कांग्रेस
1984	जगन्नाथ प्रसाद	कांग्रेस
1989	सरजू प्रसाद सरोज	जनता दल
1991	छोटेलाल	भाजपा
1996	पूर्णिमा वर्मा	भाजपा
1998	रीना चौधरी	सपा
1999	रीना चौधरी	सपा
2004	जय प्रकाश रावत	सपा
2009	सुशीला सरोज	सपा
2014	कौशल किशोर	भाजपा
2019	कौशल किशोर	भाजपा

लखनऊ सीट पर अब तक लोकसभा के सदस्य

नाम	वर्ष	दल
शिवराजवती नेहरू	1951-53	कांग्रेस
विजयलक्ष्मी पंडित	1953-57	कांग्रेस
पुलिन बिहारी बनर्जी	1957-60	कांग्रेस
बीके धवन	1962-67	कांग्रेस
आनंद नारायण मुल्ला	1967-71	निर्दलीय
शीला कौल	1971-77	कांग्रेस
हेमवती नंदन बहुगुणा	1977-80	लोकदल
शीला कौल	1980-84	कांग्रेस
शीला कौल	1984-89	कांग्रेस
मंधाता सिंह	1989-90	जनता दल
अटल बिहारी वाजपेयी	1991-96	भाजपा
अटल बिहारी वाजपेयी	1996-98	भाजपा
अटल बिहारी वाजपेयी	1998-99	भाजपा
अटल बिहारी वाजपेयी	1999-2004	भाजपा
अटल बिहारी वाजपेयी	2004-2009	भाजपा
लालजी टंडन	2009-2014	भाजपा
राजनाथ सिंह	2014-2019	भाजपा
राजनाथ सिंह	2019-2024	भाजपा

20-29 वर्ष के मतदाता विधानसभा क्षेत्रवार

मलिहाबाद	74695
बक्शी का तालाब	100218
सरोजनीनगर	94182
लखनऊ पश्चिम	70676
लखनऊ उत्तर	80471
लखनऊ पूर्व	62984
लखनऊ मध्य	48494
लखनऊ कैंट	52701
मोहनलालगंज	70584
कुल	655005

यहियागंज समेत अन्य बाजारों में टप्पेबाजी और छिनैती पर रहेगी पुलिस की नजर

व्यापारियों के साथ सुरक्षा को लेकर बैठक करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैमरे लगाने में सहयोग करें व्यापारी, आसान होगी निगरानी
- सतर्क रहे थाना पुलिस, सादी वर्दी में गश्त करें पुलिस कर्मी

अमृत विचार: त्योहार के मद्देनजर घने बसे यहियागंज बाजार में टप्पेबाजों से निपटने के लिए शनिवार को यहियागंज उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें टप्पेबाजी और छिनैती की घटना से बचने के लिए पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ चर्चा कर कई बिन्दुओं पर एक साथ काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि यहियागंज बाजार शहर की सबसे पुरानी एवं घनी थोक बाजार है। चार किलोमीटर के दायरे में संचालित होने वाली यह बाजार तीन थाना क्षेत्रों थाना चौक, बाजार खाला और वजीरगंज में पड़ती है। त्यौहारों में भीड़-भाड़ अधिक होने का टप्पेबाज लाभ उठाते हैं। छिनैती की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में पुलिस की मुस्तैदी जरूरी है। जाम की समस्या बड़ी है। रकाबगंज पुल पर रेलवे लाइन किनारे लगे ठेले खोमचों को कई बार हटाया गया। कुछ दिन बाद वहां फिर पहुंच जाते हैं। सुभाष मार्ग पर खड़े होने वाले लावारिस वाहनों की सुधि ली जाए और कार्रवाई की जाए। बाजार में केवल लोडिंग अन लोडिंग के समय ही वाहन खड़े हों बाकी पार्किंग में खड़े करें। एडीसीपी पश्चिम ने आश्वस्त किया कि पुलिस बाजारों में रहेगी। भ्रमण भी होगा। व्यापारी, कर्मचारी और ट्राली वाले का वेरिफिकेशन जरूर कराएं। योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। व्यापारी अधिक से अधिक कैमरा लगाएं जिससे निगरानी में और तेजी आएगी। इसमें अध्यक्ष के अतिरिक्त वरिष्ठ महामंत्री नीरज गुप्ता, संसदीय महामंत्री प्रशान्त गर्ग, महामंत्री नरेश कुमार, अनस समशी, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, विनय गुप्ता, युवा अध्यक्ष कुश मिश्र, युवा वरिष्ठ महामंत्री समीर जैन, किराना कमेटी के अध्यक्ष रामशंकर अवस्थी, राजेन्द्र अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, धीरेन्द्र कुमार अवस्थी, अरविन्द दीक्षित, रतन चौरसिया, वैभव जैन, सनी लालवानी, विशाल गुप्ता आदि उपस्थिति रहे।

2024 के बाद वोट देने का अधिकार नहीं मिलेगा : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इस चुनाव से भारत का भविष्य तय होना है। सन् 2024 के चुनावों के बाद भाजपा जनता को वोट का अधिकार ही नहीं मिलने देगी, इसलिए आज से ही सभी को प्रचार में जुट जाना है। सपा प्रमुख शनिवार को प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा घोटाले और घपले हुए हैं। लोगों को फर्जी केसों में फंसाने और विपक्षी नेताओं को बदनाम करने के लिए ईडी, सीबीआई, इन्कमटैक्स का दुरुपयोग किया जा रहा है।

कर्मचारी की मृत्यु के 22 साल बाद जीपीएफ के भुगतान की उम्मीद

विधि संवाददाता लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पंचायत राज विभाग के एक कर्मचारी के परिवार को आठ प्रतिशत ब्याज की दर से जीपीएफ का भुगतान करने के आदेश दिए हैं। कर्मचारी की मृत्यु 22 वर्ष पूर्व वर्ष 2002 में हो चुकी है जबकि वर्ष 1992 में ही वह सेवानिवृत भी हो चुका था। यह आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार की एकल पीठ ने कर्मचारी के पुत्र भानु प्रताप सोनकर की याचिका पर पारित किया। वर्ष 2015 में दाखिल उक्त याचिका में कहा गया कि याची के पिता बली राम प्रसाद बतौर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), ब्लॉक पंचपेड़वा, बलरामपुर में सेवारत थे। याची की ओर से अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने दलील दी कि बली राम प्रसाद वर्ष 1992 में सेवानिवृत हुए। सेवानिवृति के पश्चात उन्होंने अपने जीपीएफ भुगतान का काफी प्रयास किया परंतु विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया गया। याचिका पर न्यायालय जिला पंचायत राज अधिकारी का व्यक्तिगत हलफ़नामा तलब किया जिसमें अधिकारी ने स्वीकार किया कि जीपीएफ का भुगतान न हो पाने में याची के पिता की कोई गलती नहीं थी। कहा गया कि कई बार पत्राचार के बावजूद बली राम प्रसाद की व्यक्तिगत फ़ाइल और जीपीएफ पासबुक खंड विकास अधिकारी, पंचपेड़वा के कार्यालय से नहीं मिल सकी, जबकि इस सम्बंध में वर्ष 2010 से वर्ष 2014 तक कई पत्र भेजे गए। जवाबी हलफनामे में आगे कहा गया कि उपरोक्त दस्तावेज मिलने के बाद 8 मई 2015 को महालेखाकार, इलाहाबाद को फ़ाइल भेजी गई, महालेखाकार ने सर्टिफाइड दस्तावेजों की मांग की, सम्बंधित दस्तावेज भेजने के पश्चात आवश्यक कार्यवाही के लिए कार्यालय सहायक बलरामपुर कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव ने डीपीआरओ के समक्ष फ़ाइल ही नहीं भेजी जिसके कारण मामला लटका रहा। न्यायालय ने कहा कि वर्ष 1992 से वर्ष 2023 तक अधिकारी सिर्फ दस्तावेज एकत्रित करते रहे, वर्ष 2023 में पहली बार कर्मचारी के कानूनी वारिसों को पत्र भेजकर बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने को कहा गया। न्यायालय ने जीपीएफ धनराशि पर आठ प्रतिशत ब्याज अधिरोपित कर कानूनी वारिसों को भुगतान का आदेश दिया है।

राजधानी को मिले 613 प्रशिक्षु दारोगा, थानों में की गई तैनाती

अमृत विचार, लखनऊ : अब लखनऊ कमिश्नरेट के थानों को पुलिस बल की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। शनिवार को 613 ट्रेनी दारोगा की तैनाती की गई है। डीसीपी मुख्यालय से सभी को थानों पर अटैच कर दिया गया है। इससे फरियादियों और पीड़ितों को भी राहत मिलेगी। लोकसभा चुनाव से पहले कमिश्नरेट में फोर्स के स्थानांतरण से चौकी और थानों पर पुलिस कर्मियों की संख्या कम हो गई थी। इस बीच वर्ष 2020 में चयनित 613 दारोगा को पुलिस मुख्यालय से 24 महीने लखनऊ में तैनात किया गया है। यह सभी थानों और चौकी पर शनिवार को अटैच कर दिए गए। इनके आने से थानों पर स्टाफ बढ़ जाएगा। विवेचना में भी मदद मिलेगी। डीसीपी मुख्यालय से हर महीने सभी दारोगा की परीक्षा होगी। इसमें जो दारोगा जिन दायित्व को संभालने योग्य होंगे उन्हें प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। जबकि फेल होने वाले दारोगा की ट्रेनिंग बढ़ा दी जाएगी। पुन: 45 दिन बाद परीक्षा होगी। ट्रेनी दारोगा को रूटीन कार्य में नहीं लगाया जाएगा।यह दरोगा दो वर्ष की ट्रेनिंग के दौरान 12वें महीने पीएसी में तैनात रहेंगे। वहां इनके व्यवहारिक प्रशिक्षण की जानकारी दी जायेगी।

इस सम्बन्ध में उपेंद्र कुमार अग्रवाल, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था लखनऊ को 613 ट्रेनी दारोगा मिले हैं। इससे थानों पर स्टाफ बढ़ेगा। जन समस्याओं पर के निस्तारण में तेजी आएगी। ट्रेनिंग पूरी पर सभी शांति व्यवस्था की ड्यूटी करेंगे।

ट्रंक बाक्स खोलकर पेपर की फोटो खींचने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला
- गिरोह के सरगना ने 15 लाख रुपये बाक्स खोलने के एवज में देने का किया था वादा

अमृत विचार : ट्रंक बाक्स खोल यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्न-पत्र की मोबाइल से फोटो खींच गिरोह के सरगना को देने वाले बिहार निवासी डॉ. शुभम मंडल को एसटीएफ ने मेरठ से गिरफ्तार किया। गिरोह के सरगना ने ट्रंक बाक्स खोल प्रश्न पत्र की फोटो कॉपी खींचने की एवज में शुभम को 15 लाख रुपये देने का वायदा किया था।

एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में पहले ही गिरोह के कई सदस्यों की गिरफ्तारी की गई थी। पूछताछ में सभी ने पेपर लीक मामले में डॉ. शुभम मंडल की संलिप्तता बताई थी। इसके आधार पर शुभम को एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने शनिवार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में शुभम ने टीसीआई कम्पनी के अन्दर रखे ट्रंक बॉक्स खोल सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र पत्र निकाल कर फोटो खींच गिरोह के सरगना को भेजने का जुर्म कबूल किया।

एडीजी ने बताया कि डॉ. शुभम ने वर्ष-2021 में नालंदा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया था। वर्तमान में संविदा पर पीएचसी बरारी जिला, कटिहार बिहार में बतौर चिकित्सक नियुक्त है। शुभम के बचपन का साथी बिटटू ने पटना मेडिकल कालेज से वर्ष-2021 में एमएमबीएस किया था। वर्ष-2017 में डॉ. शुभम और बिटटू नीट के पेपर लीक मामले में थाना पत्रकार नगर, पटना बिहार से जेल भेजे गये थे। बिटटू ने ही शुभम को बताया था कि जिस ट्रंक बॉक्स में प्रतियोगी परीक्षा का पेपर रखा जाता है उसे वह बड़ी सफाई से खोल देता है।

एडीजी ने बताया कि बिटटू ने ही शुभम से अपने दोस्त रवि अत्री से मिलवाया था। बताया कि यह भी प्रतियोगिता परीक्षाओं का पेपर लीक कराता है। इसी आधार पर शुभम को रवि ने फोन की यूपी में सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के लिये राजी किया। इसके बाद शुभम ने बिटटू से ट्रंक बॉक्स खोलना सीखा। पांच फरवरी को रवि ने शुभम को अहमदाबाद टंक बाक्स खोलने के लिये बुलाया। इसकी एवज में पांच लाख रुपये मिले। रवि ने पटना से अहमदाबाद की फ्लाईट का टिकट बुक कर शुभम को बुलाया था। एयरपोर्ट पर उसे लेने रवि, अभिषेक शुक्ला और राजीव नयन मिश्रा पहुंचे थे। जहां से कार पर टीसीआई कम्पनी रात 11.30 बजे पहुंचे थे।

पटना से अहमदाबाद ट्रंक बाक्स खोलने पहुंचा था शुभम

टीसीआई कम्पनी के अंदर वहीं के कर्मी रोहित पाण्डेय और शिवम गिरि मिले। रवि के कहने पर राजीव ने शुभम को अपना मोबाइल फोन दिया। शुभम कंपनी के अंदर रोहित व शिवम के साथ खिड़की से घुस सीसीटीवी कैमरों की बचते हुये ट्रंक बॉक्स तक पहुंचा था। दो ट्रंक बॉक्स सुरक्षित स्थान पर ले जाकर शुभम ने खोल प्रश्न पत्र की फोटो खींच राजीव नयन मिश्र को दी थी। आठ मार्च को शुभम दोबारा पहुंचा था पहले की तरह ही बाक्स खोल पेपर की फोटो खींच लिया।

वन्य जीव तस्कर गिरफ्तार 462 तोते बरामद

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी एसटीएफ ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर वन्य जीवों की तस्करी करने वाले गैंग के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से प्रतिबंधित प्रजाति के 462 तोते बरामद किये हैं। आरोपी को प्रदेश के सीतापुर जिले के कमलापुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर पौधशाला के समीप लखनऊ-सीतापुर मार्ग से पकड़ा गया। आरोपी की पहचान रहीस अहमद ग्राम पहाड़पुर, महेशपुर का निवासी है। एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि रहीस पीलीभीत व रामपुर के शिकारियों से विभिन्न प्रजाति के तोता इकट्ठा कराता था। जिनको लखनऊ, सीतापुर और गोरखपुर में बेचता था।

रालोद व बसपा के नेता सपा में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : रालोद और बसपा के पूर्व विधायक समेत कई नेताओं ने शनिवार को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

वर्ग पहेली-12

बाएं से दाएं

1. ऊंट की पीठ पर रखी जाने वाली काठी जो बैठने अथवा सामान लादने के उपयोग में लाई जाती है, ऊंट का हौदा जिसमें दोनों ओर आदमी बैठते हैं।
4. आधा जला हुआ।
6. (पुराण) विष्णु के दस अवतार, दस अवतार लेने वाले विष्णु।
8. 1. मधुमक्खी का छत्ता 2. तलवार 3. कारंडव नामक हंस 4. बांस की बनी हुई टोकरी या पिटारी 5. यकृत 6. एक तरह की चमेली 7. कुरुल पत्थर जिसपर रगड़कर हथियार आदि की धार को तेज़ किया जाता है।
9. 1. जो गूढ़ या छिपा न हो, प्रकट 2. सरल

ऊपर से नीचे

1. 1. खोए की बरफ़ी 2. एक प्रसिद्ध मिठाई।
2. 1. (पानी) जो स्वच्छ न हो, दूषित 2. गंदा, मैला 3. जिसमें धूल-मिट्टी मिली हुई हो।
3. 1. विधि के अनुसार मान्य होने की अवस्था, विधिपरकता 2. वैध होने की अवस्था या भाव।
4. 1. गहरा जमा हुआ 2. भीतर छिपा या दबा हुआ, अंदर पैठा हुआ।
5. एक शिकारी चिड़िया।
7. 1. खांड़ या खांड़ के पदार्थ 2. खंडसार में बनी चीनी 3. खांड़सारी उद्योग।
9. 1. विष 2. हरताल 3. बिच्छू का डंक।



वर्ग पहेली -11 का हल

1 त	प	■	2 ना	■	■	3 टैं
ड़	■	4 ह	वा	ई	डा	क
क	■	■	धि	■	■	र
भ	■	■	5 क	6 ह	र	■
ड़	■	7 के	र	ल	■	8 श
क	■	■	ण	■	■	री
■	9 ता	क	■	10 अ	नी	क

सुडोकू-91

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2					3	
6				1		4		
	8				9		5	
4			2				6	
	5						4	
			8		5		1	7
	6		7			8		
		3		5				4
	9					6		

सुडोकू -90 का हल

6	1	9	2	8	3	7	4	5
3	4	8	7	5	6	1	2	9
7	5	2	4	9	1	3	6	8
8	7	3	9	6	4	5	1	2
9	2	5	1	7	8	4	3	6
1	6	4	3	2	5	8	9	7
2	3	7	5	1	9	6	8	4
5	8	1	6	4	2	9	7	3
4	9	6	8	3	7	2	5	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 21.52 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 16.47 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज आय के नए साधन प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। नए रिश्ते की शुरुआत हो सकती है। मनोरंजक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

वृष — आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। बड़ी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। सारे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। कारोबार में तरक्की होगी। घर-परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। बड़ों की सलाह लें उसका लाभ प्राप्त होगा।

मिथुन — आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। अपनी योग्यता पर भरोसा रखें। इन्श्योरेंस और मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ प्राप्त होगा। नए प्रोजेक्ट में हिस्सा ले सकते हैं। आवश्यक कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

कर्क — आज मन में कुछ चिंता रहेगी जिसके कारण आप अपने काम में फोकस नहीं कर पाएंगे। व्यायाम और खानपान को लेकर लापरवाही न करें। आपको जोड़ों में दर्द और गैस की समस्या हो सकती है। विवादास्पद विषयों से स्वयं को दूर रखें।

सिंह — आज आपको कोई शॉपिंग कूपन मिल सकता है। स्वयं में काफी ऊर्जा की अनुभूति करेंगे। परिजनों से शानदार सहयोग प्राप्त होगा। किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले उस पर विचार अवश्य कर लें। घरेलू वस्तुओं को खरीदने के लिए मार्केट जा सकते हैं।

कन्या — आज सरकारी नौकरी से जुड़े जातकों को शानदार लाभ मिलेगा। माता-पिता का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। धैर्य और सहनशीलता के कारण महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शानदार सिद्ध होंगे। भविष्य को लेकर नई योजना बना सकते हैं।

तुला — आज मन लगाकर अपना काम पूरा करेंगे। अजनबी लोगों के कारण आपको परेशानी होगी। शरीर में शिथिलता होने से मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। आपको किसी काम के लिए पुरस्कार प्राप्त हो सकता है। परिवार में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहेगा।

वृश्चिक — आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। घर में किसी परिजन से झगड़ा हो सकता है। निवेश करने में समझदारी दिखानी आवश्यक है। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिये। अपने कार्य को गंभीरता से लें।

धनु — आज लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को शानदार लाभ प्राप्त हो सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। नया कारोबार शुरू कर रहे हैं तो सहयोगियों से लाभ होगा। नव विवाहित लोग किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

मकर — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। विरोधियों पर आप भारी पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से दिन शुभ है। ससुराल पक्ष से अच्छा समाचार मिलेगा। संतान के विवाह की समस्या दूर होगी।

कुंभ — आज आपकी निर्णय क्षमता में कमी आ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रियजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अपनी क्षमताओं पर संदेह न करें। किसी से सहायता प्राप्त करने में न हिचकें।

मीन — आज दिन की शुरुआत थोड़ी नकारात्मक हो सकती है। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। उच्चाधिकारियों के साथ आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धैर्य और संयम से काम लेना चाहिए।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- खेल खिलाड़ी का — सुबह : 08.01
- दरार — रात : 08.03

SONY PIX
- बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 11.30
- स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — रात : 08.45

SONY SMAX
- मरजावां — सुबह : 09.00
- कबीर सिंह — रात : 10.00

ZEE CINEMA
- सलाम ए इश्क — सुबह : 10.30
- ब्लैंक — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- ओएमजी 2 — दोपहर : 12.00
- हिडिंभा — शाम : 05.51

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 10.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने हजामत की दुकान खोली। एक ग्राहक शेव कराने आया।
पप्पू- मूंछ रखनी है?
ग्राहक- हां।
पप्पू ने ग्राहक की मूंछ काट कर उसके हाथ में देते हुए- लो रख लो, जहां रखनी है।

एक लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था।
टीचर- क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
लड़का- नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है।

400से ज्यादा सीटें जीत बनाएंगे सरकार : संजय

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ निषाद पार्टी के प्रमुख ने सीएए पर हो रहे विवाद को बताया गलत

अमृत विचार: योगी सरकार के मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद (कैबिनेट मंत्री) शनिवार को कौशांबी जनपद के एक कार्यक्रम में शामिल होने बम्हरौली एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में पूरी तरह से सशक्त है।

इस बार भी हम 400 से ज्यादा सीट जीतकर एक बार फिर सरकार बना रहे हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर उन्होंने कहा कि मोदी जी हमारे बड़े भाई हैं और भारतीय जनता पार्टी हमारी गार्जियन है। वह जिस तरीके से सीटों का बंटवारा करेगी हम पूरी तरीके से तैयार हैं। निषाद पार्टी के अध्यक्ष डा संजय निषाद ने चुनाव तारीखों पर शनिवार को हो रहे ऐलान को लेकर कहा है कि उनकी पार्टी व पीएम मोदी की अगुवाई वाला एनडीए का गठबंधन इसका स्वागत कर रहा है। चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। कहा कि एनडीए इस बार 400 से ज्यादा सीटें जीतेगा और रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज करेगा। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में एनडीए का गठबंधन पूरी तरह एकजुट है।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने लोकसभा चुनाव 7 चरणों में कराने के चुनाव आयोग के फैसले पर उठाए सवाल

लंबी चुनावी प्रक्रिया से विकास कार्य होंगे प्रभावित

बेंगलुरु, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को लोकसभा चुनाव सात चरणों में कराने के चुनाव आयोग के फैसले की आलोचना की और चुनाव प्रक्रिया से देश में विकास कार्य लंबे समय तक रुकने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 70-80 दिनों तक चलने वाले ऐसे व्यापक चुनावी चरण और आदर्श आचार संहिता कारण प्रगति और विकास कार्य प्रभावित होंगे।

खरगे ने अधिक सुव्यवस्थित चुनावी प्रक्रिया की वकालत करते हुए सुझाव दिया कि बेहतर प्रगति एवं विकास के लिए तीन या चार चरणों में चुनाव पूरे होने चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव तीन या चार चरणों में पूरे हो सकते थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने चुनाव आयोग से सभी दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए चुनावी प्रक्रिया की निगरानी में निष्पक्ष रूप से कार्य करने का भी आग्रह किया। संवाददाताओं के एक सवाल के जवाब में, राज्यसभा सांसद ने भाजपा के संभावित हमलों पर में चिंता व्यक्त की और चुनाव आयोग से चुनावी प्रक्रिया की निगरानी में निष्पक्ष रूप से कार्य करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि ये नियमित परामर्श हैं लेकिन इन परामर्शों के

▸▸ चुनावी प्रक्रिया की निगरानी निष्पक्ष रूप से करने का खरगे ने आग्रह किया

बावजूद, हम देखेंगे कि भाजपा के लोग और नेता कैसे काम करेंगे और वे अन्य विपक्षी दलों पर कैसे हमला करेंगे और स्वाभाविक रूप से, दूसरे भी कुछ हद तक ऐसा कर सकते हैं लेकिन फिर भी हमें देखना चाहिए कि क्या होता है। खरगे ने निष्पक्षता बनाए रखने और सभी पक्षों के लिए एक समान अवसर सुनिश्चित करने के महत्व पर भी बल दिया, जिससे देश को मदद मिले और लोकतंत्र की वास्तविक भावना कायम रहे।

इस बीच, कर्नाटक के मंत्री और कांग्रेसी नेता प्रियांक खरगे ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के लिए चुनाव आयोग की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि यह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आख्यान के पक्ष में लगता है। उन्होंने सात चरणों की लंबी चुनावी प्रक्रिया की ओर इशारा किया, इसकी तुलना महाराष्ट्र के पांच चरणों के चुनाव से की, और कहा कि यह कार्यक्रम भाजपा को अपने स्टार प्रचारक को पूरे देश में यात्रा करने के लिए ज्यादा समय देकर लाभान्वित करती है। उन्होंने कहा कि हालांकि चुनाव आयोग ने कहा है कि ये चुनावी चरण सैनिकों की आवाजाही, भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया गया है लेकिन यह पहली बार नहीं है जब देश इतने बड़े पैमाने पर चुनाव होने जा रहे हैं। अपनी चिंताओं के बावजूद, प्रियांक खरगे ने स्वीकार किया कि चुनाव आयोग के फैसले को स्वीकार करने के अलावा कोई चारा नहीं है। उन्होंने कहा कि हम कुछ नहीं कर सकते हैं और हमें चुनाव आयोग के घोषणा के अनुसार ही चलना होगा।

जरांगे के खिलाफ भड़काऊ भाषण के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

मुंबई : कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने के मामले में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे और 15 अन्य के खिलाफ शनिवार को महाराष्ट्र के बीड में प्राथमिकी दर्ज की गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तनडलवाडी घाट में भड़काऊ भाषण देने के मामले में नेकनूर पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि गत 15 दिन में बीड में जरांगे के खिलाफ दर्ज यह नौवीं प्राथमिकी है। अधिकारी ने बताया कि जरांगे के खिलाफ बीड जिले के शिरूर कसार, अमलनेर, पेठ, पिंपलनेर, अंबाजोगाई सिटी, चकलामाबा, गेवराई, माजलगांव ग्रामीण और नेकनूर पुलिस थानों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एक नजर

कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह भाजपा में शामिल

जयपुर : राजस्थान के अलवर से कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव शनिवार को जयपुर में भाजपा में शामिल हो गये। यादव के साथ कई अन्य कांग्रेस नेता भी भाजपा में शामिल हुए। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अलवर सीट से कांग्रेस द्वारा टिकट काटे जाने के बाद यादव ने शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने टिकट काटे जाने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भंवर जितेंद्र सिंह को जिम्मेदार ठहराया था। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में यादव पार्टी में शामिल हुए।

अयोध्या को हरा लखनऊ मंडल फाइनल में पहुंचा

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के समन्वय तथा क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही प्रदेशीय आमंत्रण सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगता के पहले सेमीफाइनल में शनिवार को मेजबान अयोध्या को पराजित कर लखनऊ मंडल ने खिताबी दौड़ में स्थान सुनिश्चित कर लिया। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि रविवार को दूसरा सेमीफाइनल स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर व मऊ मंडल के बीच होगा। फाइनल मुकाबले के बाद प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक समापन होगा। इसमें मुख्य अतिथि डीएम नितीश कुमार होंगे। पहला सेमीफाइनल शनिवार को अयोध्या मंडल व लखनऊ मंडल टीमों के बीच खेला गया। इसमें पहले हाफ में 2-0 से बढ़त बना चुकी लखनऊ टीम ने दूसरे हाफ में भी बिना मौका गवाए दो और गोल अयोध्या पर मार कर 4-0 से जीत दर्ज की।

स्वास्थ्य विभाग में तीन निदेशकों को मिली जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग में अपर निदेशक आजमगढ़ डॉ. हर गोविंद सिंह को महानिदेशालय में निदेशक संक्रामक रोग के पद पर तैनात किया गया है। इसके अलावा अपर निदेशक गोंडा डॉ.हरी दास अग्रवाल को कानपुर में यूएचएम चिकित्सालय का निदेशक और सहारनपुर में एसबीडी जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.साधना राठौड को महानिदेशालय में निदेशक नियोजन के पद पर तैनाती मिली है। यह आदेश उप्र शासन में चिकित्सा अनुभाग दो में विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी द्वारा जारी कर दिये गये हैं।

जम्मू-कश्मीर में चुनाव न कराने से चकित नहीं हूं : अब्दुल्ला

नयी दिल्ली : नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि वह आगामी लोकसभा चुनाव के साथ जम्मू कश्मीर में बहुप्रतीक्षित विधानसभा चुनाव नहीं कराने के निर्वाचन आयोग के फैसले से थोड़ा निराश जरूर हैं, लेकिन चकित नहीं है। अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन में जो भी गड़बड़ी हुई है उसके लिए कांग्रेस पर ठीकरा नहीं फोड़ा जाना चाहिए।

लखनऊ : 24 कमरों में रखे गए ईवीएम और वीवीपैट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने शनिवार को वेयरहाउस का निरीक्षण किया और वहां रखीं ईवीएम एवं वीवीपैट को देखा। ईवीएम और वीवीपैट सभी निर्धारित मानकों के अनुरूप मिले।

गंगवार ने मोहनलालगंज स्थित केंद्रीय निर्वाचन आयोग के जिला स्तरीय वेयर हाउस पहुंचे। यहां ईवीएम और वीवीपैट को वेयर हाउस के 24 कमरों में रखा गया है और डबल लॉक से सील किए गए हैं। राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की मौजूदगी में लॉक कमरों की सील हटवाकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद कमरों को डबल लॉक में दोबार सील कर दिया गया।

वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान अग्निशमन उपकरण को देखते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार। : अमृत विचार

▸▸ जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

▸▸ ईवीएम और वीवीपैट को डबल लॉक में रखकर सील किया गया

जिला निर्वाचन अधिकारी ने परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं और वेयरहाउस की साफ-सफाई कराने को कहा। उन्होंने अग्निशमन उपकरणों की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान बसपा, भाजपा और कांग्रेस सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं एडीएम भू अध्यापित प्रथम धर्मेंद्र सिंह, एसडीएम बृजेश वर्मा, हनुमान प्रसाद, तहसीलदार शशांक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

आचार संहिता लगते ही नगर निगम की टीमें सड़क पर उतरीं

लखनऊ, अमृत विचार : जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार के निर्देश पर शनिवार को चुनाव आचार संहिता लगते ही नगर निगम के प्रचार विभाग की टीमें सड़क पर उतर गयीं। नगर निगम क्षेत्र में मुख्य मार्गों से लेकर अन्य स्थलों पर लगीं होर्डिंग, पोस्टर व बैनर उतारने की कार्रवाई देर रात तक जारी रही। नगर निगम के सभी आठों जोन में प्रचार सामग्री हटाने की कार्रवाई जोनल अधिकारियों एवं नगर अभियंताओं के निर्देशन में की गयी। लगभग 10,000 पोस्टर-बैनर और होर्डिंग हटायी गयीं। रविवार को भी प्रचार सामग्री हटाने का अभियान जारी रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि झंडे और बैनर की दुकानों के अंदर रखी प्रचार सामग्री बाहर दिखीं तो इसे आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पांच सांसदों की किस्मत 83,21,207 मतदाताओं के हाथ

हल्द्वानी/देहरादून, अमृत विचार : देश में चुनावी बिगुल बज गया है, उत्तराखंड में भी तैयारियां तेज हो गई है। राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने शनिवार को प्रेस वार्ता में प्रदेश की पांचों संसदीय सीटें पौड़ी, टिहरी, नैनीताल, अल्मोड़ा, हरिद्वार के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 20 से 27 मार्च तक नामांकन, 28 को नामांकन पत्रों की जांच, 30 को नाम वापसी, 19 अप्रैल को मतदान, 4 जून को मतगणना होगी। लोकतंत्र के इस महापर्व में 83,21,207 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

भाजपा सरकार सपने नहीं हकीकत बुनती है : योगी

बुद्धि विहार मैदान में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। साथ में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, एमएलसी सतपाल सैनी, गोपाल अंजान, डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त और महापौर विनोद अग्रवाल।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● मुरादाबाद में 112 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सपने नहीं हकीकत बुनती है, तभी तो जनता मोदी को चुनती है। उन्होंने प्रदेश की पिछली सरकारों पर तंज कसा कि वह कर्फ्यू लगाते हैं हम कांवड़ यात्रा निकालते हैं। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के बुद्धि विहार मैदान में राज्य विश्वविद्यालय के शिलान्यास के साथ ही 513.35 करोड़ रुपये की 112 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को मुरादाबाद व रामपुर भ्रमण के दौरान पहले मुरादाबाद के डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में प्रशिक्षु दरोगाओं की पासिंग आउट परेड की सलामी ली। बुद्धि विहार के मैदान में योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें 167 करोड़ रुपये की लागत से राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद और मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का शिलान्यास भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि हर मंडल में सरकारी विश्वविद्यालय, 22 निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। जनसभा में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री सत्येंद्र सिसौदिया आदि मौजूद रहे। रामपुर के राजकीय फिजिकल कॉलेज स्टेडियम के मैदान पर जनसभा को संबोधित कर मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए आजम खां के ड्रीम प्रोजेक्ट मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पर निशाना साधा। कहा कि गरीबों की जमीनें हड़प कर यूनिवर्सिटी बना दी गई। उन्होंने कहा कि रामपुर की पहचान रामपुरी चाकू से थी। कुछ लोग चाकू का इस्तेमाल जेब कतरने में करते थे, हमने उसी चाकू का इस्तेमाल सबको सुरक्षा देने में कर दिया।

होटल में मिला बैंक मैनेजर का शव

संवाददाता, अल्मोड़ा

● लोन के मामले में अल्मोड़ा में पार्टी से मिलने आए थे तरुण नैनीताल शाखा में थे तैनात

अमृत विचार : लोअर माल रोड स्थित एक होटल के कमरे में एक बैंक मैनेजर का शव संदिग्ध हालत में मिला है। शव मिलने के बाद होटल में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया नैनीताल में कार्यरत शाखा प्रबंधक तरूण गुरुरानी पुत्र ललित मोहन निवासी न्यू फ्रैंडस कॉलोनी डहरिया हल्द्वानी अपने साथी सुरेश चंद्र के साथ लोन के एक मामले में एक पार्टी से मिलने के लिए शुक्रवार को अल्मोड़ा आए थे। यहां उन्होंने आईएसबीटी के पास एक होटल में रहने के लिए दो कमरे लिए। जिस पार्टी से वह मिलने आए थे उसने भी रात होटल में उनके साथ खाना खाया था। इसके बाद तरूण और सुरेश भी अपने-अपने कमरे में सोने चले गए।

शनिवार की सुबह तरूण काफी देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकले। सुरेश ने बताया कि वह तरूण के कमरे के पास पहुंचा तो दरवाजा थोड़ा खुला था और दरवाजे के पास वह अचेत अवस्था में गिरे हुए थे। उनके मुंह व सिर से खून निकल रहा था। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस से तरूण को अस्पताल लाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मूल रूप से अल्मोड़ा का रहने वाला था। कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा ने बताया कि तरूण की मौत कैसे हुई यह अभी स्पष्ट नहीं है। मृतक जिस कमरे में रूका हुआ था, वहां शराब की खाली बोतलें मिली हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकता है। वहीं दूसरी ओर घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

रिसॉर्ट की छत गिरी, मलबे में दबकर दो मजदूरों की मौत

बहराइच संवाददाता

अमृत विचार : बहराइच-सीतापुर मार्ग स्थित लेजर रिसॉर्ट में शुक्रवार को निर्माण के दौरान बल्ली गिरने से छत ढह गई। हादसे में दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने मजदूर के पिता की तहरीर पर संचालक समेत तीन के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली देहात के गजपतिपुर गांव में बहराइच-सीतापुर मार्ग पर डॉ. अनिल केडिया का लेजर रिसॉर्ट है। शुक्रवार रात छत पड़ रही थी। छत ढलाई के लिए लखनऊ से मशीन लेकर आए संजय गुप्ता ने बताया कि छत ढलाई के दौरान एक बल्ली गिरी, और फिर छत। नीचे कोतवाली देहात के चेतरा सबलापुर निवासी राहुल वर्मा पुत्र मोहन लाल वर्मा, श्रावस्ती जिले के उत्तमापुर निवासी राहुल चौहान पुत्र मेवालाल समेत 10 लोग दब गए। 6 को किसी तरह निकाला गया। मलबे में दबकर श्रमिक सलीम अहमद व जोगेंद्र पाल (24) की मौत हो गई। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

शत-प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने में जुटी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कार्ड उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारियों को भेजी धनराशि

अमृत विचार: राज्य सरकार ने अधिकारियों को शत प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया है। लोगों को कार्ड उपलब्ध कराए जाने के लिए समस्त जिलाधिकारियों को धनराशि भी हस्तांतरित की जा चुकी है।नए आवेदनकर्ताओं को लैमिनेटेड फैमिली आईडी कार्ड देना है।

राशनकार्ड धारकों के लिए उनका राशनकार्ड नंबर ही फैमिली आईडी है। इसके तहत 3.57 करोड़ परिवार और 14.88 करोड़ सदस्य हैं। वहीं गैर राशनकार्ड धारकों के लिए फैमिली आईडी पोर्टल का निर्माण किया गया है, जिसमंए अभी तक कुल 2,26,574 आवेदन प्राप्त हुए हैं। योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के लिए सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से कॉलिंग एवं डीपीओ द्वारा सत्यापन कर 32 हजार संभावित लाभार्थियों की पहचान की गई है। राशन कार्ड से वंचित 16 लाख पेंशन धारकों का सत्यापन कर राशन कार्ड से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची राशन कार्ड विभाग के साथ साझा की गई है। 60 वर्ष से अधिक आयु के 3.37 लाख एकल सदस्य परिवार (वृद्धजन) का सत्यापन कर वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची साझा की गई है।

सजायाफ्ता कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नोएडा : लुक्सर जेल में एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। थाना ईकोटेक (प्रथम) के प्रभारी अनुज राणा ने बताया कि हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में 10 वर्ष कैद की सजा काट रहे 26 वर्षीय इमरान की शनिवार को अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद उसे ग्रेटर नोएडा स्थित जिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस के मुताबिक, हकीकतनगर कस्बे के रहने वाले इमरान के खिलाफ वर्ष 2021 में मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसे अदालत ने 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई थी।



कर्नाटक इन दिनों भीषण पेयजल संकट के दौर से गुजर रहा है। आमजन को प्यास बुझाने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। शनिवार को बेंगलुरु में रेलवे पटरियों की साफ-सफाई के दौरान पानी लेकर आतीं महिला श्रमिक। : एजेंसी

दिशा-निर्देश

चुनाव की तिथियों का एलान होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता हुई लागू

रोड शो में पटाखा और जानवरों का नहीं होगा प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वाहनों की संख्या नहीं की गई है सीमित मगर अनुमित लेना आवश्यक

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता में साफ किया गया है कि रोड शो के दौरान पटाखा और जानवरों का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। रोड शो की अनुमति लेनी होगी। इसमें भाग लेने वाले व्यक्तियों और वाहनों की संख्या की जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को सूचना देनी होगी।

रोड शो के दौरान आधी सड़क का प्रयोग करने की अनुमति होगी। वाहनों पर किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री अनुमन्य नहीं होगी। प्रचार के लिए वाहनों की संख्या को सीमित नहीं किया गया है लेकिन अनुमति होना आवश्यक है। वाहनों पर लाउडस्पीकर या वीडियोरथ आदि तभी बना सकेंगे जब रिटर्निंग अधिकारी के अलावा आरटीओ के सक्षम अधिकारी ने अनुमति दी हो। विभिन्न राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष एक ही वाहन का प्रयोग कर सकेंगे। नामांकन के दिन रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय से 100 मीटर के दायरे में केवल 3 वाहन ही जा सकेंगे।

अस्थायी चुनाव कार्यालय बूथ से 200 मीटर की दूर पर होगा

आदर्श आचार संहिता के अनुसार अस्थायी चुनाव कार्यालय की दूरी किसी भी बूथ से 200 मीटर की दूरी पर होगा। साथ ही चुनाव कार्यालय शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करके न बनाया गया हो। धार्मिक, शैक्षणिक संस्थाओं और अस्पताल परिसर के पास चुनाव कार्यालय नहीं बनाया जा सकेगा। अस्थायी चुनाव कार्यालय तैयार बनाने के लिए रिटर्निंग आफिसर से अनुमति लेनी होगी। साथ ही निजी भवन में बैनर, झंडा और कटआउट प्रतिबंधित नहीं है। एक भवन पर अधिकतम तीन झंडे लग सकते हैं। निजी संपति पर किसी भी प्रत्याशी का चुनाव प्रचार करना प्रतिबंधित है। प्रत्याशी के अधिकृत करने के बाद ही निजी संपति को प्रचार के लिए प्रयोग किया जा सकेगा। बिना अनुमति के प्रयोग करने पर 500 रुपये जुर्माना देना होगा। चुनाव आयोग ने पोस्टर और दीवार लेखन को की अनुमति नहीं दी है।

योजनाओं में काम नहीं हुआ है शुरू तो रहेगी रोक

आचार संहिता लग गई है और जिन योजनाओं में काम भौतिक रूप से शुरू नहीं हुआ है तो उसको निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक शुरू नहीं किया जा सकेगा। जबकि भौतिक रूप से शुरू हो चुके काम चलते रहेंगे। कार्यदायी संस्थान को अब 72 घंटे में कार्यों की सूचना एकत्र करनी होगी। दूसरी ओर चुनाव प्रचार के दौरान काफिले में 10 वाहन से अधिक नहीं होने चाहिए। इन 10 वाहनों में सुरक्षा वाहन शामिल नहीं है। निजी वाहनों पर झंडा, स्टीकर आदि लगाए जा सकते हैं। झंडे का आकार (1×0.5 फीट) होना चाहिए। साथ ही 2 छोटे स्टीकर से अधिक नहीं होने चाहिए। वीडियो वैन के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। साथ ही इसकी प्रचार सामग्री को प्रमाणीकरण एमसीएमसी से होना अनिवार्य है। वीडियो वैन पर यदि केवल राजनैतिक दल का प्रचार किया जाएगा तो उसका खर्च राजनैतिक दल के खाते में जोड़ा जाएगा। यदि प्रचार उम्मीदवार का किया जा रहा है तो खर्च उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा।

सीएम के पूर्व निजी सचिव समेत 4 पर गैंगस्टर

संवाददाता, देहरादून

● टेंडर दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी का आरोप

● अभियुक्तों के विरूद्ध देहरादून समेत कई प्रांतों में हैं मुकदमे

अमृत विचार : सरकारी टेंडर दिलाने के नाम से धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने वाले चार अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। इनमें एक आरोपी पीसी उपाध्याय मुख्यमंत्री के निजी सचिव रह चुका है। उसे दो दिन पहले ही गिरफ्तार किया गया है।

सरकारी टेंडर दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी से पैसे हड़पने के आरोप में पिछले साल जुलाई में पंजाब के पटियाला निवासी एक कारोबारी ने पीसी उपाध्याय, सौरभ वत्स, उसकी पत्नी नंदिनी वत्स और शाहरुख खान के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पीसी उपाध्याय मुख्यमंत्री का निजी सचिव रह चुका है। वह कलिंगा विहार, माजरामाफी देहरादून का रहने वाला है। पुलिस ने हाल ही में सहारनपुर जिले के नकुड के मूल और हाल निवासी देहरादून में अठूरवाला निवासी सौरभ वत्स उर्फ सौरभ शर्मा पुत्र बृजमोहन वत्स, नंदिनी वत्स पत्नी सौरभ वत्स और शाहरुख खान पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी ग्राम बाजावाला, डोईवाला को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त सौरभ वत्स द्वारा पीसी उपाध्याय के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते हुए फर्जी सरकारी दस्तावेजों के आधार पर लोगों को ई-टेण्डरिंग के माध्यम से सरकारी टेंडर दिलाने के एवज में करोडों रुपये की ठगी की गई थी।

अभियुक्त सौरभ वत्स के विरूद्ध जनपद देहरादून में धोखाधड़ी के चार, मुरादाबाद व भीलवाड़ा राजस्थान में धोखाधड़ी के एक-एक मामले दर्ज हैं। सौरभ की पत्नी नंदिनी के खिलाफ भी देहरादून में तीन और एक मुकदमा मुरादाबाद में दर्ज है। पीसी उपाध्याय के खिलाफ दून में धोखाधड़ी के चार और भीलवाड़ा में एक मुकदमा दर्ज है। चौथे अभियुक्त शाहरुख के खिलाफ दून में तीन और भीलवाड़ा में धोखाधड़ी का एक मुकदमा दर्ज है। उक्त सभी अभियुक्तों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई संपति के चिन्हिकरण की कार्यवाही की जा रही है।

चुनावी व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं, लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी।

एक साथ चुनाव पर विचार करने वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस मुद्दे पर अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाई गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। इस रिपोर्ट का विरोध भी प्रारंभ भी हो गया है। एक साथ चुनाव का विषय देश के हित में है,लेकिन इस रिपोर्ट की सिफारिशों का विरोध भी हो रहा है। बताया जाता है कि यह रिपोर्ट 18000 पृष्ठ की है। इसे ठीक से पढ़े जाने और तथ्यों के विवेचन का काम बड़ा है। विरोध करने वाले भी संभवतः इस रिपोर्ट को पूरी तौर पर पढ़े बिना ही अपने निष्कर्ष निकाल रहे हैं। भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद है। सभा समितियां ऋग्वैदिक काल में ही थीं। संविधान निर्माताओं ने ब्रिटिश तर्ज का संसदीय जनतंत्र अपनाया। अनेक संवैधानिक संस्थाएं गढ़ीं। केन्द्रीय स्तर पर संसद बनी। केन्द्र को संसद के प्रति जवाबदेह बनाया। राज्य सरकारें विधानमंडलों के समक्ष जवाबदेह बनी। संसद व विधानमंडल के चुनाव के लिए निष्पक्ष निर्वाचन आयोग (अनु. 324) बना।

संविधान सभा में निर्वाचन आयोग के कृत्यों पर बहस हुई। आयोग को कर्मचारी अधिकारी देने का प्रश्न उठा। डॉ.आंबेडकर ने कहा, ''आयोग के पास कम काम होगा।" शिब्बन लाल सक्सेना ने कहा कि, "संविधान में निर्धारित नहीं है कि अमेरिकी तर्ज पर यहां 4 वर्ष में निर्वाचन अवश्य होगा। संभव है कि केन्द्र व राज्यों के निर्वाचन एक साथ न हों। तब हर समय कहीं न कहीं निर्वाचन होता रहेगा।" उनकी आशंका सच निकली। सम्प्रति भारत चुनाव व्यस्त देश है। कभी लोकसभा चुनाव तो बहुधा राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव व नगर निकाय निर्वाचन भी अक्सर होते रहते हैं। नीति आयोग ने लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसी विचार के हैं। 2014 के चुनाव में भाजपा ने भी घोषणा पत्र में यही विचार व्यक्त किया था।

लगातार चुनाव व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा है। अलग-अलग चुनाव से प्रशासनिक तंत्र की व्यस्तता बनी रहती है। चुनावी अचार संहिता के कारण विकास कार्य रुकते हैं। अरबों का खर्च भी होता है। साथ-साथ चुनाव का विचार स्वागत योग्य है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की थी। कहा था, ''एक साथ चुनाव से दलों का नुकसान होगा। हमें भी नुकसान होगा,लेकिन इसे संकीर्ण राजनैतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए।"

1951-52 में पहली लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1967 तक दोनों के चुनाव साथ-साथ हुए थे। 1968 से यह क्रम टूट गया। दरअसल संविधान निर्माताओं ने सरकारों का कार्यकाल नहीं सुनिश्चित किया। यहां सरकारों का जीवन संसदीय बहुमत की डोर से बंधा हुआ है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में स्पष्ट किया था कि सरकारी जवाबदेही को स्थिरता (कार्यकाल) की तुलना में ऊपर रखा गया है। सदन में सरकारों की संवैधानिक जवाबदेही है। इस आधारभूत सिद्धांत में सरकारों का कार्यकाल अनिश्चित है। यहां बहुमत स्थाई नहीं होता। दल-बदल प्राविधान में भी छेद किए गए। थोक दल-बदल को दल टूट कहा गया। तमाम सरकारें अल्प मृत्यु की शिकार हुईं। साथ-साथ चुनाव का क्रम भंग हो गया। साथ-साथ चुनाव से राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय संदर्भों से जुड़ने की ओर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय दलों की दृष्टि राष्ट्रीय होगी,लेकिन कुछ दलों की चिंता बड़ी है। बीते कुछेक वर्षों में राष्ट्रीयता का भाव देशव्यापी हुआ है। माकपा,भाकपा जैसे वामपंथी दल स्वयं को अंतर्राष्ट्रीय विचारधारा का दल बताते हैं,लेकिन उनका प्रभाव क्षेत्र राज्यस्तरीय भी नहीं बचा। चुनाव आयोग ने बेशक केन्द्रीय विधि मंत्रालय के एक संदर्भ के जवाब में दोनों चुनाव एक साथ कराने पर बहुत पहले ही सहमति व्यक्त की थी,लेकिन सभी दलों की सहमति प्राप्त करना आसान नहीं। कुछेक दल वर्तमान स्थिति को ठीक मानते हैं और चुनाव अलग-अलग ही चाहते हैं।

लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं,लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी। संशोधन में केन्द्र व राज्य सरकारों के सुनिश्चित कार्यकाल देना होगा। सदन में बहुमत खो जाने की स्थिति में सरकारी कार्यकाल की समस्या का निराकरण जरूरी होगा। दसवीं अनुसूची के अनुसार दल से भिन्न मतदान के कारण सदन की सदस्यता खो जाने की विधि प्रवर्तन में है। मूलभूत प्रश्न किसी भी कारण से सदन में बहुमत खो चुकी सरकार को पूरा कार्यकाल देने की नई व्यवस्था का है। क्या वैकल्पिक सरकार बनाने का अधिकार संसद या विधानसभा को दिया जा सकता है? क्या हमारा दलतंत्र स्थिर कार्यकाल और संवैधानिक जवाबदेही को एक साथ चला सकता है? क्या संवैधानिक जवाबदेही को छोड़कर स्थिरता को ही अपनाया जा सकता है? अमेरिका में ऐसा ही है। प्रश्न ढेर सारे हैं। ऐसे प्रश्नों का उत्तर संविधान संशोधन और वैधानिक नैतिकता से ही जुड़ा हुआ है। डॉ.आम्बेडकर ने संविधान सभा में इतिहासकार ग्रोट को उद्धृत किया था। 'वैधानिक नैतिकता' का अर्थ संविधान और उसकी संस्थाओं के प्रति निष्ठाभाव है। ग्रोट ने लिखा है कि समाज की वैधानिक नैतिकता ही विधान की शक्ति है।

भारत का जनसामान्य विधान का आदर करता है लेकिन दलतंत्र में वैधानिक नैतिकता का अभाव है। इसलिए सरकारें बहुधा अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पातीं। तब लोकसभा और विधानसभा के मध्यावधि चुनाव का कोई विकल्प नहीं होता। संसदीय जनतंत्र का मुख्य उपकरण दलतंत्र है। जनतंत्र खूबसूरत विचार है। दलतंत्र ही इसे गतिशील बनाता है। समाज व्यवस्था निरंतर परिवर्तनशील है। लेकिन राजनैतिक व्यवस्था में राजनैतिक सुधार की गति उत्साहवर्द्धक नहीं है। दलतंत्र प्रतिपल चुनाव चिन्तन में ही व्यस्त रहता है। चुनाव चिन्तन को राष्ट्रचिन्तन के खूंटे से बांधना ही होगा। साथ साथ चुनाव एक राष्ट्रहितैषी प्रगतिशील वैकल्पिक विचार है। 1952 से लेकर 1967 तक यही हुआ था, तब कोई पहाड़ नहीं टूटा तो अब इसे अपनाने में कठिनाई क्या है?

सभी राजनैतिक दलों को खुले मन से विचार करना चाहिए। लोकसभा, विधानसभा के साथ पंचायती व नगरीय संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव पर भी। सभी एक साथ नहीं तो विधानसभा के साथ पंचायतों व नगर पंचायतों के चुनावों को जोड़कर विचार करना चाहिए। कहीं न कहीं से शुरुवात तो करनी ही होगी। हर समय चुनाव ही चुनाव का तनाव समाज नहीं झेल सकता और न ही चुनाव संचालन में खर्च होने वाली भारी धनराशि का बोझ ही। आमजन भी ऐसी राजनीति से ऊबे हुए हैं। इसलिए राजनीति को दीर्घकालिक राष्ट्रनिर्माण के लक्ष्य से जोड़ना चाहिए। चुनावी जीत-हार के अल्पकालिक लक्ष्य से नहीं। दल या नेता स्थाई नहीं होते। राष्ट्र स्थाई सत्ता है। सभी सामाजिक, राजनैतिक या संवैधानिक संस्थाएं राष्ट्र का ही विस्तार हैं। राष्ट्र के लिए ही हैं। एक साथ चुनाव राजनैतिक सुधार है। राजनैतिक सुधार लोकतंत्र को गुणवान बनाते हैं। व्यापक राजनैतिक सुधारों का कोई विकल्प नहीं।

होलाष्टक पर्व के उद्देश्य

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

नारायण से अपने भाई की मृत्यु का बदला लेने के लिए हिरण्यकशिपु जब देखता है कि उसका बेटा प्रहलाद नारायण ही जपता है तो क्रोध में वह अपनी बहन से उसकी हत्या की बात करता है तथा गोद में बैठाकर आग में भस्म होने की योजना बनता है। बड़े असमंजस में है होलिका। प्रहलाद की बुआ है। नारी हृदय। अबोध बच्चे के प्रति ममता। तैयार नहीं होती है। जब हिरण्यकशिपु उसकी ही हत्या की धमकी देता है तो वह यह सोच होती है कि मरना है तो प्रहलाद को बचाकर मरे। आठ दिनों में वह अपने को तैयार करती है। इसी आठ दिनों को होलाष्टक कहते हैं। होलाष्टक से विवाह आदि के शुभ मुहूर्त समाप्त हो जाते हैं। आठवें दिन वह पूरी ताकत से सबके सामने प्रहलाद को लेती है और खुद कूद जाती है तथा प्रहलाद को बाहर फेंक देती है। प्रहलाद को चाहने वाले होलिका को माता कहकर जयकारा लगाते हैं तो हिरण्यकशिपु के लोग होलिका को गाली देते हैं। तब से दोनों जयकारा और होलिका को अपशब्द होलिका दहन में लगता है।

हिरण्यकशिपु जब निर्दयी था और अपने ही बेटे को मारना चाहता था तो कोई भी रास्ता अपना सकता था। यह तो होलिका की चाह थी कि वह अपनी आंखों से प्रहलाद की मृत्यु नहीं देखे। जहां तक होलिका के वरदान की बात है तो नारी के आठ अवगुण जो तुलसीदास ने भी गिनाए वह नहीं जल सकते। ऐसे पुरुषों के भी अवगुण नहीं जल पाते। आग में कुछ डाला जाए, न जले, यह असंभव है। आग का गुण ही ज्वलनशीलता है। ऐसे में यह असंभव है कि होलिका आग में बैठती तो उसका शरीर बच जाता और प्रह्लाद जल जाता। होलिका को जलाने की विधि : होली के एक दिन पहले होलिका जलाने के निमित्त शिवरात्रि पर्व से होलिका की स्थापना शुरु जाती है। होलिका के प्रतीक स्वरूप आसपास उपलब्ध पेड़ लगाए जाते हैं। बहुत से स्थानों पर रंगभरी एकादशी को इसकी स्थापना होती है। होलिका की स्थापना एवं होली की पूर्व रात्रि जलाने के समय एवं विधि-विधान के संबंध में शास्त्रों में विशेष सावधानी का उल्लेख किया गया है। निर्णय सिंधु में उल्लिखित है कि स्थापना और जलाने के समय विधिवत पूजन हो। जलाते समय भद्रा काल से रहित समय में आग लगाने का निर्देश दिया गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि भद्रा में होलिका जलाने पर संबंधित क्षेत्र पर संकट आता है। इसके अलावा होलिका पूजन की विधि भी बताई गई है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि इसमें कूड़ा करकट, टायर-ट्यूब, प्लास्टिक आदि नहीं डालकर गोबर की उपली, सरसों के उबटन का अवशेष डालना चाहिए। शास्त्रों की इस व्यवस्था का मेडिकल साइंस की दृष्टि से भी महत्व है। प्लास्टिक, पालीथिन, टायर-ट्यूब डालने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। सरसों के उबटन के जलने से पर्यावरण शुद्ध होता है। ऐसा न करने पर होलिका के आसपास के निवासी ही प्रभावित होते हैं। होलिका जलाने का उद्देश्य पर्यावरण को पवित्र करना भी होता है,लेकिन वर्तमान समय में जगह-जगह जितना अधिक कूड़ा करकट इसमें देखा जाता है, वह चिंतनीय है। संक्रामक बीमारियों के आक्रमकता के दौर में इस तरह के आत्मघाती कदम से बचना चाहिए। मूलतः होलिका जलाने का उद्देश्य मनीषियों ने प्रकृति में व्याप्त हिरण्यकशिपु स्तर के विषाणुओं को जलाने का है। क्योंकि प्रकृति में व्याप्त विषाणु मनुष्य के स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने की ही होती है। ग्रंथों में ढूंढा नामक एक राक्षसी का भी उल्लेख आता है। इस राक्षसी के वध का निर्देश दिया गया है। चैत्र-वैशाख महीने में चेचक का प्रकोप बढ़ जाता है। इस रोग को प्राचीन काल में ढूंढा नाम पुकारा गया प्रतीत होता है। इसीलिए माताएं बच्चों को इस रोग से बचाने के लिए शीतला माता की पूजा करती हैं। बच्चे बाल भगवान कहे जाते है। इसलिए होलिका दहन भी विधि विधान से करना चाहिए।

क्वांटम सिद्धांत से हमारे दृष्टिकोण में आया परिवर्तन



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है।

ब्रह्मांडीय प्रकृति की विज्ञान प्रसूत क्वांटम 'माया' से साक्षात्कार तथा पदार्थ एवं ऊर्जा के एकत्व के एहसास के बाद हम कपिल के सांख्य,बादरायण और शंकर के अद्वैत वेदांत की ओर अभिमुख हुए थे।

क्वांटम के साथ माया का शब्द युग्म जरूर नया है, किंतु इसमें निहित विचार शीर्ष वैज्ञानिकों का है। नोबल पुरस्कार सम्मानित डेनमार्क के भौतिकशास्त्री नील्ज बॉ (1885-1962) का एक चुटकुला नुमा कथन प्रसिद्ध है-'अगर कोई व्यक्ति कहता है कि उसके दिमाग में चक्कर आए बिना वह क्वांटम भौतिकी के बारे में सोच सकता है तो इससे यही जाहिर होता है कि उसने इसका कुछ भी नहीं समझा तो उपाय क्या है? इस संदर्भ में ब्रिटिश अमेरिकन भौतिकशास्त्री और गणितज्ञ फ्रीमैन डाइसन 1923-2020 की एक अर्थगर्भित उक्ति है-'किसी न किसी रूप में ब्रह्मांड को पता रहा होगा कि हम (मनुष्य गण) आने वाले हैं।" मतलब तो यही हुआ कि ब्रह्मांड की रचना इस तरह हुई है कि उसे मनुष्य और केवल मनुष्य समझ सकता है। दूसरे शब्दों में ब्रह्मांड अपनी रचना और प्रकृति में मानव केंद्रित है,उसके पीछे एक प्रबुद्ध योजना है।

नोबल पुरस्कार से सम्मानित हंगेरियन भौतिकशास्त्री यूजीन विग्नर 1902-1995 का प्रसिद्ध कथन है-'प्रमुख बात यह है कि हमारी चेतना और विचार-प्रक्रिया मूलभूत अवधारणाएं हैं,दरअसल बाह्य जगत हमारी चेतना का धारित है और इसलिए (उसे समझने में) चेतना (की भूमिका) को नकारा नहीं जा सकता।' यह कथन शंकर दर्शन के कितना निकट है। अमेरिकन भौतिकशास्त्री ओक जॉन ह्वीलर 1911-2008 ने क्वांटम यांत्रिकी के विस्तृत अध्ययन के बाद कहा था,'यह अकाट्य है कि प्रेक्षक उत्पत्ति (की प्रक्रिया) का सहभागी होता है। क्वांटम यांत्रिकी इसका प्रमाण है कि वास्तविकता की किसी भी उपयोगी अवधारणा को परिभाषित करने में हमें प्रेक्षक की अपरिहार्य भूमिका को ध्यान में रखना होता है।' नोबल पुरस्कार से सम्मानित ब्रिटिश भौतिकशास्त्री,गणितज्ञ और विज्ञान दार्शनिक रोजर पेनरोज जन्म :1931, आयु 93 वर्ष ने मानव मस्तिष्क की संरचना के बारे में एक अति महत्वपूर्ण निष्कर्ष दिया। उनके अनुसार मानव-मस्तिष्क की सर्वोत्कृष्ट परतों में क्वांटम-संसक्त अवस्था चिपकी हुई है। एक खास तरह की क्वांटम-संसक्ति बड़े स्तर पर मस्तिष्क के काफी हिस्सों में काम करती है। आलेख के पहले भाग में हमने देखा था कि इलेक्ट्रॉन में विद्युत चुंबकीय विकरण को आत्मसात और विकीर्ण करने की प्रक्रिया निरंतर नहीं चलती,यह अविभाज्य ऊर्जा खंडों (क्वांटा) में चलती है,जिसे क्वांटम उछाल कहते हैं। इसी के समांतर निंद्रा में जाने से ठीक पहले का क्षण हमें कभी याद नहीं आता तो हमारी चेतना में भी क्वांटम उछाल का तत्व उसी तरह काम करता है जैसे परमाणु के भीतर इलेक्ट्रॉन में।

वस्तुतः क्वांटम सिद्धांत के विकास ने हमारे अकादमिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण में आमूल परिवर्तन ला दिया है। क्वांटम प्रयोगों में प्रयोगकर्ता की चेतना समान रूप से संभाव्य समांतर परिणामों में से किसी एक के चयन को प्रभावित करती है। इस तरह प्रेक्षक और प्रेक्षित बुनियादी स्तर पर जुड़ जाते हैं और उनमें सहभागिता का संबंध बन जाता है। चेतन मनुष्य क्या है? इस ब्रह्मांड (जड़+चेतन+रिक्त आकाश) का एक अविभाज्य अंग है,किंतु एक अनूठा और अनन्य अंग। मानव चेतना का एक अंतर्निहित गुण यह है कि उसमें जानने की अपरिमित एषणा अंतर्निहित है। वह स्वयं को और विश्व के हर अज्ञात को जान लेना चाहती है। यह पदार्थ से उद्भूत होने का गुण तो नहीं हुआ। पदार्थ से उत्पन्न चेतना में शरीर के भरण-पोषण और आराम-ऐश्वर्य की जैविक चाहत से परे ज्ञान के लिए ज्ञान की पिपासा क्यों होगी? फिर क्वांटम सिद्धांत के अनुसार मनुष्य का हर अवयव, उसके शरीर की हर कोशिका उन्हीं सूक्ष्म कणों से निर्मित है,जो ऊर्जा के क्वांटम क्षेत्र की उपज है और वह क्वांटम क्षेत्र ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटक क्षेत्र से जुड़ा हुआ है,उसमें ऊर्जा एवं कण के गुण एक साथ हैं और वह निरंतर गतिशील तथा ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटम क्षेत्र का सर्वस्व उसमें मौजूद है। यथा पिंडे तथा ब्रह्मांडे (चरक संहिता)।

इसके अतिरिक्त मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है,वैसे ही जैसे उसका रूपाकार अन्य मनुष्यों के रूपाकार से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है। कारण उसकी हर कोशिका में उसका खास जीन-समुच्चय मौजूद होता है जिसे लेकर वह पैदा होता है और जो मृत्यु पर्यंत उसे परिचालित करता है। जीनोम क्या है,क्या वह महज पदार्थ है? नहीं, जीनोम वह खाका है,जो मानव शरीर और मानव चेतना के विकास को एक खास अनुपात में बनाए रखते हुए उसकी मूलभूत क्रियाओं और भौतिक अस्तित्व को नियमित-संचालित करता है।

संगीत मनुष्य के लिए ईश्वरीय वरदान

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शेख निजामुद्दीन औलिया की दृष्टि में संगीत उपासना ही था, किंतु सुल्तान गयासुद्दीन तुगलक से दिल्ली के कट्टर मुल्लाओं ने निजामुद्दीन औलिया की शिकायत की कि औलिया के स्थान पर संगीत होता है। गयासुद्दीन तुगलक स्वयं भी संगीत से नफरत करता था,उसका विश्वास था कि संगीत शरीयत के खिलाफ है। मजहर के दिन निजामुद्दीन औलिया सुल्तान के महल में पहुंचे तो शेखजादा हुसाम ने उन पर आरोप लगाया कि तुम्हारे यहां समां होता है। औलिया ने कहा कि जानते हो समां किसे कहते हैं? हुसाम ने कहा कि मुझे यह तो नहीं मालूम,पर आलिमों का कहना है कि समां हराम है। उस समय मजहर में सुहरावर्दी-संप्रदाय के सूफी संत मौलाना इल्मुद्दीन मौजूद थे। वे बोले अंतर है। हृदय से सुनने वाले के लिए संगीत हलाल है और वासना से सुनने वाले के लिए संगीत हराम है।

सुलतान ने पूछा तो मौलाना इल्मुद्दीन ने बतलाया कि बगदाद में बुजुर्ग समां सुनते हैं। सूफियों में शेख जुनैद और शेख शिवली के जमाने से प्रचलित है। हैरतनामा मौलाना जिया उद्दीन बरानी में लिखा है कि औलिया ने अमीरखुसरो से कहा कि दिल्ली के उलेमा मुहम्मद साहब की हदीस को नहीं जानते। वे फिकह की रवायतों को श्रेष्ठ समझते हैं। मैं नहीं समझता कि उनकी इस्लाम पर श्रद्धा है। अमीर खुसरो भारतीय संगीत के इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय बन गये थे। वे मानते थे कि संगीत तो मनुष्य के लिए ईश्वरीय वरदान है। यह सच है कि संगीत की एक परंपरा राज-दरबारों में पली और बढ़ी,किंतु उससे भी बड़ा सच है कि संगीत साधना है,संगीत उपासना है।

निजामुद्दीन औलिया का जन्म 1228 में और मृत्यु 1324 में हुई थी। बंगाल की विजय के बाद गयासुद्दीन तुगलक ने औलिया को हुक्म भेजा था कि मैं दिल्ली आ रहा हूं,मेरे पंहुचने से पहले आप दिल्ली छोड़ दें। निजामुद्दीन औलिया ने कहा- हनोज दिल्ली दूरस्त (दिल्ली दूर है)। कहने की जरूरत नहीं कि अपने ही बड़े बेटे की साजिश से सुल्तान की मृत्यु हो गई और वह दिल्ली नहीं पंहुच सका। जब औलिया की मृत्यु हुई तब अमीर खुसरो ने गाया था। गोरी सोयी सेज पर मुंह पर डाले केस। चल खुसरो घर आपने रैन भयी चहुंदेस।

मेल मिलाप और अपनापन

सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

आप समझते हैं कि शादी-ब्याह के समारोह से अपनापन बढ़ता है, मेल मिलाप, रिश्तेदारी मज़बूत होती है। ये समारोह न हों तो आदमी अकेलेपन से मर जाएगा।

ये किस तरह की दलील है आखिर? रिश्तेदारी, मेल मिलाप और अपनेपन के लिए लड़की और लड़के का बाप क़र्ज़ लेता है। लाखों-करोड़ों लोग इस व्यवस्था से सारी उम्र के लिए अवसाद में चले जाते हैं और उसी में जीते हैं। आपके हिसाब से उनका अपनापन, मेलजोल, रिश्तेदारी बढ़िया और मज़बूत हो गई।

आप कहते हैं कि ऐसा लिखिए कि खर्चा कम करें.. मगर करें ज़रूर.. क्यों भाई? क्यों लिखूं मैं ऐसा? आपके हिसाब से जो लेखक और सिनेमा वाले ये सीख देते हैं उससे समाज को फायदा होता है? मतलब आपके हिसाब से लोग ये समझ जायेंगे कि हां समारोह तो करना है मगर हल्का फुल्का, ऐसा लोग समझेंगे? और हल्का फुल्का से उनका क्या अभिप्राय होगा? अंबानी ने अपनी हैसियत का 0.01 प्रतिशत भी नहीं खर्च किया अनंत के पूर्व विवाह समारोह में, तो उनके हिसाब से तो वो हल्का फुल्का ही हुआ न? क्योंकि आपके लिए एक हज़ार करोड़ खर्च करना बहुत बड़ी बात है तो आपको लगता है कि आप बैलेंस वादी बनकर लोगों को समझा देंगे कि देखो बच्चों, समारोह तो करो, मगर हैसियत के हिसाब से, तो समाज में समरसता आ जायेगी और फिर लोग आपके हिसाब से कम खर्च करेंगे और क़र्ज़ नहीं लेंगे?

ऐसे लेखन और ऐसे सुझाव किसी काम के नहीं होते हैं। आपको लगता है कि कैंसर होने पर अस्पताल में भर्ती होने से ये फायदा होता है कि आपकी डॉक्टर से जान पहचान बढ़ती है। आपको कैंसर के बारे में जानकारी होती है। आपके नर्सों से अच्छे संबंध बन जाते हैं। ये सब लोगों को मैं सिखाऊं है न? नहीं, मैं बैलेंसवादी लेखक नहीं हूं। बैलेंसवाद ने ही सारा बेड़ा गर्क किया हुआ है। इस पृथ्वी का शादी और इस तरह के समारोह मेरे हिसाब से समाज का कैंसर हैं और इन्हें जड़ से ख़त्म होना होगा। बैलेंस बनाओगे आप तो ये समाज आने वाले कई हज़ार वर्षों तक इसी बीमारी में फंसा रहेगा। शादी-ब्याह के समारोह कोई अपनापन, रिश्तेदारी और मेलजोल नहीं बढ़ाते हैं। ये सब आपको बढ़ाना है तो सौ रुपये का ट्रेन का टिकेट लीजिए और कानपुर जाकर मौसी और मौसा से मिल आईये, उसके लिए क़र्ज़ लेकर, लाखों खर्च करके कोई समारोह रखने की ज़रूरत नहीं होती है।

व्यंग्य

कविता करने लगना साहबी का चरमोत्कर्ष

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

कवि हुआ साहब जानबूझकर शेव करना भूल जाता है। चाहता है कि विचार मग्न दिखे। आप सामने बैठें हो उसके तो वो आपको नहीं देखता, वो आपके आर-पार देखता है।

कविता करने लगना साहबी का चरमोत्कर्ष है। दुनिया के सारे धतरकरम कर चुकने के उपरांत साहब अचानक कवि हो जाता है। कवि होना अस्थायी दौर है साहब के जीवन का, इसके बावजूद जब भी साहब कवि के चोले में होता है उससे दूर रहने में ही भलाई होती है।

आपकी यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि पता कैसे किया जाए कि साहब अब कवि भी हो चुका है? यह जानना ज्यादा कठिन है नहीं,जब भी साहब वैसी बातें न करें जिसकी आपको उम्मीद या आशंका होती है तो समझ लीजिए कि दाल मे कुछ काला है। जब वो दुनिया भर की, बिना काम की बातें करने लगें, गरीबी, भुखमरी, लाचारी, प्रेम, विरह, युद्ध, फूल-पत्तियां उसकी बातों में घुसपैठ कर जाए। जब वो अधिक सदाचारी,भला भला, नेक दिखने की पूरी कोशिश करता दिखे तो आप समझ सकते हैं कि साहब फिलहाल कवि हो चुका है।

कवि हुआ साहब जानबूझकर शेव करना भूल जाता है। चाहता है कि विचार मग्न दिखे। आप सामने बैठें हो उसके तो वो आपको नहीं देखता,वो आपके आर-पार देखता है। वो आपकी पीठ पीछे मौजूद खिड़की से दिखते नीले आसमान के नीचे लगे पंप और हैंडपंप से पानी भरती नहाती लड़की को देखता है। वो खुद तय कर लेता है कि वो लड़की सुंदर होने के साथ-साथ भूखी भी है। भावुक होता है। ऐसे में वो और उसके बारे में कविता करने के प्रयास में जुट जाता है और व्यस्तता वश सामने रखी प्लेट में मौजूद काजू अनदेखे रह जाते हैं। कवि हुआ साहब सरकारी वक्त में सरकारी कागज काले करता है। लगातार लिखता है,जो लिखता है उसे खुद नहीं पढ़ता। उसे अपनी लिखी सारी ही लाइनें कविता लगती हैं और अपनी सारी कविताएं प्रिय लगती हैं। वो अपनी कविताओं से उस मां की तरह व्यवहार करता है,जो अपने काले-कलूटे कुपोषित लड़के को दुनिया का सबसे सुंदर बालक मानती है। साहब मानता है कि उसकी कविताएं अवतार हैं,वो लिखी नहीं गईं, प्रगट हुई हैं और वो यह चाहता है बाकी दुनिया भी उससे सहमत हो।

आप यह भी जानना ही चाहेगें कि साहब कवि होने के झमेले में पड़ता ही क्यों है? होता ये है कि रिटायरमेंट के नजदीकी दिनों में जब वह किसी सुबह उठता है, करने को कुछ खास नहीं होता तो वह बोरियत दूर करने के लिए अपनी प्रसिद्धि का खाता टटोलता है। टटोलता है तो धक्क रह जाता है। नुकसान का अंदेशा होने लगता है उसे और इस नुकसान की शीघ्र भरपाई की उम्मीद लिए वह कवि हो जाता है। दरअसल यह बुढ़ापे की खब्त है। कवियों के कुसंग की व्याधि है ये। कविता उसे सम्मान,पहचान और अभिनंदन का शार्टकट सी लगती है। उसे लगता है कि जीवन में इसी भर की कमी रह गई है,वो अभिनंदन का आकांक्षी होने के प्रयोजन से कवि हो जाता है। अब ये बात अलग है कि असली घी से कवि भी इसके लिए तरसते हुए गुजर जाते हैं,पर चूंकि साहब को अपने काबिल होने पर रंचमात्र भी संदेह नहीं होता। फिर भी वो खुद को आजमाने के चक्कर में कविता भी करके देख लेना चाहता है। वो इस भरोसे मे कविता करता है कि उसका किया धरा कविता ही है। चूंकि वह कवि होना चाहता है इसलिए कवि हो जाता है,पर साहब लाख कोशिश कर ले वह कवि जैसा दिखने के बावजूद सच्ची-मुच्ची का कवि हो नहीं पाता। कवि होना उसकी साहबी साख का सत्यानाश करता है। नुकसान का सौदा है ये।

स्वाभाविक रूप से उसके अंदर का काईयां, मजबूत साहब इसका प्रतिरोध करता है,वो मौका देखते ही लाचार कवि को पटक भी लेता है। इसलिए साहब का कवि अवतार आमतौर पर क्षणिक ही होता है। एकाध कविता संग्रह प्रकाशित होने के बाद,किताबों के धूल खाते बंधे गठ्ठर उसके अंदर बैठे सुकुमार कवि की हत्या कर देते हैं। कवि हारता है और साहब जीतता है। साहब कभी-कभार पहना गया कुर्ता होली जैसे अवसरों के लिए अलमारी में रख देता है। अपने कवि हृदय को अपनी बिना बिकी किताबों के साथ स्टोर में पटककर भूल जाता है। हंसता है खुद पर और वापस साहब हो जाता है।

पत्र लेखन अब इतिहास की बात

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

सन् 1970 के आसपास के वर्षों में नौकरीपेशा लोग 300 रुपए के आसपास वेतन पाते थे,फिर भी संतुष्ट रहते थे। परिश्रम भी बहुत करते थे। व्यापारियों की कमाई भी उनके जीवनयापन के अनुरूप ही होती थी, पेट काट कर कुछ बचा लिया तो बच जाता था अन्यथा कल की चिंता कल पर छोड़ देते थे। स्त्री हो या पुरुष वे सब दिखावे से बहुत दूर रहते थे,बिना प्रेस किए हुए कपड़े पहनकर भी उनमें हीन भावना नहीं उपजती थी। न जेब में बहुत पैसे हुआ करते थे,न ही असीमित जरूरतें। जिनकी आय अपेक्षाकृत अधिक थी, उसका उन्हें कतई अभिमान न होता था,बल्कि दिखावा करने में उन्हें संकोच होता था।

उन दिनों संचार के साधन बहुत कम थे,पत्रों के माध्यम से जानकारियां दूर-सुदूर आती-जाती थीं। भारतीय डाक सेवा का जाल पूरे देश में फैला था। असंख्य डाक सेवक चिट्ठियों को एक से दूसरे स्थान पर ले जाते थे और खाकी पोषाक में लाखों डाकिए राह तकती अंखियों तक उनके संदेश पत्र पहुंचाते थे। डाकिया के समय से तनिक देर हो जाए तो लोगों में बेचैनी सी होने लगती-'क्या बात है? अभी तक डाकिया नहीं आया।'

महानगर, नगर, कस्बा हो या गांव, पोस्ट ऑफिस सबका सहारा हुआ करता था। मनीआर्डर के सहारे लाखों लोगों का भरण-पोषण जुड़ा हुआ था। तार के जरिए अति महत्व के संदेश शीघ्रता से मिल जाते थे, वैसे, तार आना अक्सर किसी अप्रिय घटना के समाचार की संभावना से भी जुड़ा रहता था। तार आने पर लोगों के मन में सबसे पहले यह भाव आता-'तार आया है, न जाने क्या हो गया?'लिफाफा पच्चीस पैसे में, अंतर्देशीयपत्र पन्द्रह पैसे में और पोस्टकार्ड पांच पैसे में मिलता था। परिवारों के रिश्ते,दुःख-सुख के समाचार,पति-पत्नी के उलाहने,प्रेमियों के दर्द,कवियों की कविताएं,लेखकों के लेख,सरकारी आदेश और व्यापारिक प्रपत्र उन्हीं लिफाफों की मदद से हस्तान्तरित होते थे। लिफाफे का उपयोग आवश्यक होने पर ही किया जाता था, क्योंकि वह महंगा था। आम तौर पर सस्ते होने के कारण कार्ड सबसे अधिक लोकप्रिय थे। पोस्टकार्ड का बहुआयामी उपयोग होता था,जैसे सामान्य सूचनाओं का आदान-प्रदान,व्यापारिक कामकाज एवं भावताव, विवाह संबंध की बातचीत,आवागमन की सूचना, साहित्यकारों की रचनाओं की स्वीकृति, अस्वीकृत रचनाओं की खबर,लाल स्याही से भरपूर राम राम राम राम का लिखित जप, पत्र प्रेषण से देवी-देवताओं की कृपा के आगमन की सूचना और वैसे ही पत्र अपने परिचितों को लिखकर न भेजने पर भीषण आर्थिक हानि और पुत्र शोक होने की धमकी,शोक संदेश जिसके कार्ड का एक कोना फटा रहता था आदि-आदि। पत्र लिखना अब इतिहास की बात हो गई,मोबाइल फोन ने उस अद्भुत विधा को एक किनारे लगा दिया।

याद है आपको वे मधुर गीत,'फूल तुम्हें भेजा है खत में,फूल नहीं मेरा दिल है, प्रियतम मेरे मुझको लिखना, क्या ये तुम्हारे काबिल है?' इस गीत की मधुरता में आप खो सकते हैं,परंतु इसे 'फील' केवल वे कर सकते हैं जिन्होंने अपनी किशोरावस्था में ऐसे पत्र किसी को लिखे हों। गांव-खेड़े में अनपढ़ लोग पोस्टमेन से आग्रह करके पत्र लिखवाते थे,सदाशयी पोस्टमेन उनकी मदद करते थे और स्वयं उस पत्र को पोस्ट भी कर देते थे।

15.30 करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

31 लाख नाम सूची से कटे हैं इस बार उत्तर प्रदेश में

15 लाख युवा मतदाता यूपी में

किस राज्य में कब होंगे चुनाव

पहला चरण

21 राज्यों की **102** सीटों के लिए चुनाव होगा

20 मार्च को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

19 अप्रैल को मतदान होगा।

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू कश्मीर, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी।

दूसरा चरण

13 राज्यों की **89** सीटों के लिए चुनाव होगा

28 मार्च को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

26 अप्रैल को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

तीसरा चरण

12 राज्यों की **94** सीटों के लिए चुनाव होगा

12 अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

7 मई को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादर नागर हवेली और दमन दीव।

चौथा चरण

10 राज्यों की **96** सीटों के लिए चुनाव होगा

18 अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

13 मई को मतदान होगा।

आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

पांचवां चरण

8 राज्यों की **49** सीटों के लिए चुनाव होगा

26 अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

20 मई को मतदान होगा।

छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, लद्दाख।

छठा चरण

7 राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

29 अप्रैल गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

25 मई को मतदान होगा।

बिहार, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में मतदान होगा।

सातवां चरण

8 राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

7 मई को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

1 जून को मतदान होगा।

बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़।

यूपी के रेड कार्पेट पर भाजपा को चुभेंगे इंडिया गठबंधन के कांटे?

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों की बदौलत 80 में से 80 सीट जीतने का दावा कर रही है। राम मंदिर के निर्माण से उपजा माहौल, रालोद का साथ व लाभार्थियों की बड़ी संख्या भाजपा की उम्मीद है। इंडिया गठबंधन की रणनीति व बसपा की चुनावी बिसात से भाजपा को कड़ी चुनौती मिलने वाली है। ऐसे में प्रदेश के रेड कार्पेट पर भी उसे इंडिया गठबंधन के कांटे चुभेंगे। वरिष्ठ संवाददाता सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट...

लखनऊ कार्यालय, अमृत विचार



कहते हैं कि दिल्ली की कुर्सी का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर जाता है। प्रदेश में सर्वाधिक अस्सी सीटों में जिसकी जीत दिल्ली की कुर्सी उस दल के हाथ में। वर्तमान समय में कांग्रेस के पास मात्र एक सीट व सपा के पास पांच सीटें हैं।कुल मिलाकर इंडिया गठबंधन छह सीटों पर सिमटा हुआ है।बसपा के पास दस सीटें हैं। सपा से समझौते में कांग्रेस को मात्र सत्रह सीटें मिली हैं। कांगेस वे सभी सीटें 21 सीटें चाहती है। जिसमें उसने 2009 में जीत हासिल की थी।उस समय कांग्रेस को 18.2 प्रतिशत वोट मिले थे।जब सपा का भी साथ नहीं था।

भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी दलों के पास वर्तमान समय में 66 सीटें हैं। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की 80 में से 80 सीटें के दावे आसान नहीं दिखते। माहौल पक्ष में होने के बावजूद जातीय समीकरण भाजपा के पक्ष में नहीं है। इंडिया गठबंधन इस बार उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करना चाहती है। उधर भाजपा की रणनीति उत्तर प्रदेश में सभी अस्सी सीटों पर जीत हासिल करने की है।उसके पास वर्तमान समय में बासठ सीटें हैं। चार सीटें सहयोगी दलों के पास हैं। अयोध्या में राममंदिर निर्माण के बाद भाजपा माहौल भी अपने पक्ष में देख रही है। उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) में कितना सेंध लगा पाती है। भाजपा का सबसे बड़ा भरोसा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हैं। उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या ढाई करोड़ है। समस्या है कि प्रदेश के 40 हजार बूथ अल्पसंख्यक बाहुल्य हैं। 35 हजार बूथ ऐसे हैं जहां पिछले चुनाव में भाजपा को बराबर की टक्कर मिली थी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने लगभग एक लाख बूथ जीतकर 62 सीटों पर कब्जा जमाया था। अब इन बूथों पर भी समीकरण बदले हैं। 2009 में अकेले दम पर 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 21 सीट जीतने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर 50 सीटों पर जीत की रणनीति बना रही है। भाजपा के लिए सबसे अधिक प्रतिष्ठा वाली सामान्य सीट अयोध्या पर समाजवादी पार्टी ने दलित (पासी) उम्मीदवार उतार कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है। अयोध्या संसदीय क्षेत्र में पासी की संख्या काफी अधिक है। जो पिछले चुनाव तक भाजपा के साथ था। बाराबंकी में भी सांसद के आपत्तिजनक वायरल वीडियो ने भाजपा की नींद उड़ा रखी है। गोंडा में भी एक बार भाजपा उम्मीदवार कीर्ति वर्धन सिंह को पराजित कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।



बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की 80 में से 80 सीटें के दावे आसान नहीं दिखते। माहौल पक्ष में होने के बावजूद जातीय समीकरण भाजपा के पक्ष में नहीं है। इंडिया गठबंधन इस बार उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करना चाहती है। उधर भाजपा की रणनीति उत्तर प्रदेश में सभी अस्सी सीटों पर जीत हासिल करने की है।उसके पास वर्तमान समय में बासठ सीटें हैं। चार सीटें सहयोगी दलों के पास हैं। अयोध्या में राममंदिर निर्माण के बाद भाजपा माहौल भी अपने पक्ष में देख रही है। उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) में कितना सेंध लगा पाती है। भाजपा का सबसे बड़ा भरोसा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हैं। उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या ढाई करोड़ है। समस्या है कि प्रदेश के 40 हजार बूथ अल्पसंख्यक बाहुल्य हैं। 35 हजार बूथ ऐसे हैं जहां पिछले चुनाव में भाजपा को बराबर की टक्कर मिली थी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने लगभग एक लाख बूथ जीतकर 62 सीटों पर कब्जा जमाया था। अब इन बूथों पर भी समीकरण बदले हैं। 2009 में अकेले दम पर 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 21 सीट जीतने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर 50 सीटों पर जीत की रणनीति बना रही है। भाजपा के लिए सबसे अधिक प्रतिष्ठा वाली सामान्य सीट अयोध्या पर समाजवादी पार्टी ने दलित (पासी) उम्मीदवार उतार कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है। अयोध्या संसदीय क्षेत्र में पासी की संख्या काफी अधिक है। जो पिछले चुनाव तक भाजपा के साथ था। बाराबंकी में भी सांसद के आपत्तिजनक वायरल वीडियो ने भाजपा की नींद उड़ा रखी है। गोंडा में भी एक बार भाजपा उम्मीदवार कीर्ति वर्धन सिंह को पराजित कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।

2019 के चुनाव में कुर्मी मतदाता जहां यहां पर भाजपा के खेमे में दिखाई पड़ रहे थे। अब समाजवादी पार्टी के खेमें में नजर आ रहे हैं। सुल्तानपुर में मेनका गांधी को लेकर भाजपा का उहापोह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसी ही स्थिति कैसरगंज को लेकर है। श्रावस्ती में पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा का टिकट कटने के बाद हालात बदले हैं। बहराइच में भी लड़ाई आसान नहीं है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति और मतदाताओं के ध्रुवीकरण को लेकर भाजपा की उम्मीदें बड़ी हैं।

भाजपा के गढ़ को भेदने में सक्षम सपा-कांग्रेस गठबंधन!

● सुरेश पाण्डेय, बरेली

अमृत विचार: सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने बरेली में भाजपा का विजयरथ रोकने के लिए तैयारी की है, उनकी तैयारी कितनी कारगर होगी यह तो रिजल्ट बताएगा लेकिन आंकड़ों पर गौर करें वर्ष 1989 से इस सीट पर भाजपा का ही कब्जा रहा है। 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन ने भाजपा प्रत्याशी रहे संतोष गंगवार को हराकर भाजपा प्रत्याशी की लगातार जीतते आ रही डोर में गांठ डाल दी।

इस बार अभी तक भाजपा ने अपना प्रत्याशी तय नहीं किया है लेकिन भाजपा के गढ़ में समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ पहली बार हुए गठबंधन के आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ना तय माना जा रहा है। सपा और कांग्रेस का सांगठनिक ढांचा भाजपा के मजबूत संगठन के आगे कई मायने में कमजोर माना जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के अंदर नेताओं के बीच खींचतान जगजाहिर है। सम्मेलनों में मारपीट, कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता और अनुशासन की कमी सपा नेताओं को एकजुट करने में बड़ी बाधा है और इसे सपा के नेता भी स्वीकार करते हैं। यह भी संभव है कि जनता इस बार नया नेता चुनना चाहती हो। विधानसभा में उसके विधायक ज्यादा है। जिले की बात करें तो नौ विधानसभा में कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं है। जबकि सपा के भोजीपुरा और बहेड़ी से दो विधायक हैं। नगर निगम में सपा के मौजूदा समय 14 पार्षद हैं। इनमें 13 जीतकर आए और एक निर्दलीय लड़कर सपा में शामिल हुए। कांग्रेस के तीन पार्षद हैं। निगम में भी ज्यादातर पार्षदों का रूख सत्तापक्ष के निर्णयों में हां में हां मिलाना रहता है। नगर निगम के पिछले बोर्ड में सपा के 28 पार्षद थे तीन अन्य ने सपा ज्वाइन की थी। अनुशासनहीनता और कमजोर सांगठनिक क्षमता के बल पर सपा- कांग्रेस प्रत्याशी को ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

दिल्ली–लखनऊ पर बरेली की बराबर की नजर

देश व प्रदेश की राजधानी के बीच नाथनगरी बरेली लोकसभा सीट अहमियत रखती है। अभी तक मजबूत सीट के रूप में मानी जा रही भाजपा की बरेली सीट पर अभी प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ है लेकिन हर चुनाव में जीतने के लिए हर प्रत्याशी को पसीना बहाना पड़ता है। जीत के प्रति निश्चिंतता और जीतने के लिए भी सभी प्रत्याशी गांव की खाक छानते हैं। बरेली लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं। इनमें बरेली कैंट, शहर, नवाबगंज, मीरगंज विधानसभा में भाजपा विधायक हैं। भोजीपुरा विधायक कौन सी करवट लेते हैं। राज्य सभा चुनाव और उसके पहले भी हुए चुनाव में सपा के भोजीपुरा विधायक का वोट अपनी पार्टी के प्रत्याशी को नहीं जाना सपा की बैठकों में नहीं आने आदि मामले इसके पीछे उदाहरण बने हैं। सपा –कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी की भी क्षेत्र के हर वर्ग की जनता पर पकड़ है। इस बार अभी तक बसपा और भाजपा का प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ तो गठबंधन प्रत्याशी लोगों के बीच जाकर अपना संपर्क बढ़ा रहे हैं।

सपा और बसपा गठबंधन भी भाजपा के किले को नहीं ढहा सका

2019 में सपा और बसपा गठबंधन के प्रत्याशी रहे भगवत सरन गंगवार ने भाजपा प्रत्याशी से टक्कर ली थी। उन्हें 3 लाख 97 हजार 988 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस से लड़े प्रवीण सिंह ऐरन को 74 हजार 206 वोट मिले। 2014 में सपा की आयशा इस्लाम को 2 लाख 77 हजार 573 वोट मिले। बसपा के उमेश गौतम को एक लाख 6 हजार 49 तो कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को 84 हजार 213 वोट ही मिले। इसके पहले 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को सर्वाधिक 2 लाख 20 हजार 976 वोट मिले। यह कुल वोटों का 31 .31 फीसदी था। जबकि भाजपा प्रत्याशी को 29 .99 फीसदी वोट यानि 2 लाख 11 हजार 638 वोट मिले थे। बसपा के इस्लाम साबिर को एक लाख 81 हजार 996 और सपा के भगवत सरन को 73 हजार 549 वोट ही मिले थे।

1952 के बाद पहली बार 82 दिनों तक चलेगी मतदान की प्रक्रिया

नई दिल्ली। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया 44 दिनों में पूरी होगी जो 1951–52 के पहले ससंदीय चुनाव के बाद मतदान की सबसे लंबी अवधि होगी। पहले चुनाव में मतदान चार महीने से अधिक समय तक चला था। देश में आम चुनाव की सबसे छोटी मतदान अवधि 1980 में थी जब महज चार दिनों में मतदान पूरा हो गया था। इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा से लेकर मतगणना होने तक तक चुनाव प्रक्रिया कुल 82 दिनों में पूरी होगी। लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी जो सात चरणों में संपन्न होगी तथा मतगणना चार जून को होगी। यह दुनिया की सबसे बड़ी चुनाव प्रक्रिया होगी। इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयासरत हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में मतदान की इतनी लंबी अवधि के बारे पूछे जाने पर कहा कि चुनावों की तारीखें क्षेत्रों तथा सार्वजनिक अवकाश, त्योहारों एवं परीक्षाओं को ध्यान में रखकर तय की गयी है।

26 विस क्षेत्र में होंगे उप चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में लोकसभा चुनावों के साथ हिमाचल प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश समेत 13 राज्यों के 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराये जायेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को यहां अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव की घोषणा करते हुए कहा कि देशभर में 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराए जाएं।

इन क्षेत्रों में मतदान लोकसभा के चुनाव के साथ होगा। ये विधानसभा क्षेत्र 13 राज्यों में हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश के छह, गुजरात के पांच, उत्तर प्रदेश के चार, पश्चिम बंगाल के दो और हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीट शामिल है। उत्तर प्रदेश के दादरौल, लखनऊ पूर्व, गैनसारी और दुधी विधानसभा क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के भगवाल गोला और बारानगर विधानसभा, तेलंगाना के सिकंदराबाद छावनी विधानसभा सहित कई विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव होगा।

वहीं, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव सुरक्षा चिंताओं के कारण लोकसभा चुनाव के बाद कराए जाएंगे, क्योंकि दोनों चुनाव एक साथ कराना अव्यावहारिक प्रतीत होता है। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा की। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी। जम्मू-कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा।

दिल्ली की सभी सीटों के लिए 25 मई को होगा मतदान

दिल्ली की सभी सात सीटों के लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी और 6 मई तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को होगी और नाम वापसी के लिए 9 मई तारीख तय की गई है। मतदान 25 अप्रैल को होगा और 4 जून को मतगणना होगी। 6 जून तक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली एवं दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र हैं। जिनमें सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लेकिन इस बार 6 सीटों में भाजपा हाई कमान ने वर्तमान सांसदों के टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।

उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए भाजपा में शीर्ष मंथन जारी

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित करने में भाजपा हाई कमान को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। केंद्रीय चुनाव समिति के कई सदस्य अलग-अलग सीटों पर मंथन कर रहे हैं। लेकिन अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, इसलिए अभी तक कोई भी नाम तय नहीं हो पाया है।

उत्तर प्रदेश में बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, पीलीभीत, अलीगढ़, इलाहाबाद, कैसरगंज, रायबरेली, मैनपुरी, भदोही सीट में सबसे ज्यादा मंथन हो रहा है। पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष सहित कई नेताओं के पास उक्त सीटों के दावेदार डेरा डाले हुए हैं। दूसरी सूची में उप्र की बची हुई सीट से कोई नाम घोषित न होने के बाद 24 सीटों के दावेदारों

● **बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, कैसरगंज, पीलीभीत, प्रयागराज, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ पर सर्वाधिक चर्चा**

में बेचैनी और बढ़ गई है। भाजपा के जिन सांसदों के टिकट पर रोक लगी है उनमें मेनका, संतोष गंगवार, सत्यदेव पचौरी, वरुण, रीता बहुगुणा, जनरल वीके सिंह, बृजभूषण सिंह एवं सतीश गौतम मुख्य हैं।

24 सीटों के लिए पार्टी हाई कमान ने उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव बैजयंत जय पांडा से योग्य उम्मीदवारों के नाम मांगे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह से सलाह मशविरा करने के बाद एक सूची केंद्रीय चुनाव समिति को सौंप दी है। इन नामों पर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य ओमप्रकाश माथुर भूपेंद्र यादव एवं डॉक्टर सुधा यादव ने अपनी रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंप दी है। रिपोर्ट की एक कॉपी संगठन महासचिव संतोष को भी दी गई है। यह चारों नेता चुनाव समिति के भी सदस्य हैं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी संसदीय क्षेत्र उप्र में आता है, इसलिए अंतिम फैसला उनकी मौजूदगी में ही होगा। शायद यही वजह है कि अभी तक किसी भी संसदीय क्षेत्र से किसी किसी भी नाम का खुलासा नहीं हो पा रहा है और टिकट के दावेदार उक्त नेताओं के यहां डेरा डाले हुए हैं। रायबरेली एवं मैनपुरी से चुनाव समिति किसी बड़े नेता को उम्मीदवार बनाना चाहती है। भाजपा की तीसरी सूची 17 या 18 तक आ जाएगी। पहली सूची में उप्र के 51 उम्मीदवार घोषित किए थे। मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज, घोसी, बिजनौर एवं बागपत की पांच सीटें भाजपा के तीन सहयोगी दलों को दी गई है।

15 बड़ी सीटों पर कब होगा मतदान

- **वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट, यहां 1 जून को सबसे आखिरी चरण में मतदान
- **गांधीनगर :** गृह मंत्री अमित शाह की सीट, यहां 7 मई को मतदान
- **वायनाड :** राहुल गांधी की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **अमेठी :** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **विदिशा :** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **तिरुवनंतपुरम :** यहां से कांग्रेस के मौजूदा सांसद शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर मैदान में, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **गुना :** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **करनाल :** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर यहां से चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 25 मई को मतदान
- **हरिद्वार :** उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत यहां से मैदान में, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **नागपुर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सीट, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **मुंबई उत्तर :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पहली बार इसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 20 मई को मतदान
- **कोटा :** निवर्तमान लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **हमीरपुर :** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की सीट, यहां 1 जून को मतदान
- **उत्तर पूर्व दिल्ली :** भाजपा के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी की सीट, यहां 25 मई को मतदान

क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना हुआ उछाल, 39 से 458 हुए क्षेत्रीय दल, 1951 की 14 में से केवल दो दलों का आजतक कायम है अस्तित्व

अपनी तासीर भी नहीं बची 12 राष्ट्रीय पार्टियों की, चार का हुआ प्रादुर्भाव

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: 1951 से 2019 तक 17 बार लोकसभा का आम चुनाव हो चुका है। 18वीं बार होने जा रहा है। राष्ट्रीय दल शेयर मार्केट की तरह धराशायी होते गए और क्षेत्रीय दलों का शेयर मार्केट कई गुना बढ़ गया। पहले लोकसभा चुनाव में 14 नेशनल पार्टियों व 39 क्षेत्रीय दलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और लोकसभा की कुल 489 सीटों पर अपने कंडीटेट उतारे थे। लेकिन 2014 तक आते आते नेशनल पार्टियों की संख्या घट कर छह रह गई। इसमें 1951 की 14 में से केवल दो दल ही आज के समय में दिख रहे हैं। जबकि क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना इजाफा हुआ और इनकी संख्या 39 की जगह 458 हो गई।

पहले लोकसभा चुनाव के दौरान देश में मात्र 489 सीटें ही थीं। पूरे देश में 17 करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता थे। इनमें कुल 44.89 प्रतिशत यानि 105950083 मतदाताओं ने ही वोट डाला था। पहले चुनाव में कुल 1874 कंडीडेट मैदान में थे। इनमें से नेशनल पार्टी भारतीय जनसंघ के 94, बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया का एक, सीपीआई के 49, एफबीएल मार्कसवादी ग्रुप के 22, एफबीएल(आरजी) के 6, हिंदू महासभा के 31, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 479, केएलपी के 29, किसान मजदूर प्रजा पार्टी के 145, आरसीपीआई के 2, आरआरपी के 61, एसएसपी के 9, एससीएफ के 35 तथा सोसलिस्ट पार्टी के 254 प्रत्याशी मैदान में थे। वहीं क्षेत्रीय 39 क्षेत्रीय दलों के 134 तथा निर्दल के 533 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। सभी 14 राष्ट्रीय पार्टियों के 1217 उम्मीदवारों में 418 ने जीत दर्ज की थी, जबकि क्षेत्रीय दलों ने कुल 34 सीटें जीती थीं। इससे अधिक 37 उम्मीदवार निर्दल के थे जिन्होंने जीत दर्ज की थी।

राष्ट्रीय दलों में कांग्रेस व सीपीआई को छोड़कर सभी 12 दलों की तासीर तक नहीं बची। अब हम 2014 व 2019 की बात करें तो मौजूदा समय भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, सीपीआई, सीपीएम, एनसीपी व आप ही नेशनल कटेगरी में शामिल हैं। क्षेत्रीय दलों की संख्या में जबर्दस्त उछाल आया है। मौजूदा समय 458 से अधिक क्षेत्रीय दल हैं जिनका आम लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद व पंचायत के चुनावों में दखल बढ़ा है। जिस तरह इन दलों का वजूद बढ़ा है उसी तरह चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। मौजूदा समय 543 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं और लड़ने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है। 2014 के आम चुनाव में पूरे देश में 8251 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इलेक्शन कमीशन आफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार 2014 में एक सीट पर तीन कंडीडेट से लेकर 30 कंडीडेट ने अपना दावा ठोंका था। कुल मिला कर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में बीच-बीच कई अन्य दलों का उद्भव हुआ और उनका अवसान भी हो गया। लेकिन आज केवल उनके नाम बचे हैं जिनके बारे में उम्रदराज लोग ही जानते होंगे।

2024 में राष्ट्रीय पार्टी

- आम आदमी पार्टी
- भारतीय जनता पार्टी
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी)
- नेशनल पीपुल्स पार्टी
- बहुजन समाज पार्टी

1951 में राष्ट्रीय दल

- भारतीय जनसंघ
- कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया
- फारवर्ड ब्लाक मार्कसवादी ग्रुप
- फारवर्ड ब्लाक (रुइकर ग्रुप)
- अखिल भारतीय हिंदू महासभा
- कृषिकर लोक पार्टी
- किसान मजदूर प्रजा पार्टी
- रिवोल्यूशनरी कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- अखिल भारतीय रामराज्य परिषद
- रिवोल्यूशनरी सोसलिस्ट पार्टी
- आल इंडिया शिड्यूलकास्ट फेडरेशन
- सोसलिस्ट पार्टी

एक नजर

पुरी जगन्नाथ मंदिर से संबंधी मामले की सुनवाई स्थगित

कटक। उड़ीसा उच्च न्यायालय ने उस जनहित याचिका पर सुनवाई दो और सप्ताह के लिए स्थगित कर दी है जिसमें पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' की चाबियां गुम होने के मामले में न्यायमूर्ति रघुबीर दास आयोग की जांच रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शुक्रवार को सरकार ने याचिका पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है।

ममता की हालत स्थिर चोट से उबर रही हैं

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की स्वास्थ्य स्थिति 'ठीक' है। उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शनिवार सुबह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 69 वर्षीय ममता चोट से उबर रही हैं। सरकारी एसएसकेएम अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा- मुख्यमंत्री ठीक और स्थिर हैं। वह चोट से उबर रही हैं। चोट के कारण होने वाला दर्द भी काफी कम हो गया है। फिर भी उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को रात में अच्छी नींद आई। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो बृहस्पतिवार शाम को अपने कालीघाट स्थित आवास में गिर गयी थीं जिससे उनके माथे और नाक पर गंभीर चोटें आईं थीं।

मोदी ने विपक्ष को दिशाहीन और मुद्दाविहीन बताया

प्रधानमंत्री ने आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए सत्ता में बने रहने का जताया भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए विपक्ष को 'दिशाहीन' और 'मुद्दाविहीन बताया और सत्ता में बने रहने का भरोसा जताया।

लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार के पिछले 10 साल उस 'गहरी खाई' को भरने में बीते हैं जो पूर्ववर्ती सरकारों ने बनाई थी। उन्होंने कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रयास और बढ़ेंगे। उन्होंने कहा-चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। भाजपा और राजग चुनावों में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 140 करोड़ परिवारजनों और 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा।

किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा : नरेंद्र मोदी

हैदराबाद। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार होने के एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने ''अन्य अति भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी'' कर ली है और कहा कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा। हैदराबाद से करीब 135 किलोमीटर दूर नगरकुरनूल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस और बीआरएस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा-बीआरएस ने राज्य (तेलंगाना) से बाहर जाकर दूसरे महा भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में बैठक के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

कांग्रेस सरकार पर लूट में लिप्त होने का लगाया आरोप

कलबुर्गी (कर्नाटक)। प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि जब लोग मुसीबत में हैं तो वह ''लूट'' में लिप्त है। भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की कलबुर्गी में कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे के गृह क्षेत्र में औपचारिक शुरुआत करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि कर्नाटक के लोगों ने आगामी चुनाव में राज्य में भाजपा को विजयी बनाने का फैसला कर लिया है। मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस के प्रति आपके (लोगों के) मन में जो गुस्सा है, मैं वह समझ सकता हूं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो भले ही अपनी वेशभूषा बार-बार बदल ले लेकिन उसके कुकर्म नहीं बदलते। यही कारण है कि कर्नाटक के लोग सचेत हैं और उसके (कांग्रेस के) प्रति उनमें गुस्सा है।'' राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक दक्षिण भारत में कर्नाटक भाजपा के लिए बेहद अहम है क्योंकि भाजपा अतीत में यहीं पर सत्ता पर काबिज रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की कुल 28 में से 25 सीटें मिली थीं। पार्टी समर्थित एक निर्दलीय ने भी जीत हासिल की थी। मोदी ने यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक के लोग इतने कम समय में ही राज्य की कांग्रेस सरकार से निराश हो गए हैं।

चुनाव के लिए तैयार, लोकतंत्र के भविष्य का होगा फैसला : खेड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस नेता पवन बोले-यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद शनिवार को कहा कि वह इस चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है तथा यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है क्योंकि इसमें देश के लोकतंत्र के भविष्य का फैसला होगा। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा-चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है। यह चुनाव आम नहीं है। यह चुनाव फैसला करेगा कि यह देश और लोकतंत्र मजदूर किसान के कंधों पर चलेगा या कुछ उद्योगपतियों के कंधों पर चलेगा।

उन्होंने कहा-इस चुनाव से तय होगा कि देश बाबासाहेब के संविधान पर चलेगा या एक तानाशाह के गुणगान पर चलेगा। इसलिए यह एक आम चुनाव नहीं, खास चुनाव है। खेड़ा ने कहा-हम तैयार हैं। उन्होंने कांग्रेस की पांच 'न्याय गारंटी' का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के युवाओं, किसानों और अन्य वर्गों को विश्वास है कि कांग्रेस ने जो वादा किया है उन्हें वह पूरा करेगी। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी।

मध्य प्रदेश के भाजपा सांसद अजय प्रताप सिंह ने पार्टी छोड़ी

भोपाल। मध्य प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और "बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार" में लिप्त होने के लिए पार्टी की आलोचना की। सिंह ने दावा किया कि भाजपा में भ्रष्ट लोगों को संरक्षण मिल रहा है और पार्टी राजनीतिक व्यापारियों का ''अड्डा'' बन गई है। सिंह ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपना त्याग पत्र पोस्ट किया।

नीतीश ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखे

पटना, एजेंसी

● बिहार के मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को विभागों का आवंटन किया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल विस्तार के एक दिन बाद शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (सरकार) के मंत्रियों को विभाग आवंटित किए।

कुमार ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास बरकरार रखे जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त और वाणिज्यिक विभाग दिए गए हैं। कैबिनेट सचिवालय विभाग की ओर से शनिवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व अन्य उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को सड़क निर्माण, खान एवं भूविज्ञान और कला एवं संस्कृति विभाग दिए गए हैं। नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए 21 नए मंत्रियों को शामिल किया था। 21 नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ, नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 30 हो गई। राज्य में संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार कुल 36 मंत्री हो सकते हैं।

महाराष्ट्र सरकार ने स्कूल शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू किया

पुणे। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में स्कूल शिक्षकों के लिए एक 'ड्रेस कोड' लागू किया है, जिसके तहत उन्हें टी-शर्ट, जींस या डिजाइन और चित्रों वाली कोई अन्य शर्ट पहनने की अनुमति नहीं होगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी एक सरकारी आदेश (जीआर) के अनुसार, राज्य सरकार ने स्कूलों से अपने संबंधित पुरुष और महिला शिक्षकों के लिए 'ड्रेस कोड' तय करने को कहा है। जीआर के अनुसार यह नियम राज्य के निजी, सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त सहित सभी स्कूलों पर लागू होगा। इसमें कहा गया है, शिक्षकों द्वारा पहनी जाने वाली पोशाक साफ-सुथरी होनी चाहिए।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा पूरी, लेकिन न्याय की लड़ाई आरंभ : राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस नेता बोले-यात्रा का आज समापन है पर यह अंत नहीं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मणिपुर से महाराष्ट्र तक की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' आज मुंबई मे समाप्त हो गई लेकिन उन्होंने कहा कि देश की जनता के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध उनकी न्याय की लड़ाई की यात्रा जारी रहेगी।

राहुल गांधी ने कहा "भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आज समापन है - पर यह अंत नहीं, न्याय की लड़ाई का आरंभ है। यात्रा के दौरान मैंने हर वर्ग के साथ हो रहे भयंकर अन्याय और उत्पीड़न को बहुत करीब से जाना और समझा। मैं देशवासियों की उम्मीदों भरी आंखों में छिपे छोटे-छोटे सपनों को अपने साथ लेकर जा रहा हूं। उन्होंने कहा इस यात्रा से मेरा विश्वास और दृढ़ हुआ है कि देश की पहली जरूरत न्याय है और हर वर्ग को समर्पित कांग्रेस के 5 न्याय ही संकटकाल से गुजर रहे भारत की संजीवनी है। कांग्रेस के सभी बब्बर शेर कार्यकर्ताओं अब चैन से तभी बैठना जब मोदी सरकार को उखाड़ कर फेंक देना।

राहुल के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई 2 मई तक के लिए स्थगित

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में एक मजिस्ट्रेट अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई दो मई तक के लिए स्थगित कर दी। गांधी के वकील नारायण अय्यर ने कहा कि उन्होंने इस आधार पर स्थगन का अनुरोध करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया कि मामले के संबंध में वायनाड सांसद द्वारा बंबई उच्च न्यायालय में दायर एक रिट याचिका लंबित है। छह मार्च 2014 को भिवंडी के पास एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक कथित बयान दिया था।

आईएसआईएस मॉड्यूल मामला : एनआईए ने चार संपत्तियों को जब्त किया

पुणे (महाराष्ट्र)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में शनिवार को कोंढवा इलाके में स्थित चार संपत्तियों को कुर्क किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनआईए ने मामले में 11 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें कोंढवा से विस्फोटक, बम बनाने के लिए रसायन, हथियार और आईएसआईएस समर्थित साहित्य बरामद किया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-एनआईए ने कोंढवा के मीठा नगर इलाके में स्थित चार संपत्तियों को जब्त किया है, जो आतंकवाद से अर्जित आय के जरिये बनाई गई थीं। यह कार्रवाई पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल के संबंध में की गई है।

ईडी ने मुंबई में छह जगहों पर ली तलाशी

मुंबई, एजेंसी

फर्जी कलाकृति मामला

● जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर नकली कलाकृतियों के व्यापार और नकली को असली कलाकृति साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने में शामिल एक गिरोह के खिलाफ मुंबई में छह स्थानों पर तलाशी ली। जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल हैं।

एक बयान में ईडी ने कहा कि उसने राजेश राजपाल और अन्य से जुड़े एक मामले में 13 मार्च को मुंबई में छह स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली। तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए जिनसे गिरोह के संचालन का खुलासा हुआ। बयान में कहा गया कि यह गिरोह नकली कलाकृतियों के व्यापार और इन्हें असली साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने समेत प्रमुख कला दीर्घाओं और व्यक्तियों की भागीदारी के जरिये नकदी के माध्यम से धन हस्तांतरित करने में शामिल है।

ईडी ने भारतीय दंड विधान (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत ताड़देव पुलिस थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की, जिसमें पुनीत भाटिया नामक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि राजपाल और विश्वंग देसाई ने उन्हें धोखा देकर जाली प्रमाणपत्रों के साथ नकली कलाकृति की बिक्री के माध्यम से उनसे 17.9 करोड़ रुपये की ठगी करने की साजिश रची थी। तलाशी के दौरान ईडी ने कथित तौर पर दक्षिण मुंबई की एक प्रमुख कला दीर्घा, जाने-माने कॉरपोरेट वकीलों और सराफा व्यापारियों से जुड़े एक गिरोह का पर्दाफाश किया जो कथित तौर पर मूल कलाकृति की नकल को असली के रूप में पेश करते थे। इन कलाकृतियों में जैमिनी रॉय, मकबूल फिदा हुसैन, एफ एन सूजा, जहांगीर सबावाला, एस एच रजा, एन एस बेंद्रे, राम कुमार और अन्य मशहूर कलाकारों की जाली कलाकृतियां शामिल थीं।

बिहार में रेत खनन मामले में ईडी की फिर छापेमारी

पटना। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में कथित अवैध रेत खनन से जुड़े धनशोधन के मामले की जांच के तहत राज्य में शनिवार को फिर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि भोजपुर जिले के आरा शहर के आसपास छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि एक कारोबारी और उससे जुड़े कुछ लोगों के परिसरों में छापे मारे जा रहे हैं। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले हफ्ते इस मामले में सुभाष यादव नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़ा है। ईडी का मामला बिहार पुलिस की ओर से 'ब्रॉडसंस कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी और इसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज 20 प्राथमिकियों से उपजा है।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

2047 तक जीडीपी में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान

क्रेडाई ने विकसित भारत के लिए अपना रोडमैप जारी करते हुए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने विकसित भारत के लिए आज अपना रोडमैप जारी किया जिसमें 2047 तक सकल घेरलू उत्पाद (जीडीपी) में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर का होने का अनुमान है और यह अनुमानित जीडीपी का 17.5 प्रतिशत रह सकता है।

क्रेडाई ने आज अपने युवा इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन यूथकॉन में विकसित भारत के लिए भारतीय रियल एस्टेट के योगदान पर एक रिपोर्ट जारी किया जिसमें यह बात कही गई है। इस कार्यक्रम के दौरान क्रेडाई ने एक रिपोर्ट बिल्डिंग विकसित भारत-भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र की परिवर्तनकारी भूमिका के बारे में एक रिपोर्ट जारी किया। क्रेडाई के अनुसार रियल एस्टेट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। वित्त वर्ष 2034 तक इस क्षेत्र के जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ डॉलर अर्थात अनुमानित जीडीपी का 13.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय रियल एस्टेट का वर्तमान बाजार का साइज़ 24 लाख करोड़ रुपये है, जो क्रमशः 80% और 20% के अनुपात में आवासीय और वाणिज्यिक के बीच बंटा है। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन आर ईरानी ने कहा- 2047 तक भारत की एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा के बीच भारतीय रियल एस्टेट आज एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है।

महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर जी पटेल ने कहा-वर्तमान में, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत में महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही है जो हमारे आर्थिक और क्षेत्रीय लचीलेपन का प्रमाण है। संपूर्ण रियल एस्टेट उद्योग इस मजबूत मंच पर निर्माण करने के लिए बेहद उत्साहित है और एक सुविधाजनक इको-सिस्टम के महत्व पर फिर से जोर देता है जो न केवल उद्योग के निरंतर और टिकाऊ विकास के लिए, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था के लिए सभी संबंधित हितधारकों का समर्थन करता है। अपने निष्कर्षों के माध्यम से, हमने विकसित भारत में भारतीय रियल एस्टेट के योगदान का एक रोडमैप तैयार किया है क्योंकि हम इस उपलब्धि को हासिल करने की दिशा में संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।

हिमालय क्षेत्र में विदेशी फसलों की खेती को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली। विश्व सहकारी आर्थिक मंच हिमालय क्षेत्र में विदेशी बागवानी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान सहित कई संगठनों के साथ मिलकर काम करेगा। इस मंच की स्थापना भारत में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए की गई है।

विश्व सहकारी आर्थिक मंच ने शनिवार को कहा कि वह भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई), आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईटीएच), कंफेडरेशन ऑफ एनजीओ ऑफ रूरल इंडिया (सीएनआरआई) और शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) सहित विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग करेगा।

भविष्य में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: सीतारमण

तिरुचिरापल्ली, एजेंसी

● वित्त मंत्री ने कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए आर्थिक स्वतंत्रता की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिया कि निकट भविष्य में देश विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर आ जाएगा।

भारत की चीन से तुलना करने वालों की आलोचना करते हुए सीतारमण ने कहा कि कुछ चीजें उनसे दोहराई नहीं जा सकीं। सीतारमण ने यहां श्रीमती इंदिरा गांधी कॉलेज में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा-भारत को आर्थिक मामलों में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। देश को एक आर्थिक शक्ति बनना चाहिए। देश वैश्विक रैंकिंग में 10वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गया है और कुछ वर्षों में हम तीसरा स्थान हासिल कर लेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से देश की प्रगति में योगदान करने की अपील करते हुए कहा, "आप जैसे विद्यार्थियों के प्रयासों से ही हमारा देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।" चीन में आर्थिक वृद्धि की भारत के साथ तुलना करने के बारे में सीतारमण ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं। कहा कि चीन ने विभिन्न कारणों से प्रगति की है, जिनका यहां पालन नहीं किया जा सकता है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	75,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,200
गिन्नी (प्रति नग)	50,050-50,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,800
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,800
सोना जेवरात गिन्नी	64,800
चांदी पक्की	741 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	74,900।

डीजीसीए संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों के लिए एक जून की समय-सीमा पर कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों को लागू करने के लिए तय एक जून की समय-सीमा को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। विमानन नियामक ने एयरलाइंस को 15 अप्रैल तक संशोधित योजनाएं प्रस्तुत करने को कहा है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नियामक को कम से कम दो बार पत्र लिखकर आठ जनवरी को जारी संशोधित उड़ान सेवा समय सीमा (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने के लिए अधिक समय मांगा था। एफआईए में एयर इंडिया, स्पाइसजेट और इंडिगो शामिल हैं। एक जून से प्रभावी होने जा रहे नए नियमों के तहत पायलटों को आराम करने का पर्याप्त समय दिया गया है, जिससे उनकी थकान को दूर किया जा सके। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइंस को एक जून, 2024 से संशोधित सीएआर को लागू करने के लिए सभी कदम उठाने होंगे। एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि संशोधित मानदंडों के अनुरूप एफडीटीएल योजनाएं 15 अप्रैल तक अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएं।

चार्जएमओडी देशभर में 1,200 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर लगाएगा

कोच्चि। केरल के ऊर्जा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप, 'चार्जएमओडी' ने अपनी विस्तार योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा है कि वह पूरे भारत में 1,200 और केरल में 600 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर लगाएगी। कंपनी ने इसी सप्ताह एक बयान में कहा था कि वह भारत के विभिन्न राज्यों में 1,000 धीमे चार्जर और 200 तेज चार्जर स्थापित करने और केरल में 500 धीमे चार्जर और 100 तेज चार्जर स्थापित करने की योजना बना रही है। बयान में कहा गया कि यह विस्तार केरल में मौजूदा 1,500 चार्जिंग स्टेशन और पूरे भारत में 2,000 स्टेशन के अतिरिक्त है।

गुजरात सरकार ने नई खरीद नीति घोषित की

अहमदाबाद, एजेंसी

● 1 अप्रैल से होगी लागू, राज्य की महिलाओं के लिए दिया जाएगा विशेष प्रोत्साहन

गुजरात सरकार ने शनिवार को वस्तुओं और सेवाओं की सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिला उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन के साथ अपनी खरीद नीति 2024 घोषित की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गुजरात खरीद नीति 2024 को 1 अप्रैल से लागू किया जाएगा। किसी अन्य संशोधन या अतिरिक्त प्रावधानों को शामिल करते हुए किसी अन्य नीति की घोषणा होने तक यह नीति लागू रहेगी।

बयान में कहा गया कि नई नीति राज्य सरकार के सभी विभागों, विभागाध्यक्ष, जिला कार्यालयों, प्राधिकरणों, अनुदान प्राप्त संस्थानों, बोर्डों, निगमों और समितियों की खरीद पर लागू होगी। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस नीति के जरिए सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिलाओं द्वारा संचालित उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया है। इसमें कहा गया है कि नई नीति सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से खरीद को प्रोत्साहित करेगी। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। नई नीति में राज्य के स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की बात भी कही गई है। इसके तहत राज्य सरकार ने बिना निविदा प्रक्रिया के खरीदारी के लिए पांच लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक की विभिन्न सीमाएं तय की हैं।

जोनाथन से लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में हारे

ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप

बर्मिंघम, एजेंसी

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन शनिवार को तीन गेम तक चले ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप पुरुष एकल के सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से हार गए। इससे भारत का ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप ट्राफी जीतने का इंतजार फिर बढ़ गया।

सेन 2022 में उपविजेता थे। वह सेमीफाइनल में 2019 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टी से 21-12, 10-21, 15-21 से पराजित हो गए। सेन पिछले हफ्ते भी फ्रेंच ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे थे और लगातार दूसरे हफ्ते सेमीफाइनल में उनका सफर खत्म हो गया। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सेन ने शुक्रवार को आक्रामक और विविधतापूर्ण खेल दिखाते हुए 71 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैंपियन मलेशिया के ली जी जिया पर 20-22, 21-16, 21-19 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। इंडोनेशिया के नौवीं रैंकिंग वाले क्रिस्टी रविवार को होने वाले फाइनल में हमवतन एंथोनी सिनिसुका से भिड़ेंगे।

कृष्ण-प्रतीक ओरलियंस मास्टर्स से बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त

ओरलियंस (फ्रांस), एजेंसी। कृष्ण प्रसाद गरागा और साई प्रतीक की भारतीय जोड़ी को ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन के पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। दुनिया की 70वें नंबर की भारतीय जोड़ी को डेनमार्क के आंद्रियास सोंडरगार्ड और जेस्पर टोफ्ट की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 40 मिनट में 17-21 16-21 से हार मिली। देश की एकमात्र यह भारतीय जोड़ी लुकास रेनोयर और माएल काटोएन पर 21-14 21-9 की जीत से अंतिम आठ में पहुंची थी। शुरुआती मैच में कृष्ण और प्रतीक की जोड़ी ने बुल्गारिया के इवान रूसेव और लियोयान स्टोयनोव को हराया था। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड, तान्या हेमंत और इमाद फारूखी सामिया टूर्नामेंट के शुरू में ही बाहर हो गयी थी। पुरुष एकल में तीसरे वरीय किरण जॉर्ज, मिथुन मंजूनाथ और एस शंकर मुथुसैमी सुब्रमण्यम भी शुरूआती दौर में ही बाहर गए।

पूरी जिंदगी धोनी का कर्जदार रहूंगाः अश्विन

चेन्नई, एजेंसी

स्टार ऑफ स्पिनर आर अश्विन अभी तक आरसीबी के खिलाफ आईपीएल 2011 के फाइनल में महेंद्र सिंह धोनी द्वारा नई गेंद सौंपकर दिखाए गए भरोसे को नहीं भूले हैं, जिसने उनके करियर को नई दिशा दी, जिससे वह खुद को पूर्व भारतीय कप्तान का कर्जदार मानते हैं। वहीं उस मैच में धोनी की दी नई गेंद से ऑफ स्पिनर ने चौथी ही गेंद पर क्रिस गेल का विकेट लिया था। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए चेपक की वो रात अश्विन के लिए बस शुरुआत थी और तब से एक दशक के उतार चढ़ाव भरे सफर में उन्होंने 100 टेस्ट खेल लिए और पारंपरिक प्रारूप में 516 विकेट लिए। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) द्वारा 500 विकेट और 100 टेस्ट की दोहरी उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए आयोजित समारोह के दौरान अश्विन उस पल को नहीं भूले हैं जब धोनी ने उन पर भरोसा दिखाया था। टीएनसीए ने अश्विन को उनकी उपलब्धियों के लिए एक करोड़ के पुरस्कार से सम्मानित किया। अश्विन ने कहा कि मैं आम तौर पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए शब्दों की तलाश नहीं करता। मैं इस सम्मान के लिए आभारी हूं। अपने पहले आईपीएल कप्तान धोनी को श्रेय देते हुए अश्विन ने कहा कि 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स के ड्रेसिंग रूम में मैं सभी महान खिलाड़ियों मैथ्यू हेडन और एमएस धोनी से मिला। तब मैं कुछ भी नहीं था और मेरा उस टीम में खेलना जिसमें मुथैया मुरलीधरन थे। उन्होंने कहा कि धोनी ने मुझे जो दिया, उसके लिए मैं जिंदगी भर उनका कर्जदार रहूंगा।

अश्विन से द्रविड़, कुंबले और शास्त्री को काफी उम्मीदें

चेन्नई, एजेंसी। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को उम्मीद है कि रविचंद्रन अश्विन जल्द संन्यास नहीं लेंगे जबकि रवि शास्त्री चाहते हैं कि वह कम से कम दो साल तक बल्लेबाजों को परेशान करें और अनिल कुंबले को विदेशों में उन्हें नियमित रूप से नहीं खिलाने पर हैरानी होती है। इन तीन कोच (एक मौजूदा और दो पूर्व कोच) के एक ही शाम, एक ही मंच और एक ही समय में इस गेंदबाज बारे में इस तरह की बातें कहना इस खिलाड़ी की काबिलियत का स्तर दर्शाता है। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के कार्यक्रम में द्रविड़ ने कहा कि अभी उसमें काफी खेल बचा है। उसने अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और नयेपन से स्पिन गेंदबाजी की कला को निखारा है। वह शानदार विरासत हैं। द्रविड़ को अश्विन की उत्कृष्टता की तलाश करना और अलग तरह की अनिश्चितताओं के खेल के बारे में हमेशा जिज्ञासु बने रहना बहुत खास लगता है और बतौर कोच वह इसे चुनौतीपूर्ण मानते हैं।

खेल डायरी

रणजी में लागू किया जाए प्रोत्साहन योजनाः गावस्कर

मुबंई, एजेंसी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टेस्ट प्रोत्साहन योजना को रणजी ट्राफी में भी लागू करने की मांग की है। बीसीसीआई ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए इंसेटिव स्कीम लागू करने की घोषणा की थी, जिसमें भारत के लिए 75 फीसदी टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ी को 45 लाख और 50 से 75 फीसदी तक खेलने वालों को 30 लाख रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। यह राशि मैच फ़ीस से अलग होगी। गावस्कर ने कहा कि मैं बीसीसीआई से रणजी पर ध्यान देने के लिए आग्रह करना चाहूंगा। मौजूदा समय में रणजी खिलाड़ी को प्रति मैच दो लाख मिलते हैं। अगर खिलाड़ी रणजी के किसी सीजन का हर मैच खेलता है और टीम फ़ाइनल में पहुंचती है तब उसके हिस्से में 10 मुक़ाबले आते हैं। विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के लिए मैच फीस 50 हज़ार जबकि सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी के लिए 17 हजार 500 रुपए है। अगर रणजी की फीस दोगुनी या तिगुनी हो जाती है तब अधिक संख्या में खिलाड़ी रणजी खेलते हुए दिखाई देंगे, मैं बीसीसीआई से इस पर ध्यान देने का आग्रह करना चाहता हूं।

ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानक राम बाबू ने पाया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के राम बाबू ने शनिवार को स्लोवाकिया में डुडिंस्का 50 मीट में 1:20:00 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष 20 किमी रेस क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में 35 किमी पैदल चाल रेस के कांस्य पदक विजेता बाबू ने इस 'रेस वॉकिंग टूर' के गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह पहली बार है जब कोई भारतीय एथलीट इस प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचा हो। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए कट ऑफ मानक 1:20:10 सेकेंड है। पेरू के सीजर रोड्रिग्ज 1:19:41 सेकेंड से पहले जबकि इक्वाडोर के ब्रायन पिंटाडो 1:19:44 सेकेंड से दूसरे स्थान पर रहे। बाबू इस तरह क्वालीफिकेशन मानक पार करने वाले देश के सातवें एथलीट बने।

कोचों के लिए हॉकी इंडिया निदेशक क्रूस की कार्यशाला

पुणे, एजेंसी। हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हर्मन क्रूस ने घरेलू कोचों के लिए कार्यशाला का संचालन किया, जिसमें कोचिंग के आधुनिक तरीकों और जमीनी स्तर पर हॉकी के विकास पर फोकस था। यह कार्यशाला 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला चैंपियनशिप से इतर आयोजित की गई। इसका लक्ष्य घरेलू कोचों के कौशल को निखारना था। सत्र के दौरान क्रूस ने युवा खिलाड़ियों में सीखने की ललक विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसी कोचिंग रणनीतियां बनाना चाहते हैं, जिसमें विचारों के आदान-प्रदान से सीखने की प्रक्रिया का विकास हो। खिलाड़ी गलतियों से सबक लें और उनका आत्मविश्वास बढ़े। सिर्फ आपसी प्रतिस्पर्धा पर ही फोकस नहीं रहे।

शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक इंडियन वेल्स के फाइनल में

इंडियन वेल्स, एजेंसी। शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्तियुक को 6-2, 6-1 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्वियातेक का इस साल जीत हार का रिकॉर्ड 19-2 का हो गया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉ और नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। स्वियातेक ने कोको गॉ के खिलाफ 10 में से नौ और सक्कारी के खिलाफ पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं। पुरुष युगल के फाइनल में क्रोएशिया के निकोलो मेकटिच और नीदरलैंड के वेसले कूलहोफ ने पांचवीं वरीयता प्राप्त स्पेन के मार्शल ग्रानोलेर्स और अर्जेंटीना के होराशियो जेबालोस को 7-6, 7-6 से हराया।

दिल्ली कैपिटल्स की नजर डब्ल्यूपीएल के खिताब पर

पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली को मुंबई ने सात विकेट से था हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स पिछले साल चूक गई थी, लेकिन अब रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दूसरे महिला प्रीमियर लीग फाइनल में उसकी नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया था। इस बार दिल्ली की टीम शानदार फॉर्म में है और आठ मैचों में 12 अंक लेकर पांच टीमों की लीग में शीर्ष पर है।

मेग लानिंग ने आठ पारियों में 308 रन बनाए हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की मारियाने काप और आस्ट्रेलिया की स्पिनर जेस जोनासेन ने 11-11 विकेट लिए हैं। इस सत्र में दिल्ली को मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्स ने हराया। आरसीबी के खिलाफ अब तक खेले गए चारों मुकाबले उसने जीते हैं। यह नया दिन और नया मैच है जिसमें दबाव झेलने में कामयाब रहने वाली टीम को ट्रॉफी मिलेगी। दिल्ली को लानिंग और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरुआत और जेमिमा रौड्रिग्स भी फॉर्म में है, लेकिन एलिसे कैप्सी और काप से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में जोनासेन, काप और शिखा पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने भी दस विकेट लिए हैं और कोटला की धीमी पिच पर उनकी भूमिका अहम होगी। दूसरी ओर आरसीबी लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन शुक्रवार को एलिमिनेटर में कम स्कोर बनाने के बावजूद मुंबई को 5 विकेट से हरा दिया। एलिसे पैरी पर बल्लेबाजी का जिम्मा होगा जो अब तक 312 रन बना चुकी है। उन्होंने सात विकेट भी लिए हैं। मुंबई के खिलाफ पैरी का प्रदर्शन नहीं होता तो आरसीबी नहीं जीत पाती। पहले उन्होंने 66 रन बनाए और फिर 1 विकेट भी लिया। उन्हें हालांकि कप्तान स्मृति मंधाना, सोफी डेवाइन, रिचा घोष और सोफी मोलिनू से और सहयोगी की उम्मीद होगी। आरसीबी के गेंदबाजों खासकर रेणुका सिंह, श्रेयांका पाटिल और जॉजिया वेयरहेम को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

मैच : शाम 7:30 बजे

दिल्ली कैपिटल्स : मेग लानिंग (कप्तान), लौरा हैरिस, तान्या भाटिया, जेमिमा रौड्रग्स, शेफाली वर्मा, एलिसे कैप्सी, मरियाने काप, शिखा पांडे, अनाबेल सदरलैंड, जेस जोनासेन, मिन्नु मनी, पूनम यादव, अरूंधति रेड्डी, टिटास साधु, राधा यादव, अश्विनी कुमारी, अपर्णा मंडल, वी स्नेहा दीप्ति।

आरसीबी : स्मृति मंधाना (कप्तान), रिचा घोष, दिशा कासात, एस मेघना, इंद्राणी रॉय, सतीश शुभा, हीदर नाइट, सिमरन बहादुर, एन डि क्लेर्क, सोफी डेवाइन, श्रेयांका पाटिल, एलिसे पैरी, आशा शोभना, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, सोफी मोलिनू, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहैम।

पुरुष टीम के साथ जो कुछ हुआ उससे कोई संबंध नहीं : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूपीएल के फाइनल से पहले अपनी टीम पर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहती और उनका कहना है कि वह आईपीएल में फ्रेंचाइजी की पुरुष टीम से तुलना करने के मूड में नहीं हैं।

आरसीबी की पुरुष टीम 17 साल में एक भी आईपीएल नहीं जीत पाई है जबकि तीन बार उपविजेता (2009, 2011, 2016) रही है, लेकिन डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को खिताब जीतने का शानदार मौका मिला है। मंधाना ने एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस पर पांच रन की जीत के बाद कहा कि पहले तो मुझे लगता है कि यह साल हमारे लिए पूरी फ्रेंचाइजी से जुड़ने के लिए अहम था। पुरुष टीम के साथ जो हुआ, कभी कभार इससे दबाव होता है। उन्होंने कहा कि इसलिए हम सिर्फ यही सोच रहे हैं कि हम अभी दूसरे ही सत्र में हैं इसलिए ज्यादा तनाव नहीं लेना चाहिए। पुरुष टीम के साथ क्या हुआ हमें उससे कुछ लेना देना नहीं है।

आरसीबी के लिए डब्ल्यूपीएल का पहला सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था, जिसमें टीम लीग तालिका में चौथे स्थान पर थी। मंधाना ने कहा कि क्रिकेट ने जो सिखाया है, उसके अनुसार वर्तमान में रहना अहम है। यह मैच के दिन अच्छा क्रिकेट खेलने के बारे में हैं और कल के मुकाबले में जो भी टीम अच्छा करेगी खिताब जीतेगी। मंधाना फाइनल की प्रतिद्वंद्वी कप्तान मेग लैनिंग का बहुत सम्मान करती हैं लेकिन उन्हें लगता है कि कप्तान हमेशा टीम के जितना ही अच्छा होता है। मंधाना ने कहा कि हम कप्तान को अधिक तवज्जो देते हैं लेकिन कप्तान टीम के जितना ही अच्छा होता है।

हमें हार्दिक की कमी खलेगीः नेहरा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने कहा कि उन्होंने हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस में वापसी नहीं करने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की, लेकिन आईपीएल में उन्हें इस स्टार ऑलराउंडर के अनुभव की कमी खलेगी। गुजरात ने हार्दिक की अगुवाई में अपने पदार्पण वर्ष में ही आईपीएल जीता था जबकि पिछले साल टीम फाइनल में पहुंची थी। हार्दिक हालांकि कप्तान के तौर पर मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं। नेहरा ने कहा कि किसी भी खेल में आपको आगे बढ़ना होता है। हार्दिक और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की जगह भरना आसान नहीं होता है, लेकिन इससे सीख मिलती है और इसी तरह से टीम आगे बढ़ती है। मैंने हार्दिक को टीम में बने रहने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की। आप जितना अधिक खेलते हो उतना अनुभव मिलता है। अगर वह किसी अन्य टीम में जाते तो मैं उन्हें रोकता। वह यहां दो साल खेले, लेकिन वह ऐसी टीम में वापस जा रहे थे जिसके लिए वह 5-6 साल तक खेले थे। नेहरा ने कहा कि शुभमन गिल को मैं कप्तान के रूप में मैं देखना चाहता हूं और केवल मैं ही नहीं पूरा भारत यह देखना चाहता है क्योंकि वह इसी तरह का खिलाड़ी है।

रोहित के स्वच्छंद होकर खेलने से मुंबई को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के पूर्व टी-20 कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि कप्तानी का बोझ नहीं होने से रोहित शर्मा अब स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी करेंगे, जिसका पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। रोहित की अगुवाई में मुंबई ने पांच खिताब जीते, लेकिन अब उनकी जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया गया है।

फिंच ने कहा कि रोहित के लिए अब एकमात्र चुनौती पारी का अच्छी तरह से आगाज करना है जैसा कि वह भारत और मुंबई की तरफ से कई वर्षों से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आप टीम की कप्तानी कर रहे होते हो तो आप जहां भी जाते हो टीम के कप्तान होते हो। आप इसके बारे में बहुत अधिक सोच सकते हो, लेकिन अब आप स्वतंत्र होकर खेल सकते हो जिसका उन्हें और मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रही थी, लेकिन फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के जुड़ने से इस बार यह टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस बार केकेआर की टीम पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। जब आपके पास मिशेल स्टार्क जैसा खिलाड़ी हो तो किसी भी टीम के प्रदर्शन में सुधार होता है। वह टीम को शुरू में कुछ महत्वपूर्ण विकेट दिला सकते हैं तथा पावर प्ले में यह किसी भी टीम के लिए महत्वपूर्ण होता है। यही नहीं डेथ ओवरों में भी उसकी गेंदबाजी असाधारण है।

बॉलीवुड हलचल

अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाएंगे शूजित

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक शूजित सरकार जूनियर बी अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। 'विक्की डोनर', पीकू, और 'पिंक' जैसी कई सुपरहिट फिल्में बना चुके शूजित सरकार जल्द ही अपनी अगली फिल्म शुरू करने के लिए तैयार हैं। शूजित सरकार की इस फिल्म में अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिका होगी। शूजित सरकार ने बताया मैं अपनी अगली फिल्म के लिए अभिषेक बच्चन के साथ काम कर रहा हूं। मेरी कहानियां हमेशा जीवन से जुड़ी होती हैं और उनमें ह्यूमर भी होता है। मैंने हमेशा जीवन की यात्रा को मुख्य विषय मानकर अलग-अलग शैलियों के साथ प्रयोग करने का प्रयास किया है।यह एक इमोशनल फिल्म है। मेरी सभी फिल्मों का लक्ष्य दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाना है।

कियारा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री कियारा आडवाणी को अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा बेहद पसंद आई है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म आज रिलीज हो गई है। कियारा को फिल्म बेहद पसंद आई है। कियारा ने फिल्म के एक सीन से सिद्धार्थ की तस्वीर शेयर की है। फोटो के साथ कियारा ने लिखा, सिद्धार्थ आपने हम सबको गर्व महसूस कराया है। आप बेस्ट हैं। उन्होंने लिखा,इस जॉनर में सबसे बढ़िया में से एक। सागर और पुष्कर, भरोसा नहीं हो रहा है कि यह आपका पहला है।कियारा ने दिशा पाटनी और राशि खन्ना के लिए लिखा, इन दो महिला योद्धाओं से सावधान रहिए। फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू, प्रशंसा स्वीकार करें।

सूद की फिल्म फतेह का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म 'फतेह' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में हैं। फतेह सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म का टीजर बेहद खौफनाक है। टीजर की शुरुआत इस वॉयस ओवर से होती है कि फतेह तुमने 40 इतने में 'फतेह के रोल में दिख रहे सोनू सूद ने बोलते हैं 40 नहीं 50' इसके बाद सोनू सूद एक-एक कर बदमाशों को शूट करते दिख रहे हैं। शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म फतेह साइबर अपराध की जटिलताओं और चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है।

विक्रांत सिंह की फिल्म ससुराल का गुलाम में यामिनी के जलवे

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत की आने वाली फिल्म 'ससुराल का गुलाम' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म ससुराल का गुलाम में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ यामिनी सिंह मुख्य में हैं। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल हैं।निर्देशक इश्तियाक शेख बंटी हैं। कथा - पटकथा और संवाद अरविंद तिवारी का है। विक्रांत सिंह राजपूत ने फिल्म 'ससुराल का गुलाम' को लेकर कहा कि यह फिल्म भी बेहद ख़ास होने वाली है। यह फिल्म आधी आबादी को खूब पसंद आएगी। मेरा किरदार इस फिल्म में अनोखा है। उम्मीद करता हूं कि यह सभी को पसंद आए। फिल्म के गाने भी बेहद खूबसूरत हैं। फिल्म में यामिनी सिंह के साथ मेरी केमेस्ट्री दर्शकों के दिलों को छूने वाली है।

लाडो, काजल और गोल्डी का होली गीत रिलीज

मुंबई, एजेंसी। लाडो मद्धेशिया, काजल त्रिपाठी और गोल्डी यादव का होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में लाडो मद्धेशिया और गोल्डी यादव की आवाज है, वहीं वीडियो में लाडो मद्धेशिया और काजल त्रिपाठी की केमिस्ट्री नजर आ रही है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

यासीन की पार्टी पर 5 साल के लिए बढ़ा प्रतिबंध: गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- कश्मीर पीपुल्स लीग के सभी गुटों पर भी लगाया प्रतिबंध

केंद्र सरकार ने शनिवार को कठोर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत जम्मू-कश्मीर पीपुल्स फ्रीडम लीग और अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के सभी गुटों पर प्रतिबंध लगा दिया। मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (मोहम्मद यासीन मलिक गुट) पर लगा प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

गृह मंत्रालय ने कहा कि उसका नया कदम जेकेएलएफ-वाई नामक संगठन के खिलाफ प्राप्त त जानकारी के बाद आया है, क्योंकि वह उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकती है। गृह मंत्रालय ने 22 मार्च 2019 को जेकेएलएफ-वाई को एक गैरकानूनी पार्टी घोषित किया था। आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के चार संगठनों जेकेपीएल (मुख्तार अहमद वाजा), जेकेपीएल (बशीर अहमद तोता), जेकेपीएल (गुलाम मोहम्मद खान) और जेकेपीएल (अजीज शेख) पर बैन लगा दिया है। ये संगठन जम्मू-कश्मीर में आतंक भड़काने और अलगाववाद को बढ़ावा देने में शामिल थे। अमित शाह ने कहा, 'मोदी सरकार आतंकी गतिविधियों में शामिल लोगों और संगठनों के प्रति कठोर बनी रहेगी।

प्रसार भारती के अध्यक्ष बने पूर्व नौकरशाह नवनीत

नई दिल्ली। प्रसार भारती का नया अध्यक्ष सेवानिवृत्त नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल को नियुक्त किया गया है। यह पद चार साल से खाली पड़ा था। सहगल ने ए. सूर्य प्रकाश का स्थान लिया है। सूर्य प्रकाश का कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो गया था।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 15 मार्च 2024 को जारी एक आदेश में कहा गया कि राष्ट्रपति, चयन समिति की सिफारिश पर, नवनीत कुमार सहगल, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता हैं। सहगल तीन वर्ष तक इस पद पर नियुक्त रहेंगे।

दुनिया के 52% रोबोट सिर्फ चीन में तैनात, बेरोजगारी में बढ़ोतरी

दुनियाभर में रोबोट्स की वजह से सबसे तेजी से बेरोजगारी चीन में बढ़ रही है। अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों ने अब तक चीन के अलग-अलग उद्योगों में काम कर रहे रोबोट की जितनी संख्या का आकलन किया था, वास्तव में यह उससे 12.5 गुना ज्यादा है। चीन लगातार ऑटोमेशन की ओर बढ़ रहा है। इससे वहां के तमाम उद्योगों में लगातार नौकरियां कम हो रही हैं।



इन कंपनियों में हो रहे इस्तेमाल

चीन के मैन्यूफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर और कंस्ट्रक्सन में रोबोट का खूब इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन सबसे ज्यादा रोबोट की चीन सॉफ्टवेयर के लिए अमेरिका जापान पर निर्भर चीन का घरेलू रोबोट इंडस्ट्री सॉफ्टवेयर के लिए पूरी तरह अमेरिका और जापान जैसे विकसित दशों पर निर्भर है। साथ ही वे इंडस्ट्री में इन्नोवेशन में भी पिछड़े हुए हैं। जबकि रोबोट इंडस्ट्री में 80% खर्च सॉफ्टवेयर का ही है।

चीन के उद्योगों में लगे सबसे ज्यादा रोबोट

दुनिया भर के उद्योगों में जितने रोबोट काम कर रहे हैं, उसमें से 52% अकेले चीन के उद्योगों में लगे हुए हैं। जबकि एक दशक पहले तक यह संख्या सिर्फ 14% थी। चीन दुनिया का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल रोबोट मार्केट बन चुका है। इसके विपरित अमेरिका अपनी रोबोटिक जरूरतों का सिर्फ 70% का ही इस्तेमाल कर रहा है। दरअसल माना जाता रहा है कि रोबोट के जरिए ऑटोमेशन ज्यादा विकसित देशों में होगा, क्योंकि यहां वेतन ज्यादा है, लेकिन इसके विपरीत चीन जैसे विकासशील देश में सबसे ज्यादा ऑटोमेशन हो रहा है।

रोबोटिक्स को प्राथमिकता

रिपोर्ट में प्रमुख कंपनियों के शोध और वैश्विक विशेषज्ञों की इनसाइट्स शामिल हैं। चीन में रोबोटिक्स का उत्पादन और तैनाती दर तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि चीनी सरकार ने रोबोटिक्स उद्योग को प्राथमिकता दी है। अमेरिकी थिंक टैंक रिपोर्ट में बताया गया है कि, चीन पहले से ही दुनिया का सबसे बड़ा औद्योगिक रोबोट बाजार है। 2022 में, दुनिया के सभी औद्योगिक रोबोटों में से 52 प्रतिशत चीन में स्थापित किए गए, जो एक दशक पहले 14 प्रतिशत से अधिक था।

इन देशों में सबसे ज्यादा हो रहे इस्तेमाल

इंसानों के कार्य में मदद के लिए सबसे अधिक चीन, जापान और दक्षिणी कोरिया में रोबोट का इस्तेमाल हो रहा है। इनमें भी चीन रोबोट के इस्तेमाल में सबसे आगे है। वहीं अगर भारत की बात की जाए तो फिलहाल औद्योगिक क्षेत्र से लेकर घरेलू जरूरतों तक में रोबोट की भागीदारी बहुत अधिक नहीं हैं। इसलिए रोबोटिक में निवेश भी बहुत उल्लेखनीय नहीं है, लेकिन कम भी नहीं है।

क्यों बढ़ रही मांग

दरअसल टेक्नोलॉजी के विकास के साथ ऑटोमेटिक मशीनें इंसानों की पसंदीदा बनती जा रही हैं, क्योंकि इनसे न केवल काम आसान होता है बल्कि समय की भी बचत हो रही है। इसके अलावा विकसित देशों में खास तौर पर ह्यूमन लेबर की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ है। साथ ही कोविड महामारी के बाद बदले परिदृश्य में सुरक्षा चिंताएं भी एक ऐसा कारण हैं।

एक नजर

राजौरी में एलओसी के पास पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षाबलों ने 34 साल के एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तानी घुसपैठिया रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था लेकिन जवानों ने उसे पकड़ लिया। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के निवासी मोहम्मद नदीम नौशेरा सेक्टर में सीमा पार करने के प्रयास में था, लेकिन सेना ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठ के इरादे का पता लगाने के लिए नदीम से पूछताछ की जा रही है।

बेंगलुरु। डोसा एक ऐसा व्यंजन है, जिसकी शुरूआत तो दक्षिण भारत से हुई। लेकिन आज इसको देश भर में पसंद किया जाता है। आम तौर पर दुकानों में डोसा प्लेट या थाली के साइज का ही मिलता है, लेकिन राजधानी बेंगलुरु में 70 से ज्यादा शेफों ने मिलकर 123 फीट लंबा डोसा तैयार किया है। बोम्मसंद्रा में एमटीआर के शताब्दी वर्ष के अवसर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयार किया है।

मुंबई हवाई अड्डे पर 1.72 करोड़ रुपये का सोना बरामद

मुंबई। मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पांच अलग-अलग मामलों में 1.72 करोड़ रुपये का 2.9 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को बरामदगी की गई है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग मामलों में, दुबई से यात्रा कर रहे दो विदेशी नागरिकों के कब्जे से 1,520 ग्राम सोना जब्त किया, जबकि जेद्दा से दो भारतीयों ने खजूर के अंदर 815 ग्राम वजन के सोने के टुकड़े छुपाए थे और इसे अपने सामान में ले जा रहे थे। वहीं दुबई और बैंकॉक आए दो भारतीयों को सोने के साथ पकड़ा गया।

नेपाल के जंगलों में लगी आग तीन बच्चों की मौत, कई घर खाक

काठमांडू। पूर्वी नेपाल में शनिवार को जंगल में आग लगी गई। आग की लपटों ने रिहायशी इलाकों को भी चपेट में ले लिया, जिससे तीन बच्चों की मौत हो गई और कई घर जलकर खाक हो गए। पुलिस ने कहा-घटना नेपाल के भोजपुर जिले की है। घर में खेल रहे तीन बच्चों (उम्र तीन, पांच और सात साल) की मौत हो गई। जंगल की आग मानव बस्तियों तक फैल गई, छह घर जलकर खाक हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि आग से छह घर और 10 गौशालाएं भी जलकर नष्ट हो गई हैं।

राम मंदिर और सीएए के जिक्र पर यूएन में पाकिस्तान को फटकारा

रूचिरा बोलीं- दुनिया प्रगति कर रही है, पाकिस्तान एक मुद्दे पर ही फंसा है

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा। इस्लामोफोबिया मसौदा प्रस्ताव से दूरी बनाते हुए भारत ने कहा, केवल एक धर्म के बजाय हिंदू, बौद्ध, सिख और हिंसा व भेदभाव का सामना करने वाले अन्य धर्मों के खिलाफ धार्मिक भय की व्यापकता को भी स्वीकार किया जाना चाहिए।

दरअसल, संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज उस समय भड़क गईं जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामाबाद के उच्चायुक्त ने अयोध्या में राम मंदिर और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का हवाला दिया। गौरतलब है, 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार को पाकिस्तान ने 'इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय' प्रस्ताव को पेश किया था, जिसके पक्ष में 115 देशों ने मतदान किया था। जबकि भारत, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूक्रेन और ब्रिटेन सहित 44 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। 115 वोट पक्ष में पड़ने के बाद प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया था। इसी दौरान पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने अयोध्या में राम मंदिर और सीएए को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिसका संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा, 'एक प्रतिनिधिमंडल और उसके द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में सिर्फ यह ही कहा जा सकता है कि यह गलत रिकॉर्ड है। जहां पूरी दुनिया प्रगति कर रही है, वहीं पाकिस्तान एक मुद्दे पर ही फंस गया है।

पाकिस्तान पर तीखे वार

पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि ने अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक के साथ-साथ नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के कार्यान्वयन का भी उल्लेख किया था। कंबोज ने कहा, मेरे देश से संबंधित मामलों पर इस प्रतिनिधिमंडल के सीमित और गुमराह दृष्टिकोण को देखना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर जब महासभा एक ऐसे मामले पर विचार करती है जो पूरी सदस्यता से ज्ञान, गहराई और वैश्विक दृष्टिकोण की मांग करता है। शायद इस प्रतिनिधिनंडल के पास ज्ञान नहीं है।

पाकिस्तान के इस्लामोफोबिया प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

दुनियाभर में धार्मिक भय बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और कनाडा जैसे देशों में हिंदुओं के प्रति घृणा अपराध बढ़ रहे हैं। ऐसे में, पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में इस्लामोफोबिया पर एक प्रस्ताव पेश किया, जिससे चीन ने सहमति जताई। हालांकि, भारत ने कड़ा रुख अपनाया और इस प्रस्ताव का हिस्सा नहीं बनने का फैसला लिया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि सिर्फ एक धर्म की बात न करके बल्कि हिंसा तथा भेदभाव का सामना कर रहे अन्य सभी धर्मों की भी बात की जाए और प्रस्ताव रखा जाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने यहूदी विरोधी, ईसाई धर्म से घृणा और इस्लाम से भय के खिलाफ सभी कृत्यों की निंदा की।

ओवैसी ने सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के मुद्दे पर एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए उन्होंने सीएए के कार्यान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है।

इस दौरान ओवैसी ने एनआरसी का मुद्दा भी उठाया है। ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि सीएए का एनआरसी के साथ गलत गठजोड़ है। एनआरसी के जरिए भारतीय मुसलमानों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। याचिका में ओवैसी ने कहा कि कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6बी के तहत नागरिकता का दर्जा देने की मांग करने वाले किसी भी आवेदन पर सरकार द्वारा विचार या कार्रवाई नहीं की जाए। सीएए को अधिसूचित किये जाने के बाद ओवैसी ने कहा था कि धर्म के आधार पर कोई कानून नहीं बनाया जा सकता और इसपर सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णय भी हैं।

चुनाव से पहले भारत-ब्रिटेन 14वीं एफटीए वार्ता बेनतीजा संपन्न

लंदन, एजेंसी

- लोकसभा चुनाव के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर होगा फैसला

भारत और ब्रिटेन के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत थम गई है। दरअसल भारत में लोकसभा चुनाव की तारीखों का शनिवार को एलान हो गया है, जिसके साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। ऐसे में दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर 14 दौर की वार्ता के बाद रुकने का फैसला किया है और अब लोकसभा चुनाव के बाद ही इस दिशा में कोई फैसला हो सकेगा।

ब्रिटिश अधिकारियों ने बताया कि बातचीत थमने का पहले से ही अनुमान था क्योंकि भारत में आम चुनाव होने हैं और अब चुनाव के बाद ही मुक्त व्यापार समझौते पर आगे कोई औपचारिक बातचीत हो सकती है। भारत और ब्रिटेन के बीच जनवरी 2022 में मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हुई थी।

एक अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों में से कोई भी समझौते से पीछे हटने के मूड में नहीं हैं, लेकिन अभी तक समझौता न होने की वजह ये है कि हमें अभी तक वो डील नहीं मिली है, जिस पर दोनों पक्षों में सहमति बन सके। दोनों पक्षों के मध्यस्थों ने बीते कुछ वर्षों में समझौते को लेकर कड़ी मेहनत की है और कई मुद्दों पर हमारे बीच सहमति बन भी गई है। हालांकि अभी माल, सेवाएं और निवेश पर सहमति बननी बाकी है। इस हफ्ते की शुरुआत में पीएम मोदी और ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक के बीच फोन पर बातचीत भी हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों ने समझौते को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई थी।

एक ब्रिटिश अधिकारी ने बताया कि भारत और ब्रिटेन में महत्वकांक्षी व्यापार समझौते को लेकर लगातार काम कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कई मुद्दों पर आपसी सहमति नहीं बन पाई है। हम इसे लेकर साफ हैं कि जब तक समझौता निष्पक्ष, संतुलित और ब्रिटेन के लोगों और हमारी अर्थव्यवस्था के हित में होना चाहिए।

चुनाव की तैयारियों को लेकर सोशल मीडिया कंपनियों से मांगा ब्योरा

वाशिंगटन। भारत में आम चुनावों को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। इसी कड़ी में अमेरिका के एक सांसद ने सोशल मीडिया कंपनियों से पूछा है कि भारत में होने वाले चुनाव के लिए क्या कुछ तैयारी की हैं। दरअसल, मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अफवाहें और गलत जानकारी को बढ़ाने का एक लंबा इतिहास रहा है।

अमेरिकी चुनावों पर निगरानी रखने वाली सीनेट की खुफिया एवं नियम समिति के सदस्य सांसद माइकल बेनेट ने सोशल मीडिया कंपनियों को एक पत्र लिखा है। इन कंपनियों से भारत सहित विभिन्न देशों में चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी मांगी गई है।

अंगारों पर आस्था का ज्वार...

चिक्कमगलुरु: देश में मंदिरों से हिन्दू अनुयायियों की कई प्रकार की मान्यताएं और गहरी आस्थाएं जुड़ी हुई है। ऐसी ही आस्था कर्नाटक के चिक्कमगलुरु जिले में नेम-निष्ठा के साथ शनेश्वर मंदिर में पूजा की जाएगी। शनिवार को कंदोत्सव के दौरान भक्तों ने शनेश्वर भगवान को कंधों पर रखकर नंगे पैर दहकते अंगारों में चल कर अपनी भक्ति का परिचय दिया। यह पूजा पिछले कई वर्षों से अनवरत हो रही है। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। यहां बच्चे-बूढ़े, महिलाएं-पुरुष, सभी अंगारों पर नंगे पैर चलकर भगवान के दर्शन करते हैं।

किसान आंदोलन के जरिए अराजकता फैलाने का हो रहा प्रयास: आरएसएस

नागपुर, एजेंसी

- अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में आरएसएस की टिप्पणी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव से पहले किसान आंदोलन के जरिए अराजकता फैलाने का फिर से प्रयास किया जा रहा है। इसके जरिए पंजाब में अलगाववादी आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा है।

आरएसएस ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में सैकड़ों माताओं और बहनों के खिलाफ किए गए अत्याचारों ने पूरे समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। संघ ने मणिपुर हिंसा पर भी चिंता जताई और कहा कि इसने समाज के दो वर्गों 'मैतेई और कूकी' के बीच अविश्वास पैदा किया है। महासचिव दत्तात्रेय होसबोले द्वारा प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में ये टिप्पणियां की गई हैं। बता दें, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नागपुर में अपनी प्रतिनिधि सभा की मेजबानी कर रहा है। यह संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। रिपोर्ट के समापन हिस्से 'नेशनल सीन' में देश की विभिन्न घटनाओं के बारे में बात की गई है। उन्होंने कहा कि साल 2024 अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए हमेशा जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 एक ऐतिहासिक तारीख है।

किसानों के आंदोलन पर आरएसएस ने कहा, 'पंजाब में अलगाववादी आतंकवाद फिर पैर पसारने लगा है। किसानों के आंदोलन के बहाने, विशेष रूप से पंजाब में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अराजकता फैलाने के प्रयासों को फिर से शुरू किया गया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन नहीं करेंगे पेंस

वाशिंगटन। अमेरिका के दोबारा राष्ट्रपति बनने के प्रयास में जुटे डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगियों का विरोध कम नहीं हो रहा। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा कि वह नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन नहीं करेंगे।

माइक पेंसकहा, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि मैं इस वर्ष डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन नहीं करूंगा। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्याशी बनने की दौड़ में पेंस भी ट्रंप को चुनौती देने वालों में शामिल थे, लेकिन पिछले वर्ष अक्टूबर में वह पीछे हट गए थे। उनके बयान से स्पष्ट है कि पूर्व ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारी ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के प्रयास का समर्थन नहीं कर रहे हैं।

भारतीय नौसेना ने 3 माह पहले अपहरण हुए जहाज को छुड़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- 17 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाया, 35 डाकुओं ने किया आत्मसमर्पण

भारतीय नौसेना समुद्री लुटेरों के हर प्रयास को विफल कर रही है। नौसेना ने सोमालिया के पूर्वी तट पर जहाजों के अपहरण के समुद्री डाकुओं के एक और प्रयास को विफल किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि समुद्री डाकू उस जहाज पर सवार थे, जिसका लगभग तीन माह पहले अपहरण कर लिया गया था।

लुटेरे जहाज पर सवार होकर किसी दूसरे जहाज को अपना शिकार बनाने के प्रयास में थे। नौसेना ने जहाज को घेर कर सवार 35 डाकुओं का आत्मसमर्पण कराया, 17 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला गया है। साथ ही अवैध हथियारों, गोला-बारूद और प्रतिबंधित सामग्री की बरामद की है। नौसेना ने कहा- एमवी रुएन जहाज का 14 दिसंबर को सोमालिया के समुद्री लुटेरों ने अपहरण कर लिया था। भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत ने 15 मार्च को इस जहाज का पीछा किया। नौसेना ने बताया कि इस दौरान जहाज से युद्धपोत पर गोलीबारी की गई। भारतीय युद्धपोत ने भी आत्मरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार कार्रवाई की।

विज्ञान टेक्सास में चल रहे 55वें चंद्र व ग्रह विज्ञान सम्मेलन के दौरान हुआ खुलासा

मंगल की धरती पर सक्रिय ज्वालामुखी की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: लालग्रह मंगल आज भी भूगर्भीय दृष्टि से सुरक्षित नहीं है। नई खोज में मंगल की समतल भूमि में छिपा हुआ सक्रिय ज्वालामुखी का पता चला है। यह खोज भविष्य में मंगल की धरती पर मानव अन्वेषण के लिए उपयोगी होगी।

यह विशाल ज्वालामुखी मंगल के भूमध्य रेखा के ठीक दक्षिण में, पूर्वी नोक्टिस लेबिरिंथस व वैलेस मेरिनेरिस के पश्चिम की एक विशाल घाटी में है। इस क्षेत्र से लगे तीन और ज्वालामुखी क्षेत्र हैं। जिनका पता वैज्ञानिक पहले ही लगा चुके थे। नई खोज से यह जानकारी भी मिली है कि इस क्षेत्र में दबा हुआ बर्फ का ग्लेशियर भी हो सकता है। इस खोज का खुलासा टेक्सास में चल रहे 55वें चंद्र व ग्रह विज्ञान सम्मेलन के दौरान किया गया। नासा के मेरिनर 9, वाइकिंग ऑर्बिटर 1 व 2, मार्स ग्लोबल सर्वेयर, मार्स ओडिसी, और मार्स रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर मिशन के साथ-साथ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस मिशन के डेटा के जरिए यह खोज संभव हो सकी। खोजकर्ता मैरीलैंड विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के स्नातक छात्र सौरभ शुभम के अनुसार मंगल का यह क्षेत्र इतिहास के लंबे समय तक फैले विभिन्न प्रकार के हाइड्रेटेड खनिजों के लिए जाना जाता है। यह खोज मंगल की धरती पर मानव अन्वेषण के लिए उपयोगी है। भविष्य में कई मानव मिशन मंगल में चलाए जाएंगे। जिस कारण मंगल की सतह और भूगर्भ की जानकारी बेहद जरूरी है। मंगल की अंजान निर्जीव धरती की हर जानकारी का पता होना बेहद जरूरी है।

मंगल ग्रह का मानचित्र।

450 किलोमीटर व्यास का है ज्वालामुखी, 9 हजार ऊंचाई

खोजा गया नया विशाल ज्वालामुखी व्यास लगभग 450 किलोमीटर है और इसकी ऊंचाई लगभग 9,022 मीटर है। दूसरे ग्रहों पर जीवन की तलाश में जुटी नासा की संस्था सेटी इंस्टीट्यूट का कहना है कि ज्वालामुखी वाला यह क्षेत्र बेहद रोमांचक है। इस स्थान में भविष्य के रोबोटिक कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। पृथ्वी से अलग जीवन की खोज करने वाले लोगों के लिए आरसिया मोन्स अगला पड़ाव हो सकता है।

आर्थिक रूप से तंग पाकिस्तान भारत के लिए अभी भी खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीडीएस अनिल चौहान ने कहा पड़ोसी देश भले ही बदहाल हो लेकिन सैन्य क्षमताओं में कमी नहीं

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान भले ही आर्थिक रूप से बदहाल हो, लेकिन अभी भी उसकी सेना हमारे लिए खतरा है। पाकिस्तानी सेना की क्षमताओं में कोई कमी नहीं आई है। साथ उन्होंने यह भरोसा दिया कि हमारी सेना अपनी सीमाओं की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है।

सीडीएस ने कहा कि हम अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम हैं। जहां तक सुरक्षा बलों की बात है, हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती चीन का उभार और चीन के साथ सीमा विवाद है। हमारे दोनों पड़ोसी हैं, जिनके साथ हमारे मतभेद हैं। दोनों की गहरी दोस्ती है और दोनों देश हिमालय से ऊंची और समुद्र से गहरी दोस्ती का दावा करते हैं और वे परमाणु शक्ति संपन्न देश भी हैं। पाकिस्तान को लेकर बोले, भले ही पाकिस्तान आर्थिक रूप से कमजोर और राजनीतिक तौर पर अस्थिर हो सकता है, लेकिन वास्तव में वहां की सेना की क्षमताओं में कोई कमी नहीं आई है। इसलिए पाकिस्तान खतरा बना हुआ है। आप यह नहीं कह सकते हैं कि पाकिस्तानी सुरक्षा बल खतरा नहीं होंगे। जनरल चौहान ने बताया कि जहां तक सीमा का सवाल है तो वे पूरी तरह सुरक्षित हैं।